खबरों के 67 साल, खबरें लगातार, ई पेपर - www.deshbandhump. com
पत्र नहीं मित्र
संपर्क करें ➛ jabdesh1@yahoo.com

# देशबन्धु

जबलपुर, मंगलवार 10 अक्टूबर 2023 । वर्ष –67 । अंक –331 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 3.00 रु.

ICC CRICKET WORLD CUP INDIA 2023

**आज के मैच**
इंग्लैंड विरुद्ध बांग्लादेश
समय - 10.30 सुबह
पाकिस्तान-श्रीलंका
समय- 2.00 दोपहर

■ बेहद अहम् हैं ये ...
■ अघोषित इमरजेंसी या... 04
■ इजराइल में म्यूजिक फेस्टीवल स्थल पर...
■ अमेरिका : हथियारबंद संदिग्ध ने भारतीय... 09
■ शेयर बाजार पर फूटा इजरायल- हमास...
■ सोन 300 रुपये मजबूत हुआ, चांदी में... 11
■ स्टार्क, वार्नर और कोहली...
■ भारत विश्वकप जीतने के... 10

## विधानसभा चुनावों का ऐलान

# पांच राज्यों में 55 दिन बाद नई सरकार

## मप्र में 17 नवंबर, छत्तीसगढ़ में 7 और 17 , राजस्थान में 23 , मिजोरम में 7 और तेलंगना में 30 नवंबर को मतदान



- इन पांच राज्यों में 60.2 लाख नए मतदाता जुड़े
- पुरुष मतदाता-8.2 करोड़
- महिला मतदाता-7.8 करोड़
- कुल विधानसभा सीटों की संख्या 679
- सभी राज्यों में चुनाव आचार संहिता लागू हुई
- बुजुर्गों को घर से मतदान करने की सुविधा
- 17 अक्टूबर को मतदाता सूची जारी होगी
- 1.77 लाख मतदान केंद्र स्थापित किए जाएंगे

## 3 दिसम्बर को मतगणना

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान हो चुका है। सोमवार को घोषित कार्यक्रम के अनुसार, मध्य प्रदेश में 17 नवंबर, राजस्थान में 23 नवंबर, छत्तीसगढ़ में 7 और 17 नवंबर, तेलंगाना में 30 नवंबर और मिजोरम में 7 नवंबर को चुनाव होने जा रहे हैं। आयोग ने बताया कि मतगणना 3 दिसंबर को होगी।

फिलहाल, हिंदी पट्टी के तीनों राज्यों में भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस के बीच सीधा मुकाबला नजर आ रहा है। एमपी, राजस्थान, मिजोरम और तेलंगाना में एक चरण में चुनाव होने वाले हैं। जबकि, छत्तीसगढ़ में चुनाव दो चरणों में पूरे होंगे।

सभी राज्यों में मौजूदा सरकारों का कार्यकाल दिसंबर 2023 से जनवरी 2024 के बीच खत्म हो रहा है। एमपी में 230 सीटों पर चुनाव होंगे। जबकि, राजस्थान में 200, तेलंगाना में 119, छत्तीसगढ़ में 90 और मिजोरम में 40 सीटों पर चुनाव होंगे। मुख्य



चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने जानकारी दी है कि इन पांच राज्यों में 60.2 लाख नए मतदाता जुड़े हैं।पुरुष मतदाताओं की संख्या 8.2 करोड़ और महिला वोटर 7.8 करोड़ हैं। सभी राज्यों को मिलाकर कुल विधानसभा सीटों की संख्या 679 है।

उन्होंने बताया कि पांचों राज्यों में 1.77 लाख पोलिंग स्टेशन होंगे। सीईसी का कहना है कि 17 अक्टूबर को वोटर लिस्ट प्रकाशित की जाएगी। बुजुर्ग मतदाताओं को घर से ही मतदान करने की सुविधा

> आपराधिक पृष्ठभूमि वालों को तीन बार अखबारों में अपनी जानकारी देनी होगी। वहीं राजनीतिक दलों को भी बताना पड़ेगा कि ऐसे प्रत्याशियों को टिकट देने के अलावा उनके पास कोई विकल्प नहीं था।
> – राजीव कुमार, मुख्य चुनाव आयुक्त

मिलेगी। हालांकि, इसके लिए उन्हें एक फॉर्म भरना होगा।

**आदिवासियों के लिए विशेष मतदान केंद**–मुख्य चुनाव आयुक्त ने बताया कि इस बार बुजुर्गों को घर से ही मतदान करने की सुविधा होगी। आदिवासियों के लिए विशेष मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। इसके साथ ही कोई भी मतदान केंद्र दो किलोमीटर से अधिक की दूरी पर नहीं होगा। उन्होंने कहा कि आपराधिक पृष्ठभूमि वालों को तीन बार अखबारों में अपनी जानकारी विज्ञापित करानी होगी। वहीं राजनीतिक दलों को भी ➤➤शेष पृष्ठ 2 पर

**मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव**

| 2018 के नतीजे | | | | मौजूदा स्थिति | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कांग्रेस | 114 | सपा | 1 | भाजपा | 127 | बसपा | 2 |
| भाजपा | 109 | निर्दलीय | 4 | कांग्रेस | 96 | निर्दलीय | 4 |
| बसपा | 2 | | | | | सपा | 1 |

**छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव**

| 2018 के नतीजे | | | | मौजूदा स्थिति | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कांग्रेस | 68 | जेसीसी | 5 | कांग्रेस | 71 | जेसीसी | 3 |
| भाजपा | 15 | बसपा | 2 | भाजपा | 13 | बसपा | 2 |
| | | | | | | *एक सीट रिक्त है | |

**राजस्थान विधानसभा चुनाव**

| 2018 के नतीजे | | | | मौजूदा स्थिति | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| कांग्रेस | 99 | माकपा | 2 | कांग्रेस | 108 | माकपा | 2 |
| भाजपा | 73 | बीटीपी | 2 | भाजपा | 70 | बीटीपी | 2 |
| बसपा | 6 | रालोद | 1 | रालोपा | 3 | रालोद | 1 |
| रालोपा | 3 | निर्दलीय | 13 | निर्दलीय | 13 | *एक सीट रिक्त है | |

**मिजोरम विधानसभा चुनाव**

| 2018 के नतीजे | | | | मौजूदा स्थिति | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| एमएनएफ | 26 | भाजपा | 1 | एमएनएफ | 28 | भाजपा | 1 |
| कांग्रेस | 5 | निर्दलीय | 8 | कांग्रेस | 5 | निर्दलीय | 5 |
| | | | | जेडपीएम | 1 | | |

**तेलंगाना विधानसभा चुनाव**

| 2018 के नतीजे | | | | मौजूदा स्थिति | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| टीआरएस | 88 | टीडीपी | 2 | टीआरएस | 101 | कांग्रेस | 5 |
| कांग्रेस | 19 | भाजपा | 1 | फॉरवर्ड ब्लॉक | 1 | भाजपा | 3 |
| फॉरवर्ड ब्लॉक | 1 | निर्दलीय | 1 | एआईएमआईएम | 7 | निर्दलीय | 1 |
| एआईएमआईएम | 7 | | | | | *एक सीट रिक्त है | |

**मध्य प्रदेश : कुल सीटें 230 बहुमत-116**

| | |
|---|---|
| अधिसूचना | 21 अक्तूबर |
| नामांकन की आखिरी तारीख | 30 अक्तूबर |
| नामांकन पत्रों की जांच | 31 अक्तूबर |
| नाम वापसी की आखिरी तारीख | 2 नवंबर |
| मतदान | 17 नवंबर |



**छत्तीसगढ़ : कुल सीटें 90 बहुमत-45**

| | पहला चरण | दूसरा चरण |
|---|---|---|
| सीटें | 20 | 70 |
| अधिसूचना | 13 अक्तूबर | 21 अक्तूबर |
| नामांकन की आखिरी तारीख | 20 अक्तूबर | 30 अक्तूबर |
| नामांकन पत्रों की जांच | 21 अक्तूबर | 31 अक्तूबर |
| नाम वापसी की आखिरी तारीख | 23 अक्तूबर | 2 नवंबर |
| मतदान | 7 नवंबर | 17 नवंबर |



**राजस्थान : कुल सीटें 200, बहुमत-101**

| | |
|---|---|
| अधिसूचना | 30 अक्तूबर |
| नामांकन की आखिरी तारीख | 6 नवंबर |
| नामांकन पत्रों की जांच | 7 नवंबर |
| नाम वापसी की आखिरी तारीख | 9 नवंबर |
| मतदान | 23 नवंबर |



**मिजोरम : कुल सीटें 40 बहुमत-21**

| | |
|---|---|
| अधिसूचना | 13 अक्तूबर |
| नामांकन की आखिरी तारीख | 20 अक्तूबर |
| नामांकन पत्रों की जांच | 21 अक्तूबर |
| नाम वापसी की आखिरी तारीख | 23 अक्तूबर |
| मतदान | 7 नवंबर |



**तेलंगाना : कुल सीटें119 बहुमत-60**

| | |
|---|---|
| अधिसूचना | 3 नवंबर |
| नामांकन की आखिरी तारीख | 10 नवंबर |
| नामांकन पत्रों की जांच | 13 नवंबर |
| नाम वापसी की आखिरी तारीख | 15 नवंबर |
| मतदान | 30 नवंबर |



**सार संक्षेप**

### सिक्किम में सेना ने 200 लोगों को बचाया

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने सिक्किम के बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत व बचाव के लिए बड़ा अभियान शुरू किया है। सेना बाढ़ के बाद कटे हुए गांवों को फिर से जोड़ने के लिए बड़े पैमाने पर अभियान चला रही है। उसका फोकस चुंगथांग के जरिए उत्तरी सिक्किम से संपर्क बहाल करने पर है, जो विनाशकारी बाढ़ के दौरान सबसे अधिक प्रभावित हुआ है। सेना ने कठिन इलाकों से गुजरते हुए एक चुनौतीपूर्ण अभियान चलाया और चुंगथांग के उत्तर पश्चिम में राबोम के अलग-थलग गांवों तक पहुंचे और 150-200 लोगों को बचाया।

**सूचना**

**सुधि पाठकों के लिए देशबन्धु अखबार का ई–पेपर**
epaper.deshbandhump.com
**वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।**

**बिरादरी की बात**

**चूहा–सुनती हो**– सरकार ने मोटे अनाज के खुले आटे को टैक्स फ्री कर दिया है।
**चुहिया– हां प्रिये**– तुम तो महंगाई की बात करो, जो हर रोज गरीबी में आटा गीला कर रही है।

## विधानसभा चुनाव : भाजपा ने तीन राज्यों के उम्मीदवारों की सूची की जारी

# मध्यप्रदेश में चौथी सूची में 57 प्रत्याशी, शिवराज बुधनी से मैदान में

- राजस्थान में 7 सांसदों को चुनाव में उतारा
- डॉ रमन सिंह राजनांदगांव से लड़ेंगे चुनाव

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के कार्यक्रम की घोषणा के कुछ घंटे बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मध्य प्रदेश के 57 उम्मीदवारों की चौथी, छत्तीसगढ़ के 64 उम्मीदवारों की दूसरी और राजस्थान के 41 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी कर दी। पार्टी ने सोमवार को यहां कहा कि गत एक अक्टूबर को भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा की अध्यक्षता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में हुई पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति की बैठक में तीनों राज्यों के इन उम्मीदवारों के नामों को मंजूरी दी थी। राजस्थान में 7 सांसदों को उतारा गया है।

भाजपा ने राजस्थान को लेकर जारी अपनी पहली लिस्ट में पूर्व केंद्रीय मंत्री और सांसद राज्यवर्धन सिंह राठौड़ को झोटवाड़ा विधान सभा सीट से, लोक सभा सांसद दिया कुमारी को विद्याधर नगर से और लोक सभा सांसद बाबा बालकनाथ को तिजारा विधान सभा सीट सहित अपने सात सांसदों को विधायकी के चुनाव में उतार दिया है। अन्य सांसदों की बात करें तो भाजपा ने नरेंद्र कुमार को मंडावा, किरोड़ी लाल मीणा को सवाई माधोपुर, भागीरथ चौधरी को किशनगढ़ और देवजी पटेल को सांचोर विधानसभा सीट से उम्मीदवार घोषित किया है।



**विंध्य में इन्हें उतारा मैदान में**

रीवा – राजेंद्र शुक्ला
मऊगंज – प्रदीप पटेल
देवतालाब –गिरीश गौतम
सिरमौर – दिव्यराज सिंह
रामपुर बघेलान – विक्रम सिंह
चुरहट – शरतेंदु तिवारी
अनुपपुर– बिसाहूलाल सिंह
मानपुर– मीना सिंह
जैतपुर– जय सिंह मरावी
जयसिंहनगर– मनीषा सिंह

मध्य प्रदेश में भाजपा ने चौथी लिस्ट जारी कर दी है। पहली सूची में 57 उम्मीदवारों के नाम घोषित किए गए हैं। शिवराज सिंह बुधनी से ही चुनाव लड़ेंगे तो उनके गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा दतिया से उम्मीदवार हैं।

अटेर से अरविंद सिंह भदौरिया, ग्वालियर से प्रद्युमन सिंह तोमर, रेहली से गोपाल भार्गव, सागर से शैलेंद्र जैन, मल्हारा से प्रद्युमन सिंह लोधी, देवतालाब से गिरीश गौतम, रीवा से राजेंद्र शुक्ल, विजय राघोगढ़ से सतेंद्र पाठक और पाटन से अजय विश्नोई को टिकट मिला है। दिग्गजों में बिसाहूलाल सिंह को अनूपपुर से टिकट दिया गया है।

जबकि विश्वास सारंग नरेला से चुनाव मैदान में उतरेंगे। देवास सीट श्रीमति गायत्री राजे पवार के खाते में गई है। कृष्णा गौर को गोविंदपुरा से टिकट दिया गया है। वहीं मालिनी लक्ष्मण सिंह गौड़ इंदौर-4 से चुनाव मैदान में उतरेंगी।

सूत्रों का कहना है कि भाजपा की अंतिम सूची भी जल्द जारी हो सकती है। इसे दिल्ली में अंतिम रूप दिया जा रहा है। कहा जा रहा है कि कुछ मंत्रियों और विधायकों को मैदान से बाहर का रास्ता दिखाया जा सकता है।

## भाजपा की चौथी सूची में इन प्रत्याशियों की घोषणा

अटेर- डॉ अरविंद सिंह भदौरिया, ग्वालियर ग्रामीण-भरत सिंह कुशवाह, ग्वालियर- प्रदधुमन सिंह तोमर, दतिया-डॉ. नरोत्तम मिश्रा, खुरई- भूपेन्द्र सिंह, सुरखी-गोविंद सिंह राजपूत, रेहली-गोपाल भार्गव, नरयावली (अजा)- इंजिनियर प्रदीप लारिया, सागर- शैलेन्द्र जैन, खरगापुर-राहुल सिंह लोधी, मलहरा-कुंवर प्रदधुमन सिंह लोधी, पन्ना-बृजेन्द्र प्रताप सिंह, रामपुर-बघेलान- विक्रम सिंह, सिरमौर-दिव्यराज सिंह, मऊगंज-प्रदीप पटेल, देवतालाब-गिरीश गौतम, रीवा-राजेन्द्र शुक्ल, चुरहट-शरदेन्दु तिवारी, जयसिंहनगर (अजजा)-श्रीमती मनीषा सिंह, जैतपुर (अजजा)-जयसिंह मरावी, अनूपपुर (अजजा)-बिसाहूलाल सिंह, मानपुर (अजजा)-कुमारी मीना सिंह मांडवे, विजय राघवगढ़-संजय सत्येन्द्र पाठक, मुड़वारा-संदीप श्रीप्रसाद जायसवाल, पाटन-अजय विश्नोई, जबलपुर छावनी- अशोक रोहाणी, पनागर-सुशील कुमार तिवारी, परसवाड़ा-रामकिशोर कांवरे, सिवनी-दिनेश मुनमुन राय, आमला (अजा)-डॉ योगेश पंडाग्रे, हरदा-कमल पटेल, सोहागपुर-विजयपाल सिंह, सांची (अजा)-डॉ. प्रभुराम चौधरी, सिलवानी-रामपाल सिंह, सिरोंज-उमाकांत शर्मा, बैरसिया (अजजा)-विष्णु खत्री, नरेला-विश्वास सारंग, गोविंदपुरा-श्रीमती कृष्णा गौर, हुजूर-रामेश्वर शर्मा, बुधनी-शिवराज सिंह चौहान, इछावर-करण सिंह वर्मा, सीहोर-सुदेश राय, देवास-श्रीमती गायत्रीराजे पवांर, हाटपिपल्या-मनोज चौधरी, खातेगांव-आशीष गोविंद शर्मा, हरसूदा (अजजा)- डॉ कुंवर विजय शाह, बड़वानी (अजजा)-प्रेमसिंह पटेल, बदनावर-राजवर्धन सिंह प्रेमसिंह दतीगांव, इंदौर-2-रमेश मेंदोला, इंदौर-4-श्रीमती मालिनी लक्ष्मण सिंह गौड़,सांवेर (अजा)-तुलसीराम सिलावट, उज्जैन दक्षिण-डॉ मोहन यादव, रतलाम, शहर - चेतन्य कुमार काश्यप, मंदसौर-यशपाल सिंह सिसोदिया, मल्हारगढ़ (अजा)-जगदीश देवड़ा, सुवासरा-हरदीप सिंह डंग, जावद-ओमप्रकाश सखलेचा।

## गोल्डिन अर्थशास्त्र में नोबेल जीतने वाली तीसरी महिला क्लाउडिया गोल्डिन



**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** रॉयल स्वीडिश एकेडमी ऑफ साइंसेज ने सोमवार को कहा कि अमेरिकी अर्थशास्त्री क्लाउडिया गोल्डिन ने महिलाओं के श्रम बाजार के बारे में लोगों की समझ को आगे बढ़ाने के लिए 2023 का नोबेल अर्थशास्त्र पुरस्कार जीता है। 2009 में एलिनोर ओस्ट्रोम और 2019 में एस्थर डुफ्लो के बाद गोल्डिन इकोनॉमिक साइंस में नोबेल जीतने वाली तीसरी महिला हैं। 1969 से 2022 तक इकोनोमिक साइंस में दिए गए 54 नोबेल पुरस्कारों में से 92 विजेताओं में से केवल 25 को व्यक्तिगत पुरस्कार प्राप्त करने का सम्मान मिला है। आधिकारिक बयान में कहा गया है, इस साल इकोनोमिक साइंस में पुरस्कार विजेता क्लाउडिया गोल्डिन ने सदियों से महिलाओं की कमाई और श्रम बाजार में भागीदारी का पहला व्यापक विवरण प्रदान किया है। उनके शोध से परिवर्तन के कारणों के साथ-साथ लिंग अंतर के मुख्य स्रोतों का पता चलता है। प्रतिष्ठित पुरस्कार इस वर्ष के नोबेल पुरस्कारों में से अंतिम है।

अब फेमटो सेकेण्ड लेजर - विक्टस से
**मोतियाबिंद ऑपरेशन**
मध्य भारत का सबसे आधुनिक
**नया युग**
आधुनिक नेत्र चिकित्सा ब्लेड फ्री, दर्द रहित, बिना इंजेक्शन, बिना पट्टी, बिना भर्ती, कुछ ही मिनटों में उपचार वापस अपने काम पर
**डॉ. पवन स्थापक**-सीधा संपर्क/ जांच एवं ऑपरेशन मोबाईल-9754601010, 9516244894
**जनज्योति सुपर स्पेशिलटी आई हॉस्पिटल, गोलबाजार, जबलपुर**

**A.P.N. C.B.S.E. SENIOR SECONDARY SCHOOL**
Affiliation No.: 1031302
School No.: 51319
An English Medium Co-educational School

**ADMISSIONS OPEN**
**Class: Nursery 12th**
(Science, Commerce & Humanities)
**Call us: 0761-2676370, 9826587200**
Sadar, Jabalpur Cantt, Web: www.apncbseschool.com
E-mail: apncbseschool@gmail.com

**घोषणा** **सीडब्ल्यूसी की बैठक के बाद कांग्रेस ने की घोषणा**

# कांग्रेस शासित सभी राज्यों में होगी जातीय जनगणना

- भाजपा पर जातीय जनगणना के लिए दबाव बनाएंगे
- कमेटी में 4 घंटे तक जातीय जनगणना पर हुई चर्चा

**नई दिल्ली।** अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस ने जातीय जनगणना के मुद्दे पर प्रमुखता से आगे बढ़ने का फैसला किया है। सोमवार को कांग्रेस वर्किंग कमेटी में जातीय जनगणना को लेकर सर्वसम्मति बनी। वर्किंग कमेटी की बैठक के बाद राहुल गांधी ने कहा कि समिति ने एक ऐतिहासिक फैसला लिया है। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने साफ किया कि कांग्रेस शासित राज्यों में जातीय जनगणना कराई जाएगी। राहुल गांधी ने कहा कि अब देश जातीय जनगणना चाहता है। राहुल गांधी ने कहा कि वर्किंग



कमेटी में 4 घंटे तक जातीय जनगणना के मुद्दे पर चर्चा हुई।

**हम जो वादा करते हैं, उसे निभाते हैं**–राहुल गांधी ने उम्मीद जताई कि इंडिया गठबंधन के सहयोगी दल इस पर सहमत होंगे। राहुल गांधी ने कहा कि हम जो वादा करते हैं उसे निभाते हैं। कांग्रेस नेता ने कहा कि हम बीजेपी पर जातीय जनगणना के लिए दबाव बनाएंगे। राहुल ने कहा कि अगर वे नहीं करते हैं तो उन्हें पीछे हट जाना चाहिए क्योंकि देश जातिगत जनगणना चाहता है।

**जातिगत जनगणना के बाद आर्थिक सर्वे भी**–राहुल गांधी ने कहा कि जातिगत जनगणना के बाद आर्थिक सर्वे भी कराया जाएगा। राहुल गांधी ने कहा कि सबको न्याय मिले इसके लिए जातिगत जनगणना कराई जाएगी। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि सरकार के पास डाटा है उसे जारी करना चाहिए।

**ओबीसी के लिए काम नहीं करते मोदी**–कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर ओबीसी के लिए काम नहीं करने का आरोप लगाया और कहा कि वह देश के दलितों, आदिवासियों और ओबीसी को उनका हिस्सा नहीं देना चाहते हैं इसलिए जाति जनगणना नहीं करवा रहे हैं। उनका कहना था कि देश के विभिन्न संस्थानों में आदिवासी, दलित, ओबीसी कितना है इसकी जनगणना होनी जरूरी है और उनकी आर्थिक हैसियत क्या है इसका भी सर्वे कराया जाना चाहिए।

# देश-प्रदेश

**उवाच**

**फिलिस्तीन के लोगों की समस्या का होना चाहिए समाधान**

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** सोमवार को कांग्रेस कार्य समिति की बैठक में इजरायल की सेना और हमास के बीच चल रही खतरनाक लड़ाई को तत्काल खत्म करने का आह्वान किया गया। साथ ही पार्टी की ओर से फिलिस्तीन का समर्थन करने की बात करते हुए कहा गया कि कांग्रेस लंबे समय से फिलिस्तीनी लोगों के लिए उनकी जमीन और अधिकारों की पक्षधर रही है। सभी को गर्व के साथ जीने का अधिकार है। कांग्रेस पार्टी की ओर से जारी बयान में कहा गया कि वह तत्कालिक रूप से युद्ध विराम का आह्वान करती है। मौजूदा स्थितियों में दोनों देशो को बैठकर बात करनी चाहिए। बता दें कि एक दिन पहले ही कांग्रेस पार्टी ने इजरायल पर किए गए हमास के हमले की निंदा की थी।



विधानसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के बाद मध्य प्रदेश में आचार संहिता लागू

## राजनीतिक दलों ने चुनाव की तैयारियों को लेकर कसी कमर

**भोपाल, एजेंसियां।** देश के पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव की तारीखों के ऐलान के साथ ही मध्य प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। मध्य प्रदेश में 17 नवंबर को एक ही चरण में मतदान होने के बाद तीन दिसंबर को चुनाव नतीजों के ऐलान के साथ नई सरकार को लेकर स्थिति स्पष्ट हो जाएगी।

निर्वाचन आयोग ने मध्य प्रदेश समेत पांच राज्यों- छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया है। इसके साथ ही राज्य में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है। तारीखों के ऐलान के साथ ही राजनीतिक दलों से लेकर प्रशासनिक मशीनरी ने भी चुनाव की तैयारियों को लेकर कमर कस ली है। राज्य की सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा अब तक कुल 79 सीटों पर अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर चुकी है। पार्टी ने इन सीटों में से कुछ पर अपने दल के दिग्गज नेताओं और केंद्रीय मंत्रियों को विधानसभा चुनाव में उतार कर सबको चौंका दिया है। ये सभी वे सीटें हैं, जिन पर पार्टी को पिछले विधानसभा चुनाव में हार का सामना करना पड़ा था। वहीं कांग्रेस की अब तक कोई सूची सार्वजनिक नहीं हुई है।

इस संबंध में भाजपा के प्रवक्ता पंकज चतुर्वेदी ने कहा कि भाजपा ने मध्य प्रदेश को बीमारु से विकसित तक का सफर तय कराया है। पार्टी ढेर सारी योजनाओं के साथ ही जन आशीर्वाद की कामना के साथ जनता के बीच गई थी, जबकि कांग्रेस जन आक्रोश के साथ जनता के बीच गई। आने वाले विधानसभा चुनाव में भी भाजपा को जनता का पूरा आशीर्वाद मिलने की उम्मीद है। वहीं कांग्रेस के प्रवक्ता के के मिश्रा ने कहा कि आचार संहिता लगने के बाद पूरा विश्वास है कि मध्य प्रदेश में लोकतंत्र और संविधान का सम्मान कायम रहेगा। अपेक्षा है कि लोकतंत्र को मजबूत करने वाले सभी स्तंभ आचार संहिता की भावना के अनुरूप ईमानदारी से काम करेंगे। जहां तक कांग्रेस की सूची की बात है तो वो नवरात्रि में सामने आ जाएगी। राज्य में कुल 230 विधानसभा सीटें हैं। वर्तमान में इनमें से 127 पर भारतीय जनता पार्टी, 96 पर कांग्रेस, दो पर बहुजन समाज पार्टी, एक पर समाजवादी पार्टी और चार पर निर्दलीय विधायकों का कब्जा है।

### मध्य प्रदेश की 230 विधानसभा सीटों के लिए होगा चुनाव

प्रदेश में आम तौर पर चुनाव परिणाम दोनों प्रमुख दलों भाजपा और कांग्रेस पर ही आधारित होते हैं, लेकिन इस बार बसपा, सपा और निर्दलियों के साथ ही आम आदमी पार्टी पर भी सबकी नजरें बनी हुई हैं। राज्य में सामान्य मतदाताओं की संख्या पांच करोड़ 60 लाख 60 हजार 925 हैं, जिसमें पुरुष मतदाता दो करोड़ 88 लाख 25 हजार 607, महिला मतदाता दो करोड़ 72 लाख 33 हजार 945 और थर्ड जेंडर एक हजार 373 हैं। सेवा मतदाताओं की कुल संख्या 75 हजार 304 हैं। इस प्रकार प्रदेश में कुल मतदाता पांच करोड़ 61 लाख 36 हजार 229 दर्ज हुए हैं। राज्य में सबसे कम मतदाता 42 बालाघाट विधानसभा क्षेत्र के सोनेवानी (वनग्राम) मतदान केंद्र में हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में सर्वाधिक वोटर टर्न आउट 89.13 प्रतिशत रतलाम जिले के सैलाना विधानसभा क्षेत्र में और सबसे कम 52.84 प्रतिशत अलीराजपुर के जोबट में रहा। सिवनी के लखनादौन विधानसभा क्षेत्र में सर्वाधिक मतदान केंद्र 407 और सबसे कम 193 इंदौर के इंदौर-3 विधानसभा क्षेत्र में बनाए गए हैं।

सरकार की घोषणाओं पर कांग्रेस ने उठाए सवाल, पूछा-

## कौन-कौन सी घोषणाएं पूरी हुईं



**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा सरकार की घोषणाओं पर कांग्रेस पार्टी ने सवाल उठाए हैं, कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. रागिनी नायक और प्रदेश मीडिया प्रभारी केके मिश्रा ने भाजपा से सवाल पूछा है कि 25 हजार से अधिक घोषणाओं में कौन-कौन सी घोषणाएं पूरी हुई? उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपने पूर्व के 16 वर्षीय कार्यकाल में 22 हजार घोषणाएं की, 2020 में एक खरीदी हुई सरकार के मुखिया होने के बाद 3 जुलाई 2023 तक 2715 घोषणाएं की जो आचार संहिता लगने के वक्त तक जारी थी!

प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता में इन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को यह बताना चाहिए कि इन घोषणाओं में कितनी घोषणाएं जमीन पर दिखाई दीं और यदि नहीं दिखाई दे रही हैं तो क्या यह एक घोषणावीर मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश की जागरुक जनता के साथ किया गया राजनैतिक धोखा और अक्षम्य अपराध नहीं है?

डॉ रागिनी ने मप्र सहित अन्य 4 राज्यों में लागू बहुप्रतिक्षित आदर्श आचार संहिता का स्वागत किया है, इसके साथ ही उन्होंने उम्मीद जाहिर की है कि लोकतंत्र के सभी महत्वपूर्ण स्तंभ अपनी पूर्ण ईमानदारी और निष्पक्षता से आदर्श आचार संहिता का पालन कर प्रदेष में एक संवैधानिक और लोकतांत्रिक सरकार के निर्माण में सहयोग करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि इसके लागू होने के बाद प्रदेश में व्याप्त भ्रष्टाचार, अत्याचार, अनाचार और भय का वातावरण समाप्त होगा।

### निशा की गिरफ्तारी की निंदा

छतरपुर की डिप्टी कलेक्टर निशा बांगरे की गिरफ्तारी की कांग्रेस प्रवक्ता रागिनी ने निंदा करते हुए इसे सरकारी की तानाशाही बताया। उन्होंने कहा कि एक आदिवासी डिप्टी कलेक्टर को केवल अपना त्याग पत्र देने के लिए पुलिस के डंडे खाने पड़ रहे हैं, उनके कपड़े फाड़ दिए गए और बाबा साहब की तस्वीर को भी फाड़ दिया। उन्होंने कहा कि ये सरकार तानाशाही की पराकाष्ठा पर पहुंच गई है। डॉ. रागिनी ने कहा कि 18 साल में प्रदेश में संविधान को लगातार तार-तार कर दिया गया।

केंद्रीय मंत्री यादव ने कहा-

## कड़वे साबित होंगे कांग्रेस के झूठ के पकवान



**भोपाल, देशबन्धु।** केन्द्रीय मंत्री और चुनाव प्रभारी भूपेन्द्र यादव ने कहा कि आने वाले 5 राज्यों के चुनाव में जनता और ओबीसी समाज का समर्थन भाजपा को मिलेगा और जनता के इस समर्थन से कांग्रेस की झूठ की दुकान और झूठ के पकवान कड़वे साबित होंगे। केन्द्रीय मंत्री जातिगत जनगणना के बारे में कांग्रेस के बयान को झूठा बता रहे थे। उन्होंने पत्रकारों से चर्चा में कहा कि जनगणना का कार्य केंद्र सरकार का है। जनगणना से राज्य सरकारों का कोई लेना देना नहीं है। यह हकीकत उन दलों और नेताओं को भी पता है जो जातिगत जनगणना को लेकर बयानबाजी कर रहे हैं, लेकिन कांग्रेस झूठ और भ्रम फैलाने की राजनीति से वह बाज नहीं आ रही है। कांग्रेस का रिकॉर्ड खराब है, उसकी गारंटी झूठी है और सपने हकीकत से दूर हैं। यह बात केंद्रीय मंत्री और मध्यप्रदेश के चुनाव प्रभारी भूपेंद्र यादव ने मीडिया से चर्चा के दौरान कही।

उन्होंने कहा कि भाजपा सामाजिक समरसता और सामाजिक न्याय के सिद्धांत पर विश्वास रखती है। वह समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलने पर विश्वास करती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने बीते 9 सालों में सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय के लिए काम किया है। समाज के सभी वर्ग आज जिस तरह से आगे बढ़ रहे हैं, विकास कर रहे हैं, उसे देखकर कांग्रेस तिलमिला गई है।

यही कांग्रेस जो पहले कहा करती थी कि हमारे सौ रुपये में से 85 रुपये दलालों की जेब में चले जाते हैं, वो आज यह देखकर घबरा रही है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासन में आधार, मोबाइल और जनधन की बदौलत पूरे सौ रुपये गरीबों के पास पहुंच रहे हैं। श्री यादव ने कहा कि देश का ओबीसी समाज यह जानता है कि प्रधानमंत्री सबके हैं और सबके साथ न्याय करते हैं। उन्होंने कहा कि इसलिए मैं कहना चाहूंगा कि राहुल गांधी झूठ की राजनीति बंद करिए, झूठे सपने देखना बंद करिए और देश की हकीकत को पहचानिए, आज ओबीसी समाज भाजपा के साथ खड़ा है।

## राष्ट्रीय डाक सप्ताह आज से, विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे

**भोपाल, देशबन्धु।** विश्व डाक दिवस पर राष्ट्रीय डाक सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। 10 अक्टूबर से लेकर 13 अक्टूबर तक आयोजित इस सप्ताह के दौरान विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

यह जानकारी मध्यप्रदेश डाक विभाग परिमण्डल के निदेशक पवन कुमार डालमिया ने ये जानकारी मीडिया को दी। उन्होंने बताया कि मंगलवार को वित्तीय सशक्तिकरण मनाया जाएगा। जिसमें चौपाल कार्यक्रम के जरिए गांव-गांव तक डाक सेवाओं के विषय में जागरुकता तथा उनके वित्तीय सशक्तिकरण का कार्य किया जाएगा। श्री डालमिया ने बताया कि बुधवार 11 अक्टूबर को फिलाटेली दिवस मनाया जाएगा। इस दौरान प्रदेश के डाक संभागों में ढाई आखर प्रतियोगिता के तहत स्कूलों में इंटरैक्टिव सेशन, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता और सेमीनार होंगे। परिमण्डल निदेशक ने कहा कि मेल्स और पार्सल दिवस पर 12 अक्टूबर को बीएनपीएल ग्राहकों के साथ बैठक आयोजित करेंगे, और बेहतर व्यवसाय देने वाले ग्राहकों उनका सम्मान भी करेंगे। साथ ही मेल्स की गुणत्ता सुधार के लिए विभिन्न स्तरों पर परिचर्चा आयोजित की जाएगी। श्री डालमिया ने कहा कि अंत्योदिवस पर 13 अक्टूबर को वंचित, पिछड़े, एवं दूर-दराज वाले क्षेत्रों में निवासरत नागरिकों के लिए आधार पंजीकरण और अपडेशन का आयोजन विभिन्न होंगे। जिसके तहत जन सुरक्षा स्कीम पीएमजेजेवाय, पीएमएसबीवाय, एपीवाय, डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर, सोशल सिक्यूरिटी पेंशन्स, महिला सम्मान बचत पत्र, सुकन्या समृद्धि एकाउंट्स, एईपीएस जैसे जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर जागरुकता कार्यकम होंगे। इसके साथ ऑनलाइन भुगतान के दौरान धोखाधड़ी से बचने के संबंध में सुरक्षा उपायों की जानकारी प्रदान की जावेगी। इसके साथ ही कामन सर्विस सेंटर सेवाओं के पंजीकरण, प्रधानमंत्री किसान पंजीकरण, आयुष्मान भारत, श्रम शक्ति योजना और प्रधानमंत्री जन सुरक्षा योजना एवं प्रधानमंत्री विश्वकर्मा प्रमाण पत्र के वितरण संबंधी जानकारियों भी इस दौरान आम नागरिकों तक पहुंचाई जावेगी। इसी कड़ी में फैक्ट्री अथवा व्यावसायिक संस्थानों के संचालक और कर्मचारियों को इंडियान पोस्ट पेमेंट बैंक की जीएजी पॉलिसी की बीमासुविधा की जानकारी प्रदान की जावेगी।

श्री डालमिया ने बताया कि डाक विभाग द्वारा रजिस्ट्री, पार्सल, स्पीड पोस्ट, अल्प बचत योजनाओं, जीवन बीमा पॉलिसी, इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक, आधार अपडेशन, रेल टिकट रिजर्वेशन, पासपोर्ट सेवा केन्द्र, डाक निर्यात केन्द्र, गंगाजल वितरण , तिरंगा वितरण आदि जन उपयोगी सेवाओं के माध्यम से दूरस्थ स्थित क्षेत्र में भी सेवाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं।

चुनाव की तारीखों की घोषणा पर प्रदेश अध्यक्ष ने कहा-

## जनता देगी भाजपा को आशीर्वाद



**भोपाल, देशबन्धु।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि इस बार भी चुनाव में जनता भाजपा को ही आशीर्वाद देगी। उन्होंने प्रदेश में विधानसभा चुनावों की तारीखों की घोषणा के बाद यह कहा।

भाजपा मीडिया सेंटर में पत्रकारों से चर्चा के दौरान श्री शर्मा ने कहा कि विकास और गरीब कल्याण के जो काम हमारी सरकारों ने किए हैं, उसके आधार पर प्रदेश की जनता हमें आशीर्वाद देगी और अब तक की सर्वाधिक सीटें जीतकर भाजपा इतिहास रचेगी। श्री शर्मा ने निर्वाचन आयोग द्वारा 80 वर्ष से अधिक आयु वाले तथा दिव्यांग मतदाताओं के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा पहल को अभिनव और अनुकरणीय बताते हुए आयोग के प्रति आभार भी जताया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की डबल इंजन वाली सरकार लोगों का जीवन बदलने का काम कर रही हैं। हमारे कार्यकर्ता हमारी ताकत हैं, जो प्रत्येक बूथ पर सजग प्रहरी की तरह तैनात हैं। प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार आयुष्मान भारत, उज्जवला और प्रधानमंत्री आवास जैसी योजनाओं के माध्यम से गरीबों का जीवन बदलने का काम कर रही हैं। प्रधानमंत्री श्री मोदी मध्यप्रदेश को लगातार विकास की सौगातें दे रहे हैं और इनके चलते वे प्रदेश की जनता के मन में बस गए हैं। श्री शर्मा ने कहा कि अब भाजपा की सरकार प्रदेश को स्वर्णिम मध्यप्रदेश बनाने की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार नौजवानों को रोजगार के अवसर दे रही है। श्री शर्मा ने कहा कि जनता को इस बारे में गंभीरता से विचार करने की जरूरत है।

## मोहम्मद फैज़ल लक्षद्वीप के सांसद बने रहेंगे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केरल उच्च न्यायालय के उस हालिया आदेश पर रोक लगा दी, जिसमें लक्षद्वीप के सांसद मोहम्मद फैजल की हत्या के प्रयास के मामले में उनकी सजा को निलंबित करने की याचिका खारिज कर दी गई थी। केरल हाई कोर्ट के आदेश के बाद, फैजल को दूसरी बार सांसद के रूप में अयोग्यता का सामना करना पड़ा।

शीर्ष अदालत की रोक के बाद फैजल अब सांसद बने रह सकते हैं। न्यायमूर्ति हृषिकेश रॉय और न्यायमूर्ति संजय करोल की खंडपीठ ने उच्च न्यायालय के आदेश पर रोक लगाते हुए यह भी कहा कि सुप्रीम कोर्ट के 22 अगस्त के रिमांड आदेश से दोषसिद्धि के निलंबन का लाभ चालू रहेगा। सुप्रीम कोर्ट के 22 अगस्त के आदेश ने दोषसिद्धि के निलंबन पर पुनर्विचार करने के लिए आदेश को वापस हाई कोर्ट को भेज दिया। हालांकि, शीर्ष अदालत ने आदेश दिया कि दोषसिद्धि के निलंबन का लाभ फिलहाल जारी रहेगा।

राकांपा विधायक अयोग्यता विवाद मामला

## सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष को दिया नोटिस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने अजीत पवार और सात अन्य विधायकों के खिलाफ अयोग्यता याचिका पर निर्णय लेने में देरी के खिलाफ राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के शरद पवार गुट की ओर से दायर याचिका पर सोमवार को महाराष्ट्र विधानसभा सचिवालय को नोटिस जारी किया।

विधानसभा अध्यक्ष पर आरोप है कि वह दसवीं अनुसूची (दल-बदल विरोधी कानून) के तहत फैसला करने में देरी कर रहे हैं। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला तथा न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने राकांपा नेता जयंत पाटिल की याचिका पर यह नोटिस जारी की। पीठ ने कहा कि वह इस मामले में अगली सुनवाई 13 अक्टूबर को करेगी। गौरतलब है कि शीर्ष अदालत ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और अन्य विधायकों के खिलाफ दायर याचिका पर 13 अक्टूबर को ही अगली सुनवाई करने वाली है। विधानसभा अध्यक्ष की ओर से अयोग्यता संबंधी याचिकाओं पर निर्णय लेने में देरी के खिलाफ शिवसेना के उद्धव ठाकरे गुट ने पहले याचिका दायर की थी।

## एथलीटों से मुलाकात करेंगे मोदी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज हांगझोऊ एशियाई खेल 2022 में भाग लेने वाले भारतीय एथलीटों के दल से मुलाकात करेंगे। चीन में एशियाई खेलों में भारत ने इतिहास रचा है। एशियन गेम्स में ऐसा पहली बार हुआ है, जब भारत 100 पदक जीतने में सफल रहा है। इस दमदार प्रदर्शन से पूरा देश खुश है। इस बीच पीएम ने ऐलान किया है कि वो मंगलवार को नई दिल्ली के मेजर ध्यानचंद स्टेडियम में एथलीटों से बातचीत करेंगे। इस कार्यक्रम में एशियाई खेलों के लिए भारतीय दल के एथलीट, उनके कोच, भारतीय ओलंपिक संघ के अधिकारी, राष्ट्रीय खेल महासंघों के प्रतिनिधियों के साथ-साथ युवा मामले और खेल मंत्रालय के अधिकारी भी भाग लेंगे। इससे पहले गत रविवार को पीएम ने हांगझोऊ एशियाई खेलों में अब तक के सबसे अधिक पदक जीतने के लिए भारतीय दल की सराहना की।


**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र.11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र./सं. क्र.11/19-20/.. दि.06/10/2023
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि रेल कर्मचारी पूजा समिति जबलपुर द्वारा सेकेट्री श्री विश्वजीत डे ट्रेजरा श्री अमृतषा पुंडू ने वार्ड क्रमांक 65 वार्ड का नाम सुभाष चन्द बैनर्जी बार्ड के भवन क्रमांक 475/एलआईजी-10 हाउसिंग बोर्ड कालोनी सम्पत्ति के पिन क्रमांक 44500331, 1000397798 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा ... व.फु. जिस पर निर्मित द्वितीय तल 652 व.फु. पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्रीमती बेबा प्रमिला एल एन्थोनी पति स्व. लुईस एन्थोनी का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय, संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र.- सभा. अधि./13/मुख्यालय 2023/24/एम/175 दिनांक 06.10.2023
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि 1. पावस उपाध्याय पति श्री धनंजय उपाध्याय 2. श्रीमती प्राची उपाध्याय पति श्री हिमांशु उपाध्याय ने मकान नं. 1320/35/सीजी-3, वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती क्षेत्रफल ... व.फु. भूतल 165 व.फु. मैजनाईन-165 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक- 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
**राजस्व निरीक्षक**
**संभागीय अधिकारी, संभाग क्रं.-13 मुख्यालय नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय, संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र.- सभा. अधि./13/मुख्यालय 2023/24/एम/179 दिनांक 06.10.2023
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री सौरभ मक्कड़ पिता स्व. श्री एम.एल. मक्कड़ ने मकान नं. 269, वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती भूतल 611.25 व.फु. प्रथम तल 753.75 व.फु. द्वितीय तल 753.75 व.फु. तृतीय तल 600 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक- 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
**राजस्व निरीक्षक**
**संभागीय अधिकारी, संभाग क्रं.-13 मुख्यालय नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय, संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र.- सभा. अधि./13/मुख्यालय 2023/24/एम/178 दिनांक 06.10.2023
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मितेश मक्कड़ पिता स्व. श्री एम.एल. मक्कड़ ने मकान नं. 269/3, वार्ड स्वामी दयानंद सरस्वती भूतल 611.25 व.फु. प्रथम तल 753.75 व.फु. द्वितीय तल 753.75 व.फु. तृतीय तल 600 व.फु. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक- 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
**राजस्व निरीक्षक**
**संभागीय अधिकारी, संभाग क्रं.-13 मुख्यालय नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय, संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.13 मुख्यालय, नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र.- सभा. अधि./13/मुख्यालय 2023/24/एम/189 दिनांक 06.10.2023
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री धनंजय हुमने एवं गिरीश हुमने दोनों के पिता स्व. श्री गोविंद हुमने, श्रीमती रजनी हुमने पति स्व. श्री राजीव हुमने, अंकित हुमने, यामिनी हुमने दोनों के पिता स्व. श्री राजीव हुमने ने मकान नं. 876 वार्ड सुभद्रा कुमारी चौहान भूतल 912 व.फु. प्रथम तल 320 व.फु. शपथ पत्र/ मृत्यु प्रमाण पत्र/ खसरे की नकल के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक- 13 मुख्यालय में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
**राजस्व निरीक्षक**
**संभागीय अधिकारी, संभाग क्रं.-13 मुख्यालय नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्र.11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र.- सं. क्र.11/19-20/.. दि.09.10.2023
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती शैलजा यादव पिता हरेन्द्रपाल ने वार्ड क्रमांक 79 वार्ड का नाम दादा ईश्वरदास रोहाणी वार्ड के भवन क्रमांक ख.नं. 43/2 महंगवा सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1003900648 नया पिन क्रमांक देना है पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा 1083 व.फु. पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम में दर्ज श्री दिनेश जैन पिता खेमचंद जैन का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर**

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र.- सं.क्र.11/19-20/
दिनांक 09/10/2023
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री संजय नायक, सचिन नायक (खटीक) पिता श्री लखन लाल नायक ने वार्ड क्रमांक 66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मी बाई वार्ड के भवन क्रमांक पीएनओ-50 पिंक सिटी बिलहरी सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000382592 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा ... व.फु. पर निर्मित भूतल 750 व.फु. आरसीसी प्रथम तल 600 व.फु. आरसीसी पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री गगन प्रसाद पिता राम प्रवेश प्रसाद का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर**

**निविदा/नियुक्ति/जाहिरात**

**नाम एव जन्म तिथि परिवर्तन सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं Saaney Subbamma पत्नी Venkata Ramana उम्र 62 वर्ष निवासी-Village Mundlapadu Post- Mundlapadu Tehsil- Giddalur Dist-Prakasam State-Andhrapradesh पिन कोड-523367 मेरे पुत्र आर्मी सर्विस रिकॉर्ड नंबर JC-388178P, Rank-SUB Name-Sane Venkateswarlu है मेरे पुत्र के आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम Venkat subamma एवं जन्मतिथि 01/07/1955 दर्ज है जो कि गलत है जबकि मेरे समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम- Saaney Subbamma एवं जन्मतिथि- 01/01/1961 दर्ज है जो की सही है दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं मेरे पुत्र के आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरे नाम Venkat subamma एव जन्मतिथि- 01/07/1955 के स्थान पर मेरा नाम Saaney Subbamma एवं जन्मतिथि- 01/01/1961 दर्ज किया जाकर लिखा एवं पढ़ा जावे।

**नाम एव जन्म तिथि परिवर्तन सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं Pappuru Nagalakshumamma पत्नी Papuri Subbarayudu उम्र- 75 वर्ष निवासी-ग्राम Urutur पोस्ट ऑफिस- Urutur तहसील-Kamalapuram जिला-Cuddapah राज्य- Andhra Pradesh पिन कोड 516339 मेरे पुत्र आर्मी सर्विस रिकॉर्ड नंबरJC382590M, Rank-Subedar , Name- Pappuri Subbarayudu है मेरे पुत्र के आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम Nagala&mi एव जन्मतिथि 01/07/1962 दर्ज है जो कि गलत है जबकि मेरे समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम Pappuru Nagalakshumamma एव जन्मतिथि 01/01/1948 दर्ज है जो की सही है दोनों नाम एक ही व्यक्ति के हैं मेरे पुत्र के आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरे नाम Nagala&mi एव जन्मतिथि 01/07/1967 के स्थान पर मेरा नाम Pappuru Nagalakshumamma एव जन्मतिथि 01/01/1948 दर्ज किया जाकर लिखा एव पढ़ा जावे।

**नाम परिवर्तन सूचना**
मैं आर्मी नं. JC-582903K Rank SUB NAME SHASHI KUMAR of Presently residing at Vill-BHON BARI, P/O- KALAHOD, TEH - SUNDER NAGAR, DISTT - MANDI (HP) PIN 175002 शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी माता का नाम NARAIN DEVI दर्ज है जो कि गलत है मेरी माता का सही एवं वास्तविक नाम NARAIN DEI है जो कि मेरी माता के आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है, एवं मेरी माता के इस नाम NARAIN DEI को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे। द्वारा शपथ पत्र नं. 36AA 597123 दिनांक 09/10/2023 नोटरी जबलपुर म.प्र.
गलत नाम- NARAIN DEVI
सही नाम- NARAIN DEI

**नाम परिवर्तन सूचना**
मैं आर्मी नं. 13771780M Rank L/NK NAME HASE APPASAHEB RAMNATH of Presently residing at Vill-RAJAPUR, P/O-RAJAPUR, TEH-SANGAMNER, DISTT-AHMEDNAGAR (MH) PIN 422605 शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी माता का नाम DAGRA BAI दर्ज है। जो कि गलत है मेरी माता का सही एवं वास्तविक नाम DAGADABAI RAMNATH HASE है जो कि मेरी माता के आधार कार्ड, एवं अन्य कागजातों में दर्ज है, एवं मेरी माता के इस नाम DAGADABAI RAMNATH HASE को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे। द्वारा शपथ पत्र नं 36AA 597124 दिनांक 09/10/2023 नोटरी जबलपुर म.प्र.
गलत नाम- DAGRA BAI
सही नाम- DAGADABAI RAMNATH HASE

**नाम परिवर्तन सूचना**
मैं आर्मी नं. JC-582579X Rank SUB Name RAJ KUMAR Presently residing at Vill- GHO RAKWALAN PO- GHO BRAHAMANA Teh- RAM GARH Distt SAMBA (J&K) PIN-181142 शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरे पुत्र का नाम DEEPAK KUMAR दर्ज है जो कि गलत है मेरे पुत्र का सही एवं वास्तविक नाम DEEPAK KUMAR SANGRAL है जो कि मेरे पुत्र के आधार कार्ड व स्कूल सर्टिफिकेट एवं अन्य कागजातों में दर्ज है, एवं मेरे पुत्र के इस नाम DEEPAK KUMAR SANGRAL को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे। द्वारा शपथ पत्र नं. 36AA 597125 दिनांक 09/10/2023 नोटरी जबलपुर म.प्र.
गलत नाम-DEEPAK KUMAR
सही नाम-DEEPAK KUMAR SANGRAL

**नाम परिवर्तन सूचना**
मैं आर्मी नं. 13774052X Rank L/NK Name PAWAN SUBEDI Presently residing at Vill-SONAI NEPALI PO-LOKRA Teh- TEZPUR Distt SONITPUR (ASSAM) PIN- 784102 शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी माता का नाम LALAWATI SUBEDI दर्ज है जो कि गलत है मेरी माता का सही एवं वास्तविक नाम LILAWATI SUBEDI है जो कि मेरी माता के आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है, एवं मेरी माता के इस नाम LILAWATI SUBEDI को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे। द्वारा शपथ पत्र नं. 36AA 597122 दिनांक 09/10/2023 नोटरी जबलपुर म.प्र.
गलत नाम- LALAWATI SUBEDI
सही नाम- LILAWATI SUBEDI

**नाम परिवर्तन सूचना**
मैं आर्मी नं. 13771780M Rank L/NK_NAME HASE APPASAHEB RAMNATH of Presently residing at Vill-RAJAPUR, P/O- RAJAPUR, TEH SANGAMNER, DISTT-AHMEDNAGAR (MH) PIN 422605 शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरे पिता का नाम RAMNATH NIVRUTTI दर्ज है। जो कि गलत है मेरे पिता का सही एवं वास्तविक नाम RAMNATH NIVRUTTI HASE है जो कि पिता के आधार कार्ड, एवं अन्य कागजातों में दर्ज है, एवं मेरे पिता के इस नाम RAMNATH NIVRUTTI HASE को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे। द्वारा शपथ पत्र नं 36AA 597126 दिनांक 09/10/2023 नोटरी जबलपुर म.प्र.
गलत नाम- RAMNATH NIVRUTTI
सही नाम- RAMNATH NIVRUTTI HASE

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र.- सं.क्र.11/19-20/
दिनांक 05/10/2023
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि 1. श्रीमती भावना दनायक पत्नी श्री प्राणशंकर दनायक 2. सुश्री दीपाली दनायक पुत्री श्री प्राणशंकर दनायक 3. श्री निशात देसाई पिता जनक राय देसाई ने वार्ड क्रमांक 67 वार्ड का नाम रानी वीरांगना अवंती बाई वार्ड के भवन क्रमांक 3361/20/ए-2 आकर्ष इनक्लेप चौथामील सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000380531 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा ... व.फु. जिस पर निर्मित भूतल 1400 व.फु. आरसीसी प्रथम तल 100 व.फु. आरसीसी पर निम्न दस्तावेज प्रपत्र विक्रयपत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री गोरडन पापकिस पिता श्री सी.जे. पापकिस का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
**संभागीय अधिकारी**
**संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर**

जबलपुर, मंगलवार 10 अक्टूबर 2023
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# बेहद अहम हैं ये विधानसभा चुनाव

केन्द्रीय निर्वाचन आयोग द्वारा सोमवार को जिन 5 राज्यों के विधानसभा चुनावों की घोषणा की गई है वे अनेक मायनों में महत्वपूर्ण हैं। राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम के विभिन्न चरणों में घोषित किये गये इन चुनावों को एक तरह से देश के सबसे बड़े सियासी टूर्नामेंट यानी लोकसभा चुनाव-2024 के सेमी फाइनल के रूप में देखा जा रहा है। दो बार केन्द्र में सरकार बनाने वाली भारतीय जनता पार्टी, खासकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिये अगला चुनाव तो चुनौतीपूर्ण माना ही जा रहा है, मौजूदा सियासी हालात में ये विधानसभा चुनाव भी उनके लिये कोई कम तकलीफदेह नहीं साबित होने जा रहे हैं।

पिछले दो लोकसभा चुनावों में बिखरे हुए विपक्ष का फायदा उठाते हुए भाजपा ने बड़ी जीतें दर्ज की थीं, लेकिन अब वैसी स्थिति नहीं रह गयी है। 28 दलों ने 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूज़िव एलाएंस) के नाम से जो संयुक्त प्रतिपक्ष बनाया है, उसका असर लोकसभा चुनावों में तो दिखेगा ही, विधानसभा चुनावों में कांग्रेस बढ़े हुए नैतिक बल के साथ पांचों प्रदेश के चुनावी मैदान में उतरेगी क्योंकि उसी के नेतृत्व में यह गठबन्धन बना है। फिर, सभी राज्यों में वही मुख्य प्रतिद्वंद्वी है। राजस्थान, छग, मप्र व मिजोरम में तो वह पहले से ही मुकाबले में थी, तेलंगाना में भी अब मुख्य मुकाबला सत्तारुढ़ भारत राष्ट्रीय समिति एवं कांग्रेस के ही बीच का हो गया है। इस जगह पर पहले भाजपा थी पर अब उसकी स्थिति तीसरे नंबर पर बताई जा रही है। राजस्थान एवं छग में तो उसी की सरकारें हैं, मप्र में भी 2018 का चुनाव कांग्रेस ने जीता था लेकिन भाजपा ने दलबदल कराकर बहुमत का जुगाड़ कर लिया था और सूबे की सत्ता हथिया ली थी।

इन पांच राज्यों के चुनाव इसलिये भी बहुत महत्वपूर्ण हो गये हैं क्योंकि ऐसा माना जा रहा है कि लोकसभा चुनाव में जीत का रास्ता इसी पर से होकर खुलेगा। भाजपा की घबराहट इसलिये है क्योंकि वह पिछले दो विधानसभा चुनाव हार चुकी है- हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक के। दोनों ही राज्य उसने कांग्रेस के हाथों गंवाए हैं। कर्नाटक में कांग्रेस ने ही पिछले यानी 2018 के चुनाव में जीत दर्ज की थी लेकिन कई राज्यों की तरह विरोधी दलों के विधायकों को येन केन प्रकारेण अपने खेमे में लाकर भाजपा ने यहां सरकार बना ली थी। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश की घोसी विधानसभा सीट भी भाजपा ने उपचुनाव में इंडिया गठबन्धन के प्रत्याशी के आगे खोई है।

यह ऐसा चुनाव होने जा रहा है जिसमें सभी राज्यों में भाजपा की परेशानियों के अलग-अलग सबब हैं लेकिन प्रकारान्तर से जो कॉमन फैक्टर्स हैं, उनमें दो-तीन तो बड़े साफ हैं। पहला तो यह है कि मोदी का चेहरा किसी भी राज्य में अब खुद भाजपा के लिये स्वीकार्य नहीं रह गया है क्योंकि वे कर्नाटक एवं हिमाचल प्रदेश में इसकी दुर्गति देख चुके हैं। दूसरे, कम से कम मप्र, छत्तीसगढ़ एवं राजस्थान में वह बेहद विभाजित दिख रही है और तीनों ही जगहों पर उसके पास 'मोदी नहीं तो कौन?' वाला मसला है। मध्यप्रदेश में मोदी की नाराजगी वर्तमान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के साथ इस कदर है कि अपनी पिछली तीन चुनावी सभाओं में उन्हें चौहान का नाम लेना तक गवारा नहीं हुआ और न ही उन्होंने सरकार के किसी काम या उपलब्धियों का ज़िक्र तक किया। साथ ही, भाजपा के 7 सांसदों को विधायकी का टिकट दिया गया है जिससे जनता में साफ संदेश गया है कि अगर पार्टी यहां जीत हासिल करती है, जिसकी सम्भावना न के बराबर बतलाई जाती है, तो सीएम पद के लिये और हारती है (जिसके पूरे-पूरे लक्षण हैं) और नेता प्रतिपक्ष के लिये सिर फुटौव्वल तय है। ऐसे ही, राजस्थान में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे सिंधिया भी हाशिये पर डाल दी गई हैं। जहां तक छत्तीसगढ़ की बात है, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह चुनाव तो लड़ रहे हैं लेकिन उन्हें अब तक सीएम का चेहरा घोषित नहीं किया गया है। यहां भी कुछ सांसद चुनाव लड़ रहे हैं। वैसे यहां भाजपा को काफी मेहनत की ज़रूरत है।

इन चुनावों में भाजपा के सामने मुद्दों का भी अभाव है। कर्नाटक में उसका पहले कई बार का आजमाया व सफल हुआ ध्रुवीकरण का दांव बेकार हो चुका है, जो उसके लिये चिंता की बात है। अपने करीब चार वर्षों के शासनकाल में उस राज्य में हिजाब से लेकर ऐन चुनाव के पहले तक बजरंगबली का खेल खेलने की कोशिश जरूर हुई परन्तु जनता ने उसे नकार दिया। इसके विपरीत कन्नड़ जनता ने कांग्रेस के सशक्तिकरण के रास्ते को पसंद किया। राजस्थान व छत्तीसगढ़ में जिस तरीके से जमीनी मुद्दों को सरकारों ने तरज़ीह दी है और लोगों का सशक्तिकरण किया है, वह सारा कुछ लोगों के ध्यान में आ रहा है। राजस्थान में पुरानी पेंशन योजना की बहाली तथा सस्ते सिलेंडरों की सप्लाई से लेकर छग में न्याय योजनाओं की सफलता, किसानों को उनके उत्पादों का बेहतर न्यूनतम समर्थन मूल्य आदि जैसे कदम भी लोगों को भा रहे हैं। उधर मप्र में प्रशासकीय असफलताओं से चौहान की दिक्कतें काफी बढ़ी हैं।

इन राज्यों में सीधा मुकाबला भाजपा व कांग्रेस के बीच होने से कांग्रेस को कर्नाटक व हिप्र की तरह का फायदा मिल सकता है। कुछ छोटे दल भी चुनाव लड़ रहे हैं लेकिन लगता नहीं कि उनसे भाजपा को कोई फायदा मिल सकेगा क्योंकि अब मतदाता इस पर बहुत ध्यान नहीं दे रहे हैं। भाजपा व उसके समर्थकों की इसे अंतर्विरोध बतलाने की कोशिशें भी नाकाम हो रही हैं। वे जानते हैं कि इंडिया गठबन्धन लोकसभा के लिये है।

# अघोषित इमरजेंसी या घोषित चुनावी तानाशाही?


राजेंद्र शर्मा

> न्यूजक्लिक के खिलाफ हमले की अभूतपूर्व भीषणता के अलावा एक और चीज थी जो इस संदर्भ में इमरजेंसी की याद दिला रही थी और वह भी यूएपीए जैसे दमनकारी कानून के अंतर्गत, जो वर्षों तक बिना मुकद्दमा चलाए, आरोपियों को जेल में बंद रखने का शासन को मौका देने के लिए ही कुख्यात है। पोर्टल के संपादक प्रबीर पुरकायस्थ और प्रबंधन प्रमुख, अमित चक्रवर्ती की गिरफ्तारी।

समाचार पोर्टल न्यूजक्लिक के खिलाफ मोदी सरकार के भीषण हमले ने एक बार फिर इस पर चर्चा तेज करा दी है कि क्या मौजूदा हालात को अघोषित इमरजेंसी कहना उपयुक्त नहीं होगा? जाहिर है कि इमरजेंसी में प्रेस का जिस तरह से दमन हुआ था और प्रेस पर सेंसरशिप थोप दी गई थी, उसकी याद प्रेस/मीडिया पर हरेक हमला ताजा करता ही है। और न्यूजक्लिक के खिलाफ दिल्ली पुलिस की कार्रवाई की भीषणता ने, स्वाभाविक रूप से इमरजेंसी की याद दिला दी है। याद रहे कि दिल्ली पुलिस के स्पेशल सैल द्वारा 3 अक्टूबर की छापामारी तथा जब्तियों के बाद दी गई जानकारी के अनुसार भी, 9 महिलाओं समेत कुल 46 लोगों के घरों तथा उनसे जुड़े परिसरों पर छापामारी की गई थी, जिनमें न्यूजक्लिक से जुड़े पत्रकारों के अलावा इतिहासकारों व स्टेंडअप कॉमेडियन से लेकर, वैज्ञानिक व सामाजिक कार्यकर्ता तक शामिल थे। पुरुषों को पूछताछ के लिए विशेष सेल के दफ्तर ले जाया गया, जबकि महिलाओं से उनके घरों पर ही पूछताछ की गई। लंबी पूछताछ के बाद, न्यूजक्लिक के संपादक प्रबीर पुरकायस्थ और प्रबंधन कर्ताधर्ता, अमित चक्रवर्ती को आतंकवाद निरोधक कानून, यूएपीए के अंतर्गत गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि बाकी सभी लोगों को अगली पूछताछ के लिए तैयार रहने के निर्देश के साथ घर भेज दिया गया। सभी लोगों के फोन, लैपटॉप, डैस्कटॉप आदि, जांच के नाम पर शुरूआत में ही जब्त किए जा चुके थे।

अनुमानत: इस कार्रवाई की चपेट में आने वालों की संख्या सौ के करीब हो सकती है। मीडिया के खिलाफ इतने बड़े पैमाने पर ऐसी दमनकारी कार्रवाई इससे पहले कभी नहीं हुई होगी, न इमरजेंसी से पहले और न इमरजेंसी के बाद। वास्तव में इमरजेंसी के दौरान भी कम से कम ऐसी कोई कार्रवाई नहीं हुई थी। फिर भी, जैसे इस कार्रवाई की इमरजेंसी की भावना से समानता स्थापित करने के लिए ही, बड़े पैमाने पर कंप्यूटरों व हर प्रकार के रिकार्ड की जब्ती के बाद, समाचार पोर्टल के दफ्तर के दरवाजे पर, सरकारी मोहर के साथ, बड़ा सा ताला भी लटका दिया गया। यह दूसरी बात है कि इस ताले ने इस पूरी कार्रवाई की दुर्भावना और मनमानेपन को इतने तमाम कायदे-कानूनों को अंगूठा दिखाने वाले तरीके से सामने ला दिया था कि शासन को इस मामले में एक कदम पीछे हटना पड़ा और औपचारिक रूप से सीलबंदी की अपनी कार्रवाई को अगले ही दिन वापस लेना पड़ा।

बहरहाल, न्यूजक्लिक के खिलाफ हमले की अभूतपूर्व भीषणता के अलावा एक और चीज थी जो इस संदर्भ में इमरजेंसी की याद दिला रही थी और वह भी यूएपीए जैसे दमनकारी कानून के अंतर्गत, जो वर्षों तक बिना मुकद्दमा चलाए, आरोपियों को जेल में बंद रखने का शासन को मौका देने के लिए ही कुख्यात है। पोर्टल के संपादक प्रबीर पुरकायस्थ और प्रबंधन प्रमुख, अमित चक्रवर्ती की गिरफ्तारी। लेकिन, ये गिरफ्तारियां इमरजेंसी की याद सिर्फ इस दमनकारी कानून के इस्तेमाल के लिए भी नहीं दिला रही थीं। यहां इमरजेंसी के निजी अनुभव की भी वापसी हो रही थी। प्रबीर पुरकायस्थ को, जो तब जवाहरलाल विश्वविद्यालय के छात्र थे तथा छात्र आंदोलन में सक्रिय थे, कुख्यात मीसा के तहत करीब उन्नीस महीने इमरजेंसी में जेल में गुजारने पड़े थे। अब करीब अड़तालीस साल बाद उन्हें एक और वैसे ही दमनकारी कानून, यूएपीए के तहत लंबे समय के लिए जेल में ठूंसने की मोदी राज की तैयारी लगती है। मलयाली पत्रकार, सिद्दीक कप्पन के यूएपीए के अंतर्गत ही दो साल बिना कोई मामला चले जेल में बंद रखे जाने या भीमा कोरेगांव प्रकरण में पत्रकार गौतम नवलखा समेत, अनेक मानवाधिकार तथा सामाजिक कार्यकर्ताओं के करीब चार साल से जेल में बंद होने को देखते हुए, शासन की क्या नीयत है, इस संबंध में किसी शक की गुंजाइश नहीं हो सकती है। यह आज के हालात में इमरजेंसी के अनुभव को और भी प्रासंगिक बना देता है।

बहरहाल, बात सिर्फ हमले की भीषणता या इमरजेंसी जैसे अनुभव के दोहराए जाने भर की नहीं है। और यहां वर्तमान अनुभव का एक और महत्वपूर्ण पहलू सामने आ जाता है, जो इसे अघोषित इमरजेंसी के आगे, कहीं बहुत खतरनाक बना देता है। यह पहलू, जो इस कार्रवाई के लिए यूएपीए के सहारा लिए जाने में सामने आया, उस एफआईआर से और भी खुलकर सामने आ गया है, जिसके नाम पर यह भीषण कार्रवाई की गई है। इस एफआईआर के आरोपों और इसके पीछे कानूनी प्रक्रिया के प्रति शासन की अगंभीरता का अंदाजा तो एक इसी तथ्य से लगाया जा सकता है कि देश के कई शहरों में और सौ के करीब लोगों के खिलाफ, जिनमें सबसे बड़ी संख्या पत्रकारों की ही है, यह कार्रवाई शुरू करने और इसके आधार पर यूएपीए के अंतर्गत दो लोगों को गिरफ्तार करने के बावजूद, पुलिस एफआईआर को छुपाए ही रखना चाहती थी। पुरकायस्थ की याचिका पर, अदालत द्वारा बाकायदा आदेश दिए जाने के बाद, उनकी गिरफ्तारी के दूसरे दिन ही पुलिस को उन्हें एफआईआर दिखाना मंजूर हुआ, जबकि देश का कानून यह कहता है कि आरोपों की जानकारी दिए बिना, किसी के खिलाफ कार्रवाई की ही नहीं जा सकती है।

और आखिरकार, जो एफआईआर सामने आई है, उसे एक भोंडी कल्पना पर आधारित रहस्यकथा ही कहा जा सकता है, जिसमें बिना किसी तुक के आरोपों की माला बनाकर पेश कर दी गई है। इस कहानी के अनुसार, समाचार पोर्टल न्यूजक्लिक भारतीय राष्ट्र-राज्य के खिलाफ विदेशी आतंकवादी षडयंत्र के हिस्से के तौर पर काम कर रहा था। लेकिन, यह पोर्टल ऐसा क्या काम कर रहा था, जो ऐसे षडयंत्र का हिस्सा था यानी उसने वास्तव में क्या अपराध किया था, इसका इस पूरी कहानी में कोई जिक्र ही नहीं है। अलबत्ता, इस कार्रवाई के क्रम में पुलिस की पूछताछ में प्राय: सभी लोगों से और खासतौर पर पत्रकारों से जो सवाल पूछे गए हैं, उनसे लगता है कि तीन मुद्दों की रिपोर्टिंग सरकार की निगाहों में खासतौर पर अपराध की श्रेणी में आती है—तीन कृषि कानूनों के खिलाफ किसानों का ऐतिहासिक आंदोलन, कोविड-19 महामारी के सामने सरकार के कदमों की सफलता-विफलताएं और 2020 के शुरू का दिल्ली का दंगा और उससे पहले से चल रहा नागरिकता कानून संशोधन/एनआरसी-विरोधी आंदोलन। जाहिर है कि आम तौर पर, मोदी सरकार की आलोचना ही गुनाह है, पर खासतौर पर इन तीनों मुद्दों पर आलोचना तो, आतंकवादी गुनाह है।

और उस पर यह आतंक मामूली आतंकवाद का नहीं, विदेश-संचालित आतंकवाद का मामला है। पुन: विदेश संचालितता के आरोप भी किसी तथ्य या साक्ष्यों के मोहताज नहीं हैं। ये आरोप, एक और आरोप से निकले हैं कि न्यूजक्लिक समाचार पोर्टल के रूप में अपना काम, नेविल रायसिंघम नाम के एक अमेरिकी उद्योगपति के इशारे पर कर रहा था। क्यों? क्योंकि उसमें इस उद्योगपति ने अपने कुछ करोड़ रुपए का निवेश किया था। लेकिन, डिजिटल मीडिया में विदेशी निवेश तो भारतीय कानून में वैध है और ऐसे निवेश से मीडिया के संपादकीय निर्णयों को प्रभावित होने से बचाने के लिए भी, कानूनी प्रावधान मौजूद हैं। वास्तव में न्यूजक्लिक का शुरू से यही रुख रहा है कि उसने भारतीय कानून का पालन करते हुए निवेश हासिल किए हैं और भारतीय कानून का पूरी तरह से पालन करते हुए ही यह डिजिटल प्लेटफार्म अपनी पत्रकारिता का काम करता रहा है। किसी भारतीय कानून के उल्लंघन के कोई साक्ष्य भी नहीं हैं। वास्तव में 2021 से भारत सरकार की तीन-तीन एजेंसियां—आयकर विभाग, सीबीआई और एन्फार्समेंट डायरेक्टरेट—ठीक इन्हीं आरोपों की जांच करती रही हैं और कोई उल्लंघन साबित नहीं कर पाई हैं। यहां तक कि यूएपीए के तहत ताजा कार्रवाई से चंद रोज पहले ही, दिल्ली हाई कोर्ट ने एन्फार्समेंट डायरेक्टरेट के अपने आरोपों के पक्ष में साक्ष्य पेश नहीं कर पाने को देखते हुए, इस मामले में उसके प्रबीर पुरकायस्थ के खिलाफ कोई दमनकारी कार्रवाई करने पर रोक ही लगा दी थी। वास्तव में इसके बाद ही, उन्हें बिना अदालती सुनवाई के लंबे समय तक सलाखों के पीछे रखने के लिए, अब एनआईए को लाया गया है और यूएपीए का दांव आजमाया गया है।

विदेश संचालित आतंकवाद का दावा, इस दावे पर आधारित है कि इस सबके पीछे चीनी आतंकवादी षडयंत्र है। यह दावा भी, इस एक और दावे पर आधारित है कि अमेरिकी नागरिक होते हुए भी, अमेरिकी उद्यमी रायसिंघम जो कि चीन में भी रहता है, चीन की कम्युनिस्ट पार्टी का सक्रिय सदस्य है और पार्टी का सक्रिय सदस्य है, इसलिए भारत के खिलाफ चीन के षडयंत्र का हिस्सा है। दिलचस्प है कि कथित टैरर फंडिंग के इस षडयंत्र में वीवो तथा शाओमी जैसी भीमकाय, टेलीकॉम उत्पादक कंपनियों को भी लपेट लिया गया है। लेकिन, यह सब कितना अगंभीर है, इसको प्रख्यात संपादक, सिद्धार्थ वरदराजन ने अपनी हाल की एक टिप्पणी में, कुछ छोटे-छोटे और बहुत ही सीधे-सरल सवालों से बेपर्दा कर दिया है। संक्षेप में उनका सवाल यह है कि अगर वाकई यह विदेश संचालित टेरर-फंडिंग नेटवर्क का मामला है, तो उस नेटवर्क के मुख्य संचालकों यानी चीनी सरकार, संबंधित चीनी कंपनियों से लेकर अमेरिकी नागरिक रायसिंघम तक के खिलाफ, मोदी सरकार ने क्या कदम उठाए हैं? या फिर ये सब दावे सिर्फ मोदी सरकार के आलोचकों को दबाने की लाठी बनने के लिए ही हैं, उस के अलावा किसी तरह ध्यान देने के लिए नहीं।

यहीं हम मौजूदा हालात के अघोषित इमरजेंसी से आगे, इमरजेंसी से ज्यादा खतरनाक होने पर आ जाते हैं। इतिहासकार प्रो. ज्ञान प्रकाश, जिन्होंने इंदिरा गांधी की इमरजेंसी पर बहुत चर्चित किताब लिखी है, वर्तमान परिस्थिति के इस चरित्र पर जोर देते हुए, जिन दो विशेषताओं को रेखांकित करते हैं, उनमें पहली तो विरोधियों को कुचलने के लिए विदेशी टैरर फंडिंग नैटवर्क जैसे आरोप जड़ना ही है, जिन्हें जड़ना ही काफी है और साबित करने की कोई जरूरत नहीं है। और दूसरी विशेषता है, उपलब्ध कानूनी प्रक्रियाओं के दायरे से बाहर जाकर, किसी भी बहाने या साधन से अपने विरोधियों को कुचलना। जाहिर है कि इसके सामने इंदिरा गांधी की इमरजेंसी काफी मासूम दिखाई देती है। हैरानी की बात नहीं है कि देश भर में सिर्फ मीडिया से जुड़े लोग ही नहीं, आम तौर पर जनतंत्र की परवाह करने वाले नागरिक भी इस सच्चाई को समझ रहे हैं कि यह सिर्फ एक न्यूज पोर्टल को कुचलने की कोशिश का मामला नहीं है। यह मुख्यधारा के मीडिया के बड़े हिस्से को खरीदकर जेब में डालने के बाद, अब शासकों के मीडिया की बची-खुची स्वतंत्र आवाजों और खासतौर पर डिजिटल मीडिया में ऐसी आवाजों का गला दबाने की कोशिश का ही मामला है। और इस कोशिश की कामयाबी, जनतंत्र के लिए मौत की घंटी होगी। इसीलिए, इस हमले का सत्तापक्ष और उसके पालतू मीडिया को छोड़कर, देश और दुनिया भर से जैसा चौतरफा विरोध हो रहा है, वैसा इमरजेंसी में सेंसरशिप का नहीं हुआ होगा।

**(लेखक साप्ताहिक पत्रिका लोक लहर के संपादक हैं।)**

# तेलंगाना अभियान में पीएम मोदी बनाम राहुल गांधी की लड़ाई दिलचस्प

■ सुशील कुट्टी

> उत्तर वह जगह है जहां भाजपा चुनावी रूप से मजबूत है और दक्षिण ने मोदी की तथाकथित हिंदू राष्ट्रवादी पार्टी भाजपा को बार-बार खारिज किया है। जनसंख्या के आधार पर परिसीमन से भाजपा को फायदा होगा लेकिन प्रधानमंत्री चाहते हैं कि भाजपा उनके जीवनकाल में ही दक्षिण में अपना नाम दर्ज करा ले। परिसीमन से कांग्रेस को कम लोकसभा सीटें मिलेंगी।

दक्षिण' वैसा नहीं है जैसा 'उत्तर' है, और यह राजनीतिक अहसास उतना ही पुराना है जितना स्वतंत्र भारत। लेकिन, यह पहली बार था जब भारत के किसी प्रधानमंत्री ने 'दक्षिण' को यह याद दिलाने की जहमत उठाई कि वह 'उत्तर' की तुलना में स्थायी नुकसान में है। लोगों ने ऐसे दुखदायी और अपमानजनक वचन सुने, लेकिन तब कोई और नहीं बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मुंह से सुना, यह भी कि आगे क्या होने वाला है। प्रधानमंत्री तेलंगाना में एक रैली में मतदाताओं को सम्बोधित कर रहे थे, जहां हाल के हफ्तों में राहुल गांधी से लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, और यहां तक कि सोनिया गांधी तक राजनेता बड़े-बड़े बयान दे रहे हैं।

दरअसल, अनेक गूढ़ अर्थ भरे हुए बयान आये हैं। सबसे पहले, राहुल गांधी ने बिहार जाति जनगणना के मद्देनजर 'जितनी आबादी, उतना हक' की बात की। आइए, यह न भूलें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कान 'जाति जनगणना' शब्द के प्रति बेहद संवेदनशील हैं, जिसे वह अपने दीर्घकालिक प्रतिद्वंद्वी नीतीश कुमार से जोड़ते हैं, जो 'जाति जनगणना' और इसके राष्ट्रीय स्तर से लेकर नीचे तक में होने वाले संभावित प्रभाव के कारण वापस राजनीतिक परिदृश्य में जोरदार ढंग से आ गये हैं।

बिहार जाति जनगणना के बाद, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपने स्वयं के 'ब्रह्मास्त्र' की तलाश करने के लिए मजबूर होना पड़ा है और संभावना है कि उन्होंने इसे जनसंख्या के आधार पर परिसीमन में पाया है। परिसीमन 2026 में होना है और आदर्श रूप से इसे अभी के लिए छोड़ दिया जाना चाहिए था, लेकिन मोदी इंतजार नहीं कर सकते थे क्योंकि हर गुजरता दिन उन्हें राजनीतिक सफाये' के करीब ला रहा है और इसलिए आज के संकट को आज ही संबोधित करना होगा, कल तक नहीं छोड़ना होगा।

साथ ही, परिसीमन मुद्दे पर 'दक्षिण' पहले से ही आंदोलन के संकेत दे रहा है। डर यह था कि इससे संसद में दक्षिण का प्रतिनिधित्व भारी गिरावट के साथ समाप्त हो सकता है। मोदी ने इस स्पष्ट डर का सहारा लिया। उन्होंने तेलंगाना के निज़ामाबाद में रैली में कहा कि जनसंख्या के आधार पर परिसीमन के बाद, दक्षिण को 'लोकसभा में 100सीटों तक का नुकसान होगा' क्योंकि अगर राहुल गांधी की 'जितनी आबादी, उतना हक' के फार्मूले को लागू करें तो दक्षिण का यही हक़ होगा।

ऐसी स्थिति क्या जनसंख्या नियंत्रण के मामले में उत्कृष्ट कार्य निष्पादन के लिए दक्षिण भारत को दंडित करना नहीं होगा? विशेषकर वैसी स्थिति में जब उत्तर भारत जनसंख्या नियंत्रण के स्थान पर जनसंख्या तेज गति से बढ़ाता रहा। इस मामले में उत्तर प्रदेश और बिहार, यहां तक कि पश्चिम बंगाल जैसे राज्य भी शामिल हैं। राहुल गांधी का नारा 'जितनी आबादी, उतना हक' मोदी के मुंह से निकला और निज़ामाबाद रैली में गूंज उठा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कब तक राष्ट्रीय जाति जनगणना की मांग को टाल पाएंगे? विपक्षी इंडिया गठबंधन इस मुद्दे को आसानी से छोड़ने वाला नहीं है।

'देश अब अगले परिसीमन के बारे में बात कर रहा है। इसका मतलब यह होगा कि जहां भी जनसंख्या कम है, वहां लोकसभा सीटें कम हो जायेंगी, और जहां जनसंख्या अधिक है, वहां लोकसभा सीटें बढ़ जायेंगी... दक्षिणी राज्यों ने जनसंख्या नियंत्रण में उल्लेखनीय प्रगति हासिल की है, लेकिन कांग्रेस के अधिकारों के नये विचार के कारण उन्हें भारी नुकसान होगा। जनसंख्या के अनुपात में इसे लागू किया गया... तो दक्षिण भारत को 100 लोकसभा सीटों का नुकसान होगा... क्या दक्षिण भारत इसे स्वीकार करेगा? क्या दक्षिण भारत कांग्रेस को माफ करेगा? मैं कांग्रेस नेताओं से कहना चाहता हूं कि वे देश को मूर्ख न बनायें।' यह स्पष्ट करें कि वे यह खेल क्यों खेल रहे हैं, प्रधानमंत्री ने कबूतरों के बीच बिल्ली का खेल खेलते हुए कहा।

यह अकारण नहीं है कि रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'बहुत, बहुत बुद्धिमान व्यक्ति' कहते हैं। मोदी ने गेंद राहुल गांधी के पाले में डाल दी और इस बात पर स्पष्टता की मांग की कि क्या भारत-गठबंधन दक्षिण भारत के साथ है या उसके खिलाफ है, उन्होंने कहा कि 'जितनी आबादी, उतना हक' हर संभव तरीके से दक्षिण भारत को उत्तर भारत के सामने बौना बना देगा। यह आग से खेलने जैसा है लेकिन भारत पर उत्तर की पकड़ पूरी तरह से है और उस बिंदु पर हिसाब-किताब करना समय की मांग है और अपरिहार्य भी।

इस मुद्दे को उठाने के लिए प्रधानमंत्री को धन्यवाद दिया जाना चाहिए। उत्तर वह जगह है जहां भाजपा चुनावी रूप से मजबूत है और दक्षिण ने मोदी की तथाकथित हिंदू राष्ट्रवादी पार्टी भाजपा को बार-बार खारिज किया है। जनसंख्या के आधार पर परिसीमन से भाजपा को फायदा होगा लेकिन प्रधानमंत्री चाहते हैं कि भाजपा उनके जीवनकाल में ही दक्षिण में अपना नाम दर्ज करा ले। परिसीमन से कांग्रेस को कम लोकसभा सीटें मिलेंगी, लेकिन मोदी 'दक्षिण' के लिए बोलते हैं क्योंकि वह चाहते हैं कि 'दक्षिण' भाजपा के अनुकूल प्रतिक्रिया दे।

अब, यह कांग्रेस पर निर्भर है कि वह अपने दक्षिणी गढ़ में कम लोकसभा सीटों और भाजपा को उत्तर भारत के गढ़ में लोकसभा सीटों की भारी वृद्धि के बीच किसी एक को चुनने का निर्णय ले, जो जनसंख्या के आधार पर परिसीमन के कारण हो सकता है। हालांकि, यह तर्क दिया जा सकता है कि 'उत्तर में भाजपा है और दक्षिण में कांग्रेस है', पर वास्तव में पूरी बात को बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया गया है और प्रधानमंत्री केवल आधे-अधूरे होकर बहुत चतुर होने की कोशिश कर रहे हैं क्योंकि वह इंडिया गठबंधन में एकता से आतंकित हैं। गठबंधन द्वारा और अधिक राज्यों में जाति जनगणना कराये जाने की संभावना है और भाजपा की खुद की सत्ता-विरोधी लहर उनकी तीसरी बारी की संभावनाओं को कम कर रही है। किसी भी स्थिति में, परिसीमन 2024 में लोकसभा चुनाव के काफी समय बाद 2026 में होगा।

## पावन प्रसंग

# मानसिक स्वास्थ्य

सोशल मीडिया आज जीवन का अभिन्न अंग बन चुका है, विशेषकर कोविड महामारी के बाद जब पूरे विश्व का जीवन घर की चहारदीवारी में सिमट कर रह गया था तब जहां यह एक दूसरे से जुड़ने का माध्यम बना, पढ़ाई से लेकर घटनाओं से जुड़े रहने में सहायक रहा, विषम समय में मनोरंजन का साधन बना, लेकिन वहीं इसका अत्यधिक उपयोग आज कई तरह के नकारात्मक प्रभावों के साथ सभी के लिए चिंता का विषय बना हुआ है। सोशल मीडिया की चकाचौंध से प्रभावित 25 प्रतिशत लोग स्वीकार करते हैं कि सोशल मीडिया का मानसिक स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ा है।

कोविड महामारी के दौरान मानसिक स्वास्थ्य से पीड़ित लोगों की सन् 2021 की रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका में 88 फीसदी व्यक्तियों ने सीधे तौर पर यह स्वीकार किया था कि सोशल मीडिया खुशी एवं आत्मछवि पर नकारात्मकक प्रभाव डालता है, जबकि कुछ लोगों ने इसके कारण चिंता, अकेलेपन और अवसाद की बात स्वीकारी थी। अमेरिका, इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, नार्वे में हुए क्रॉस-नेशनल ऑनलाइन सर्वेक्षण के दौरान पाया गया था कि कोरोना महामारी के दौरान अकेलेपन को कम करने व मनोरंजन के लिए सोशल मीडिया के उपयोग का मानसिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा। सोशल मीडिया से उत्पन्न प्रमुख विकार फोमो अर्थात फीयर ऑफ मिसिंग आउट माना जा रहा है। जब कोई सोशल मीडिया में दूसरों को अपने से बेहतर पाता है, तो उसे लगता है कि जीवन में कुछ कमी है। आपसी तुलना होने लगती है।

जिन व्यक्तियों के कमी फालोअर होते हैं, वे अवसाद में चले जाते हैं तथा खाने की समस्या से पीड़ित हो जाते हैं। इसके साथ उनका आत्मसम्मान प्रभावित होता है, उद्विग्नता का भाव जाग्रत होता है और अपने खाली स्थान को भरने के लिए सोशल मीडिया के अत्यधिक उपयोग की ओर प्रेरित होते हैं। इसका एक अन्य कारण रहता है- डोपामाइन नाम के जैविक रसायन का स्राव। जब अपनी पसंद की चीजें या व्यवहार सोशल मीडिया पर उपलब्ध होता है, तो डोपामाइन स्रावित होता है, जो तात्कालिक संतुष्टि की अनुभूति देता है, जो उस पर वापस जाने के लिए उकसाता है। इसके वशीभूत सोशल मीडिया पर स्क्रॉल करते हुए, इसे खंगालते हुए व्यक्ति इतना मगन हो जाता है कि उसे समय का भान नहीं रहता। इस दौरान तन-मन पर पड़ रहे इसके नकारात्मक प्रभाव के प्रति भी सचेष्ट नहीं रह पाता, जो बाद में अपना सर उठाते हैं। इसके परिणामस्वरूप स्क्रीन टाइम बढ़ने से नेत्रों से लेकर मन-मस्तिष्क पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ते हैं। आंखों में आंसू आने लगते हैं, कुछ की तो नजर तक कमजोर हो जाती है व आंखों में सूखेपन की समस्या प्रारंभ हो जाती है।

ऐसे में अस्त-व्यस्त दिनचर्या, दैनिक कार्यों में लेट-लतीफी के साथ मन उचटा-उचटा सा रहता है और किसी काम में मन एकाग्र नहीं हो पाता। स्मरणशक्ति क्षीण हो जाती है। सोशल मीडिया की लत का शिकार व्यक्ति आभासी दुनिया में जीने लगता है और वास्तविकता से उसका नाता कटने लगता है। जीवन के खालीपन को भरने के लिए जिस सोशल मीडिया का सहारा लिया जाता है, वह प्रारंभ में एक बैसाखी का काम करता है, 53 फीसदी लोगों ने स्वीकार किया कि सोशल मीडिया का उपयोग कम करने से मानसिक स्वास्थ्य में काफी सुधार हुआ। इसके साथ मोबाइल के बाहर मनोरंजन के और स्वस्थ तौर-तरीके खोजे जा सकते हैं।

परिवार, दोस्तों व शुभचिंतकों के साथ अधिक समय बिताएं। इन उपायों के साथ सोशल मीडिया से जुड़े नकारात्मक प्रभाव काफी हद तक सीमित हो जाएंगे व इसका श्रेष्ठतम उपयोग बन पड़ेगा। मानसिक स्वास्थ्य एवं संतुलन सधने लगेगा, कार्यक्षमता बढ़ेगी और जीवन अधिक सुखी, सफल व संतुष्टि लिए होगा।

**अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

# ईरान की बहादुर महिला नर्गिस मोहम्मदी को सलाम

नर्गिस मोहम्मदी को इस वर्ष के नोबल शांति पुरस्कार के लिए चुना गया है। उन्हें यह सम्मान ईरान में महिलाओं के शोषण के विरूद्ध और उनके मानवाधिकारों के लिए सतत संघर्ष के लिए दिया जा रहा है। यहां यह स्मरणीय है कि ईरान में महिलाओं का एक सशक्त आंदोलन तब प्रारंभ हुआ जब वहां की एक 22 वर्षीय युवती की पुलिस हिरासत में मौत हो गई। इस महिला को ईरान की तथाकथित धार्मिक पुलिस गाईडेंस पेट्रोल द्वारा गिरफ्तार किया गया था।

इस घटना के बाद ईरान की महिलाओं ने एक शक्तिशाली आंदोलन प्रारंभ किया। इस आंदोलन को कुचलने के प्रयास में बहुत से लोग मारे गए। मरने वालों में 44 नाबालिग भी थे। बीस हजार से ज्यादा लोग गिरफ्तार किए गए।

पुरस्कार की घोषणा करते हुए इस बात का उल्लेख किया गया कि ईरान की धार्मिक सरकार द्वारा किस तरह देश में ऐसे लोगों के विरूद्ध भारी दमन चक्र चलाया जा रहा है जो सरकार की दमनकारी नीतियों के विरूद्ध सतत अभियान चला रहे थे। इस संघर्ष में नर्गिस ने पूरी हिम्मत के साथ भाग लिया था।

51 वर्षीय नर्गिस उन 137 व्यक्तियों में से एक हैं जिन्हें शांति स्थापित करने और शोषण के विरूद्ध संघर्ष के लिए यह उच्चतम पुरस्कार प्रदान किया गया है। यह पुरस्कार सन् 1901 में स्थापित किया गया था। अब तक यह पुरस्कार नेल्सन मंडेला, मदर टेरेसा सहित कई महान हस्तियों को प्रदान किया जा चुका है। नर्गिस शांति पुरस्कार पाने वाली 19वीं महिला हैं और ईरान की दूसरी। ईरान की जिस दूसरी महिला को यह पुरस्कार प्रदान किया गया उनका नाम शीरीन एबादी हैं जिन्हें सन् 2003 में यह पुरस्कार मिला था।

मोहम्मदी कई वर्षों से महिलाओं पर होने वाली ज्यादतियों के विरूद्ध संघर्षरत हैं। वे इस समय 10 साल की सजा भुगत रही हैं। उन्हें ईरान की सरकार के विरूद्ध लगातार प्रचार करने के आरोप में सजा दी गई है। उनके तीन दशक लंबे संघर्ष के कारण ईरान में शिक्षा और अन्य क्षेत्रों में महिलाओं के हित के कई सुधार हुए हैं। लेकिन इसकी उन्हें भारी कीमत चुकानी पड़ी है। उन्हें अपनी आजादी, इंजीनियरिंग का अपना प्रोफेशन और अपना परिवार- बहुत कुछ खोना पड़ा है। उनके पति, जो उनके संघर्ष में उनके सहयोगी रहे, और उनकी जो जुड़वां बेटियों को उनकी विचारधारा के चलते फ्रांस में निर्वासित जीवन बिताना पड़ रहा है। वे पिछले आठ वर्षों से अपने परिवार से नहीं मिलीं हैं।

उनके बेटे अली रहमानी कहते हैं कि उन्हें अपनी मां पर गर्व है। यह पुरस्कार सिर्फ मां के त्याग और बहादुरी का सम्मान नहीं है बल्कि यह पूरे ईरान की महिलाओं का सम्मान है। मोहम्मदी अब तक 13 बार गिरफ्तार की जा चुकी हैं और पांच बार सजा भुगत चुकी हैं। उन्हें कुल मिलाकर अब तक 31 साल की सजा सुनाई जा चुकी है। इसके अतिरिक्त उन्हें 154 कोड़ों की सजा भी दी गई है। जेल में रहते हुए भी वे ईरान और दुनिया की समस्याओं पर अपने क्रांतिकारी विचार व्यक्त करती रहती हैं। वे जेल से ही कई अभियान चलाती रहतीं हैं।

नोबल पुरस्कार मिलने पर अपनी प्रतिक्रिया प्रकट करते हुए उन्होंने कहा कि यह सम्मान मुझमें और जोश भरेगा भले ही मुझे पूरा जीवन जेल के सींखचों के पीछे बिताना पड़े। मैं ताजिंदगी लोकतांत्रिक अधिकारों, आजादी और समानता के लिए लड़ती रहूंगी। यह पुरस्कार मुझे और ज्यादा दृढ़ प्रतिज्ञ और आशावादी बनाएगा। मेरे संघर्ष को दी गई यह मान्यता ईरान के नागरिकों के बदलाव के लिए जारी संघर्ष को और तीव्र, मजबूत और संगठित बनाएगी। मुझे पूरा विश्वास है कि अंतत: हमारी जीत होगी।

**एल.एस. हरदेनिया**

# राकेश सिंह के पुतला दहन को लेकर बवाल : युवा कांग्रेस और भाजपा युवा मोर्चा के समर्थकों की भिडंत को पुलिस ने रोका





**जबलपुर, देशबन्धु। फ्लाई ओव्हर में हादसे के बाद विवाद शुरू हो गया है। सांसद राकेश सिंह की भूमिका को लेकर कांग्रेस-भाजपा कार्यकर्ता आमने-सामने आ गये हैं।**

फ्लाईओवर निर्माण के दौरान चेंबर के दसकने से एक मजदूर की मौत एवं 6 के घायल होने के विरोध में युवक कांग्रेस द्वारा फ्लाईओवर निर्माण में भ्रष्टाचार एवं अनियमिताओ के आरोप लगाते हुए पीड़ितों को उचित मुआवजे की मांग को लेकर मालवीय चौक में सांसद राकेश सिंह के पुतले दहन का अपवाहन किया गया था। परंतु आचार संहिता लागू होने के कारण अंतिम समय पर कार्यक्रम को रद्द कर दिया गया था।

## सिविक सेंटर के प्रभु-वंदना के सामने का मामला, वज्र वाहन भी पहुंचा

वहीं दूसरी तरफ युवा मोर्चा एवं विद्यार्थी परिषद ने आचार संहिता का उल्लंघन करते हुए 100 150 कार्यकर्ता एवं भाजपा पूर्व नगर अध्यक्ष जीएस ठाकुर अपने सांसद राकेश सिंह के पुतला दहन के विरोध में मालवीय चौक पर एकत्रित होकर नारेबाजी करने लगे जहां पर उन्हें ज्ञात हुआ कि कार्यक्रम संयोजक रघु तिवारी ,सिद्धांत जैन, अजय रावत, एवं अन्य अपने साथियों के साथ सिविक सेंटर में प्रभु वंदना टॉकीज के समक्ष खड़ा हैं, युवा मोर्चा कार्यकर्ता आचार संहिता का उल्लंघन करते हुए भाजपा संगठन एवं राकेश सिंह के समर्थन में नारेबाजी करते हुए प्रभु वंदना टॉकीज पहुंचकर रघु तिवारी से हातापाई करने की कोशिश करने जहां तत्काल तीन थानों क्षेत्रों की पुलिस ने मोर्चा संभाल दोनो पक्षों को अलग कराया। इस दौरान वज्र वाहन भी बुलाया गया, जिसके बाद भी तनातनी की स्थिति निर्मित थी खबर लगते ही कांग्रेस जिला अध्यक्ष महापौर जगत बहादुर अन्नू ने मामला शांत कराकर अपने अपने कार्यकर्ताओं को लेकर घटना स्थल से रवाना हो गए।

# रेलवे के साइकिल स्टैंड में यात्रियों से 20 प्रतिशत जीएसटी वसूला जा रहा है

**जबलपुर, देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेलवे के उच्च अधिकारियों की उदासीनता एवं लापरवाही दिनों दिन बढ़ती ही जा रही है। शासन द्वारा निर्धारित नियमों की सरेआम अनदेखी की जा रही है शासन द्वारा 18 प्रतिशत की दर से जीएसटी वसूल किए जाने का निर्धारण किया गया है। यह तो हुई नियम की बात परंतु मुख्य रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर 6 में 20 प्रतिशत की दर से यात्रियों से जीएसटी की वसूली की जा रही है।

सूत्रों के प्राप्त खबर के अनुसार यदि कोई यात्री साइकिल स्टैंड में अपना दो पहिया वाहन रखता है तो प्रत्येक यात्री से 11.80 रूपये के स्थान पर 12 रूपए वसूल किया जा रहे है हजारों यात्री प्रतिदिन अपना वाहन स्टैंड में रखते हैं इस प्रकार यात्रियों से जीएसटी अधिक वसूली कर खुद तो मालामाल हो रहे हैं और शासन को कंगाल बनाने में जुटे हुए हैं पश्चिम मध्य रेलवे के स्टैंड से चन्द कदम की दूरी पर महाप्रबंधक और मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय की नाक के नीचे अवैध वसूली की जा रही है। स्टैड संचालक को 20 पैसे प्रति वाहन जीएसटी के नाम पर अवैध कमायी हो रही है इस प्रकार गणना करने से यह पता चलता है कि हजारों रूपये अवैध वसूली यात्रियों से की जा रही है यदि इस प्रकार की अवैध वसूली की शिकायत मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के वाणिज्य शाखा में की जाती है तो वह भी इस संबंध में मौन रहते हैं अधिकारियों का इस तरह से मौन रहना कई प्रकार के प्रश्नों को जन्म देता है। यहां इस बात का उल्लेख करना आवश्यक है कि रेलवे में कई कल्याण संस्थान चलते हैं यदि उच्च अधिकारी रूचि दिखाऐं तो प्रति यात्री 20 पैसे अधिक वसूली गई राशि को जन कल्याण के उपयोग के लिए खर्च किए जाने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है वाणिज्य विभाग के अधिकारी एक निरीक्षक की डयूटी लगाकर स्टैंड संचालक द्वारा की गई अवैध वसूली पर आसानी से रोक लगायी जा सकती है। पश्चिम मध्य रेलवे के शीर्ष अधिकारी इस संबंध में प्रभावी कार्रवाई करेंगे दूसरी सभी को उम्मीद है।



# लायंस क्लब सेंट्रल द्वारा सेवा सप्ताह

**जबलपुर,देशबन्धु।** लायंस क्लब सेंट्रल द्वारा टाउन हॉल में राष्ट्र पिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर लायंस अध्यक्ष भरत साहू सचिव लायन गिरीश वर्मा एवं समस्त लायन साथियों द्वारा माला एवं पुष्प द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित कर सेवा सप्ताह का प्रारंभ किया तत्पश्चात विक्टोरिया अस्पातल में जरुरत मंदों को खिचड़ी वितरण का कार्य किया गया । लायंन क्लब द्वारा सेवा सप्ताह में अक्टूबर तक विभिन्न सेवा गतिविधियों के सुधार ग्रह सेन्ट्रल जेल में पुराने वस्त्र, बर्तन, फल आदि वितरण का ाकार्य को बैथल मिशन स्कूल रामनगर में कैंसर जागरुकता हेतु पंपलेट साई मंदिर सिविल लाइन में 250 लोगों को पोहा, जलेबी, खिचड़ी का वितरण को सेवा भारती संस्था शताब्दीपुरम में आहार वितरण के अंतर्गत आटा, शक्कर, तेल, दुध, साबुन, शैम्पू, आदि का राजकुमारी बाई बाल निकेतन कन्या अनाथालय शास्त्री शास्त्री ब्रिज नेपियर टाउन जबलपुर में चाट फुल्की वितरण एवं सेवा सप्ताह में पीडित मानवता सेवा संबंधी कार्य किया । इस सेवा सप्ताह के विभिन्न कार्यक्रम में लायंस क्लब के सदस्यों प्रमुख रूप से लायन अध्यक्ष भरत साहू सचिव लाइन गिरीश वर्मा डिस्ट्रिक जीएमटी क्वॉडिनेटर लायन भरत अग्रहरि लायन नरेन्द्र जैन पीडीजी लायन प्रकाश नेमा रीजन चेयर पर्सन लायन गुमास्ता को कोषा अध्यक्ष लायन उमाशंकर सिंह लायन एमएम नेमा लायन जितेन के लालन जौन चेयर पर्सन अनिल पगारिया लायन राजेश ढींगरा, लायन अजय गुप्ता लायन दयाल रामनानी, लायन सतवीर सिंह लायन पंकज पटेल लायन शमशाद खान लायन शरद सोनी लायन अरविंद झिंगरन लायन पवन शर्मा लायन ज्ञान जायसवाल लायन पप्पी खान जौन चेयर पर्सन एवं विशेष रूप से आए बैंगलोर लायन स्वाति राव एवं लायन अनीता एवं लायन क्लब जबलपुर सेन्ट्रल के अन्य सदस्यों की गरिमामय उपस्थिति में उत्साह पूर्वक गतिविधियां संपन्न की गयी।

# सुरक्षा मानकों को नजरंदाज कर फ्लाइओवर एक हिस्से हुआ लोकार्पण : तरुण भनोत

**जबलपुर, देशबन्धु।** नगर में निर्माणाधीन दमोहनाका - मदन महल फ्लाइओवर के अंतर्गत नाली का हिस्सा धसकने के कारण एक श्रमिक की मौत हो गई और 6 से अधिक श्रमिक गंभीर रूप से घायल हुए हैं 7 मदनमहल दमोहनाका फ्लाइओवर के पूरा होने की मियाद और निर्धारित समयसीमा पर चुका है, जबकि उक्त फ्लाइओवर का अब भी 40-50 प्रतिशत कार्य अधूरा है, किन्तु आगामी चुनावों को देखते हुए और इसका राजनैतिक लाभ लेने के लिए पिछले दिनों उसके एक अधूरे हिस्से को जल्दबाजी में लोकार्पण कर राहगीरों के आवागमन के लिए खोल दिया गया, जबकि हिस्से के पूरा होने से पहले से पहले उसके सुरक्षा मानकों की जांच तक नही कराई गई। जल्दबाजी में हुए लोकार्पण का नतीजा है कि नाले के के एक हिस्से के धसकने से एक श्रमिक की मृत्यु हो गई वही 6 से अधिक श्रमिक गंभीर रूप से घायल हो गए।

उक्त आरोप प्रदेश सरकार में पूर्व वित्त मंत्री एवं पश्चिम से विधायक तरुण भनोत ने स्थानीय प्रशासन और लोक निर्माण विभाग पर गंभीर लापरवाही और राजनतिक दवाब में काम करने का लगाया गया है।

इस संबंध में श्री भनोत के द्वारा कलेक्टर जबलपुर को प्रेषित पत्र के माध्यम से अपील किया गया है कि वे जिले के प्रशासनिक मुखिया के रूप में बिना किसी राजनैतिक दवाब में आए पूरी निष्पक्षता के साथ इस जल्दीबाजी में हुए इस निर्णय केए विभागीय जांच की जाये और दोषी अधिकारियों और निर्माण कार्य में लगी एजेंसी को दंडित किया जाये।

मृत श्रमिक के आश्रितों को उचित मुआवजा दिया जाये साथ ही गंभीर रूप से घायल श्रमिकों को उचित उपचार एवं आर्थिक सहयोग प्रदान किया जाये।

श्री भनोत ने कलेक्टर को प्रेषित पत्र के माध्यम से कहा गया है कि वे लोकनिर्माण विभाग के अधिकारियों, सुरक्षा से जुड़े एक्स्पर्ट्स के साथ आवागमन के लिए फ्लाइओवर के खुले हिस्से का भ्रमण कर सुरक्षा मानकों की जांच की जाये और संबंधित विभाग को उस हिस्से को सुरक्षा की दृष्टि से अधूरे कार्यों को पूरा करने निर्देशित करें ताकि भविष्य में किसी राहगीर या श्रमिक के साथ कोई गंभीर अप्रिय घटना घटित ना हो।

# द ग्रेट खली के दीवाने हुये यंगस्टर्स



**जबलपुर, देशबन्धु।** देश-दुनिया में अपनी ताकत के झंडे गाड़ चुके द ग्रेट खली जब रविवार को जबलपुर पहुंचे तो यंगस्टर्स में उन्हें देखने और मिलने की दीवानगी देखी गयी। जिसने देखा वो उनके साथ सेल्फी लेने के लिये उत्सुक हो गया। खली जबलपुर में आयोजित प्रदेश एमेच्योर बॉक्सिंग एसोसिएशन के बॉक्सिंग काम्प्टीशन के समापन अवसर पर पहुंचे थे। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा ने उनका स्वागत किया।। द ग्रेट खली एमपी एमेच्योर बॉक्सिंग कंपटीशन के समापन अवसर पर जबलपुर पहुंचे। जबलपुर में तीन दिनों तक चली 35वीं मध्य प्रदेश स्टेट बॉक्सिंग चैंपियनशिप में 16 जिलों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। खली पहली बार जबलपुर आए थे।

## युवाओं को नशे से बचाने के लिये खेल से जोड़ना बेहतर उपाय : खली

जबलपुर पहुंचे द ग्रेट खली ने मीडिया से कहा कि मैं राज्यसभा सांसद विवेक तंखा को बहुत धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्होंने इस तरह की पहल मध्यप्रदेश में की है। उन्होंने यह भी कहा है कि युवा जिस प्रकार से नशे की गिरफ्त में आ रहे हैं, वो बेहद चिंताजनक है। राज्यसभा सांसद विवेक तंखा ने कहा कि आज का दिन मध्यप्रदेश की संस्कारधानी के लिए ऐतिहासिक है क्योंकि यहां पर दुनिया के सर्वश्रेष्ठ रेसलर द ग्रेट खली आए हुए हैं। उनकी पूरी जिंदगी एक स्ट्रगल के रूप में बीती है, बावजूद उसके उन्होंने आज इतना बड़ा मुकाम हासिल कर लिया है कि लोग उनकी एक झलक पाने के लिए आतुर रहते हैं।

# संदीप शर्मा ग्रामीण सदस्यता अभियान के जिला प्रभारी बने



**जबलपुर, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा के निर्देशानुसार, अंत्योदय प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक रामेश्वर दुबे (रम्मू भैया) की सहमति से भाजपा अंत्योदय प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक एवं प्रदेश सदस्यता अभियान प्रभारी अमर मिश्रा के द्वारा संपूर्ण मध्य प्रदेश के भाजपा सदस्यता अभियान के अंत्योदय प्रकोष्ठ के जिला प्रभारीयों की घोषणा की गई है, इसी क्रम में सांसद राकेश सिंह एवं पनागर विधायक सुशील तिवारी (इंदू) एवं भाजपा के जिला अध्यक्ष रानू तिवारी जी की अनुशंसा पर अंत्योदय प्रकोष्ठ के जिला सहसंयोजक संदीप शर्मा को जबलपुर ग्रामीण का सदस्यता अभियान का जिला प्रभारी घोषित किया गया है श्री शर्मा की नियुक्ति पर जबलपुर ग्रामीण के सभी जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारी, एवं कार्यकर्ताओं द्वारा उनको बधाइयां प्रेषित की गई है।

# पमरे : भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की राज्य रैली प्रतियोगिता का शुभारंभ




**जबलपुर, देशबन्धु।** भोपाल में स्थानीय हबीबगंज रेलवे कालोनी स्थित खेल मैदान (स्पोर्ट्स ग्राउंड) में 09 अक्टूबर से 13 अक्टूबर 2023 तक आयोजित पश्चिम मध्य रेल, भारत स्काउट्स एवं गाइड्स की पाँच दिवसीय छठवीं राज्य रैली प्रतियोगिता का शुभारंभ 09 अक्टूबर को मुख्य अतिथि मंडल रेल प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी द्वारा किया गया। इस अवसर पर भारत स्काउट गाइड सेरेमोनियल परेड एवं मार्च पास्ट की सलामी ली। आकाश में गुब्बारे छोड़े गये। कार्यक्रम के दौरान ज़िला मुख्य आयुक्त एवं अपर मंडल रेल प्रबंधक श्रीमती रश्मि दिवाकर नें अपने स्वागत उद्बोधन में रैली के महत्व एवं इससे होने वाले लाभ पर प्रकाश डाला।

रैली के शुभारम्भ अवसर पर अपर मण्डल रेल प्रबंधक योगेश कुमार सक्सेना, वरिष्ठ रेल अधिकारी एवं तीनों मण्डलों अन्य अधिकारी तथा स्काउट्स एवं गाइड्स उपस्थित थे। शुभारंभ कार्यक्रम में जबलपुर, भोपाल, कोटा तीनों मण्डलों के कैडेट ने एक से बढ़कर एक रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं, जिसमें गणेश वन्दना, राजस्थानी झूमर नृत्य, बंगाली नृत्य, राई नृत्य, हास्य व्यंग्य से ओतप्रोत स्किट ऑपरेशन विथ कॉर्पोरेशन प्रमुख आयोजन रहें। पाँच दिवसीय राज्य रैली में मार्च पास्ट, फिजिकल डिस्प्ले, भक्ति गीत, कैंपफायर, लोकनृत्य, देश भक्तिगीत, गेट मेकिंग, पॉयनियरींग इत्यादि जैसे प्रतियोगिता आयोजित किये जाएंगे।

# निर्वाचन संबंधी दायित्वों का गंभीरता से करें निर्वाह : कलेक्टर

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन ने सभी विभागों के अधिकारियों को निर्वाचन संबंधी कार्यों के प्रति सजगता और गंभीरता बरतने तथा सौंपे गये दायित्वोंभ का समय पर निर्वाह करने के निर्देश दिये है। श्री सुमन विधानसभा चुनाव के कार्यक्रम की घोषणा के बाद शाम कलेक्टर कार्यालय में आयोजित बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर कलेक्ट मिशा सिंह, नगर निगम आयुक्तध स्वदप्निल वानखड़े, जिला पंचायत की सीईओ जयति सिंह, अपर कलेक्टार शेर सिंह मीणा एवं नाथूराम गोंड़ भी मौजूद थे।

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टकर श्री सुमन ने बैठक में विधानसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही लागू हुई आदर्श आचरण संहिता की विस्तालर से जानकारी अधिकारियों को दी। उन्होंभने अधिकारियों को आदर्श आचरण संहिता का सख्ती से पालन कराने के निर्देश देते हुए संपत्ति विरूपण अधिनियम के तहत शासकीय भवनों, सार्वजनिक स्थ लों एवं निजी संपत्तियों पर लगे बैनर, पोस्टहर, होर्डिग तथा दिवार लेखन को तय समय सीमा के भीतर हटाने की हिदायत दी।

श्री सुमन ने बैठक में निर्वाचन के दौरान बरती जाने वाली सावधानियां भी अधिकारियों को बताई। उन्हों ने कहा कि निर्वाचन से जुड़े अधिकारी निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देशों का गहराई से अध्यायन कर लें तथा उनका अक्षरश- पालन करें ताकि किसी प्रकार की चूक की संभावना न रहे। कलेक्टिर ने निर्वाचन से संबंधित प्राप्तर होने वाली शिकायतों का तत्प रता से निराकरण करने के निर्देश भी बैठक में दिये। उन्होंने निर्वाचन संबंधी शिकायतों के त्विरित निराकरण के लिए एफ.एस.टी एवं एस.एस.टी टीमों की तैनाती के बारे में भी जानकारी ली।

बैठक में श्री सुमन ने अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र का नियमित रूप से भ्रमण करने के निर्देश दिये। उन्हों ने संवेदनशील और वल्ननरेबल क्षेत्रों पर विशेष नजर रखने की हिदायत भी दी तथा इन क्षेत्रों में फ्लेग मार्च का आयोजन करने कहा ताकि निर्वाचन तंत्र पर लोगों का भरोसा बढ़े और वे निडर होकर मतदान करें।

# रक्षा प्रौद्योगिकी का वर्तमान युग में बहुत महत्व है : कमिश्नर

**जबलपुर, देशबन्धु।** कमिश्नर अभय वर्मा ने कहा है कि बाह्य सुरक्षा के लिए रक्षा प्रौद्योगिकी का महत्वपूर्ण योगदान रहता है। इसलिए मिसाइल, लड़ाकू विमान, हैलीकॉप्टर और एयरक्राफ्ट को समझना चाहिए। वे आज पंडित लज्जा शंकर माडल स्कूल जबलपुर में संचालित ज्ञानाश्रय कोचिंग के छात्र छात्राओं को समझा रहे थे।

इस दौरान सहायक संचालक आदर्श परिवार एवं आधुनिकता नालंदा नि:शुल्क कोचिंग क्लासेस संतोष सेंगर एवं शिक्षक अंकित योगी और छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

आयुक्त श्री वर्मा ने कहा कि पथ के आधार पर मिसाइल दो प्रकार की होती है, क्रूज और बैलेस्टिक। उन्होंने कहा कि क्रूज मिसाइल अपने लक्ष्य को खोजकर प्रहार करती है और पृथ्वी के समान चलती है। इन मिसाइल में जेट इंजन का प्रयोग किया जाता है। जैसे ङ्क ब्रह्मोस मिसाइल, इसी तरह बैलिस्टिक मिसाइल का उपयोग किसी पूर्वनिर्धारित लक्ष्य को दागने के लिए किया जाता है। बैलिस्टिक मिसाइलें छोड़े जाने के बाद हवा में एक अर्धचंद्रकार पथ का अनुसरण करती है। जैसे अग्नि मिसाइल आदि।

# निर्वाचन जागरुकता स्कूली विद्यार्थियों से किया गया संवाद

**जबलपुर, देशबन्धु।** मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत जिला निर्वाचन कार्यालय के स्वीप सेल द्वारा सोमवार को जीसीएफ विद्यानगर हाई स्कूल, निर्मला हाई स्कूल हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम, भारत सेवक समाज हायर सेकंडरी स्कूल हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम तथा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय घमापुर में विद्यार्थियों के साथ निर्वाचन जागरूकता पर संवाद कार्यक्रम आयोजित किये गये। संवाद के इन कार्यक्रमों में जिला स्वीप समन्वयक प्रमोद श्रीवास्तव ने रोचक अंदाज में विद्यार्थियों को निर्वाचन की समूची प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी तथा प्रश्नोत्तरी के माध्यम से विद्यार्थियों को जागरूक किया गया । प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता की विजेता विद्यानगर हाई स्कूल की महक विश्वकर्मा एवं अरबिया खान, भारत सेवक समाज विद्यालय की भावना तिवारी एवं खुशी मिश्रा, निर्मला हाई स्कूल की तनिश चौधरी एवं गुनगुन यादव, शासकीय नगर निगम कन्या उच्चतर माध्यमिक घमापुर की तनु गोठरिया एवं स्वाति वंशकार को पुरस्कृत किया गया।

# घातक हथियार एवं आग्नेय शस्त्रों का प्रदर्शन एवं उपयोग पूर्णत :प्रतिबंधित

**जबलपुर, देशबन्धु।** विधानसभा निर्वाचन की प्रक्रिया के दौरान शांति एवं कानून व्य3वस्थाी बनाये रखने जिला दण्डा धिकारी एवं कलेक्टमर सौरभ कुमार सुमन ने दण्डर प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत प्रतिबंधात्मनक आदेशक जारी कर जबलपुर जिले की संपूर्ण राजस्वन सीमा के सभी प्रकार के घातक हथियार एवं आग्ने4य शास्त्रों के प्रदर्शन और उपयोग को पूर्णत- प्रतिबंधित कर दिया है। आदेश के मुताबिक कोई भी व्याक्ति अस्त्र -शस्त्रस, विस्फोऔटक, तरल गैसीय एवं बायो केमिकल पदार्थ को लेकर नहीं चल सकेगा। इसी प्रकार घातक हथियार जैसे चाकू, लोहे की छड़, लाठी, तलवार, भाला, बरछी, फरसा, गंड़ासा, छुरा, बल्लफम या अन्य कोई छातक हथियार धारण नहीं कर सकेगा और न प्रदर्शन कर सकेगा। किसी भी प्रकार के आग्नेरय शस्त्रों का प्रदर्शन भी सार्वजनिक रूप में नहीं कर सकेगा।

जिला दण्डीधिकारी द्वारा जारी आदेश में व्हा ट्सएप, फेसबुक, एक्सग, इंस्टाणग्राम, हाईक जैसे सभी सोशल मीडिया के प्ले टफार्म तथा एसएमएस का दुरूपयोग कर धार्मिक, जातिवाद, सामाजिक आदि भावनाओं एवं विद्वेष को भड़काने के वाले संदेशो के प्रसारण पर रोक लगा दी है। आदेश में जिले के प्रत्येक थाना क्षेत्र में जनसाधारण के अवैध जमाव को पूर्णत- प्रतिबंधित किया गया है। जिला निर्वाचन कार्यालय तथा रिटर्निंग आफीसर एवं सहायक रिटर्निंग आफीसर के कार्यालय से 100 मीटर के क्षेत्र में भी जनसाधारण का अवैध जमाव पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा।

प्रतिबंधात्मक आदेश में कहा गया है कि समस्त प्रकार के जुलूस, सभा, नारेबाजी, धरना प्रदर्शन आदि पूर्णत: प्रतिबंधित होगें एवं ध्वनि विस्तारक यंत्र के उपयोग (धार्मिक स्थलो को छोड़कर) पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगें। किसी भी स्थान पर कोई आमसभा संबंधित क्षेत्र के अनुविभागीय दंडाधिकारी की बिना अनुमति के प्रतिबंधित एवं अवैध होगी। कोई जुलूस उसके लिए नियत समय, स्थान, मार्ग के संबंध में दी गई अनुमति का उल्लंघन नहीं करेगा तथा निर्धारित मार्ग को बिना अनुमति के परिवर्तित नही किया जा सकेगा।

आदेश के मुताबिक कोई भी राजनैतिक दल अथवा अभ्यर्थी द्वारा मुख्य मार्गों, शाला भवनों एवं अस्पताल के निकट किसी सभा का आयोजन नहीं करेगा, जिससे आम नागरिकों के यातायात, विद्यार्थियों के अध्ययन अथवा रोगियों के उपचार में कोई असुविधा हो।

आदेश में संपूर्ण जबलपुर जिले के अंतर्गत मतदान दिवस के 48 घंटे पूर्व से मतदान दिवस से 48 घंटे बाद तक चालित वाहनों के आवागमन को प्रतिबंधित किया गया है । इससे निर्वाचन कार्य में नियोजित समस्त प्रकार

## जिला दण्डाकधिकारी ने जारी किया प्रतिबंधात्मक आदेश

के वाहन, पुलिस एवं दंडाधिकारी के समस्त प्रकार के वाहन, अभ्यर्थी के एवं उनके निर्वाचन अभिकर्ता के उपयोग के लिए प्राधिकृत अधिकारी द्वारा अनुज्ञा पत्रधारी वाहन, मतदाताओं द्वारा अपने स्वयं के उपयोग के लिए या अपने परिवार के सदस्य के उपयोग के लिए प्रयोग करने वाला वाहन, सार्वजनिक परिवहन बस एवं मालवाहक ट्रक जो निश्चित स्थानों के अनुज्ञा पत्र के आधार पर चल रहे हो, अत्यावश्यक सेवा जैसे अस्पताल, दुग्ध वाहन, पानी टैंकर विद्युत ड्यूटी आदि में प्रयुक्त वाहन अथवा शासकीय कार्य में संयोजित वाहन और अन्य कोई वाहन जिसे प्राधिकृत अधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय जबलपुर से वैद्य रूप से अनुमति दी गई हो को छूट रहेगी।

आदेश में स्पष्ट किया गया है कि कोई भी व्यक्ति अथवा संस्था या राजनैतिक दल सक्षम अधिकारी की अनुमति प्राप्त किये बिना ध्वनि विस्तारक यंत्रो का उपयोग नही करेगा। निर्वाचन प्रचार-प्रसार में वाहन तथा वाहन पर ध्वनि विस्तारक यंत्रो के उपयोग की अनुमति सक्षम प्राधिकारी अनुविभागीय दंडाधिकारी या कार्यपालिक मजिस्ट्रेट से प्राप्त की जायेगी। चिकित्सालय, नर्सिंग होम न्यायालय, शैक्षणिक संस्थान तथा उसके छात्रावास, शासकीय कार्यालय, स्थानीय प्राधिकरणों के कार्यालयों तथा बैंक आदि से 200 मीटर की दूरी के भीतर ध्वनि विस्तारक यंत्र नही चलायेगा।

कोई भी व्यक्ति अथवा संस्था अनुमति प्राप्त किये बिना वाहन पर ध्वनि विस्तारक यंत्रो का उपयोग प्रचार-प्रसार हेतु नही करेगा। ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग रात्रि 10 बजे से सुबह 6 बजे तक किसी भी हालत में नहीं किया जा सकेगा। राजनैतिक दलों द्वारा प्रचार वाहनों में उन्ही वाहनों का संचालन किया जायेगा, जिन्हें जिला निर्वाचन कार्यालय अथवा अनुविभागीय दंडाधिकारी कार्यालय से विधिवत अनुमति प्राप्त हो तथा निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार वाहनों के संचालन में प्रचार-प्रसार के दौरान सुरक्षा के मापदंडो का भी पूर्ण रूप से पालन सुनिश्चित किया गया हो ।

प्रतिबंधात्मक आदेश में कहा गया है कि सभी राजनैतिक व्यक्तियों जिन्हें शासन की ओर से सुरक्षा उपलब्ध कराई गई है तथा जो जबलपुर जिले के किसी भी विधानसभा क्षेत्र के मतदाता नहीं हैं को मतदान दिवस के 48 घंटे पूर्व से मतदान दिवस से 48 घंटे बाद तक के लिये अपनी विधानसभा क्षेत्र के अतिरिक्त अन्य विधानसभा क्षेत्र में उपस्थित रहना तथा आवागमन प्रतिबंधित रहेगा।

इस प्रतिबंध से शासकीय एवं अर्द्धशासकीय निकायों के सुरक्षाकर्मियों, पुलिस कर्मियों, विशेष पुलिस कर्मियों एवं ऐसे शासकीय अधिकारियों पर लागू नहीं होगा, जिन्हें जिला प्रशासन अथवा पुलिस प्रशासन द्वारा चुनाव के दौरान शांति व सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने हेतु नियुक्त किया गया हो।

आदेश के अनुसार जिले की सीमा के भीतर कोई भी बैनर पोस्टर या झण्डा जिसका आकार निर्धारित हो संबंधित प्रशासनिक अधिकारी एवं स्वामित्व रखने वाले की लिखित अनुमति के बिना नहीं लगाया जा सकेगा। प्रचार सामग्री पर नियमानुसार प्रकाशक व मुद्रक का नाम लेख करने के अलावा प्राप्त स्वीकृति का क्रमांक लिखना आवश्यक होगा। आदेश में साफ कहा गया है कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी आदर्श आचार संहिता का सभी को पालन करना अनिवार्य होगा।

# पंडालों को सजाने संवारने का क्रम शुरू



**जबलपुर, देशबन्धु।** आदि शक्ति की पूजा आराधना का महापर्व दुर्गा महोत्सव की विशेष तैयारियों को लेकर दुर्गा समितियां पंडालों को सजाने संवारने में लगी हुई है, तो वहीं दूसरी ओर मूर्तिकार भी दुर्गा प्रतिमाओं को दिन रात बनाकर तैयार करने में जुटे हुए हैं। संस्कारधानी का दुर्गा महोत्सव देश भर में होने वाले दुर्गा महोत्सवों में शुमार है। दस दिवसीय गणेश महोत्सव के पश्चात 10 दिवसीय दुर्गा महापर्व शहर के साथ-साथ जिले के आसपास के ग्रामीण अंचलों में बड़ी धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया जा जाता है। दस दिवसीय दुर्गा महापर्व में हिंदू धर्मावलंबी 9 दिनों तक व्रत रखकर माता शक्ति की भक्ति भाव से पूजा आराधना करते हैं, और उनसे अपने परिवार की सुख समृद्धि की कामना करते हैं।

**दुर्गा महोत्सव में उमड़ते है श्रद्धालु**-संस्कारधानी में दस दिवसीय नवरात्र महोत्सव में बड़ी ही धूमधाम और भक्ति भाव के साथ प्रतिवर्ष मनाया जाता है। जिसमें शहर और ग्रामीण अंचलों से श्रद्धालु मां शक्ति के दर्शन करने आते है, वहीं दूसरे शहरों से बड़ी संख्या में दुर्गा भक्तजन नगर में रखी दुर्गा प्रतिमाओं के दर्शन कर पुण्य लाभ

### नगर में बनी प्रतिमाएं जाती है यूपी और अन्य शहरों में



शास्त्री नगर स्थित दीप कला मंदिर के मूर्तिकार कपिल चक्रवर्ती ने बताया कि उनके पिताजी राजाराम चक्रवर्ती पिछले 40 सालों से गणेश जी, दुर्गा जी, और होलिका जी प्रतिमाओं का निर्माण कार्य कर रहे है। उनके द्वारा बनाई गई प्रतिमाएं शहर के साथ-साथ जिले के ग्रामीण अंचलों में समितियों द्वारा रखी जाती है। इसके साथ ही यूपी के बांदा जिले तक की समिति के लोग उनके यहां दुर्गा प्रतिमाएं लेने आते है। उन्होंने यह भी बताया की 10 फुट की प्रतिमा को बनाने में 20 हजार रूपये तक आती है लागत।

### यहां से ग्रामीण अंचलों में जाती है दुर्गा प्रतिमाएं



एक अन्य मूर्तिकार राकेश चक्रवर्ती ने बताया कि वह करीब 15 सालों से धार्मिक प्रतिमाएं बनाने का कार्य कर रहे है। उनके यहां से नगर के साथ ही बरगी, शहपुरा, सिवनी जिले के घुंसौर तक दुर्गा समितियों के पदाधिकारी दुर्गा प्रतिमाओं को लेने आते है।

# गोविंद गंज रामलीला में सभी ने मनाया राम जन्मोत्सव

## फिरोगे ठोकरें खाते महा दुस्तर पहाड़ों में, नारद का श्राप बना राम जन्म का कारण



**जबलपुर, देशबन्धु।** फिरोगे ठोकरें खाते महा दुष्तर पहाड़ों में, कभी जंगल कभी पर्वत कभी गिर कंदराओं में..! ब्रम्हा जी मानस पुत्र देवर्षि नारद जी का ये श्राप त्रेता में भगवान श्रीराम के जन्म का कारण बना। गोविंद गंज रामलीला में नारद मोह, श्रीराम जन्म की भावपूर्ण लीला प्रस्तुत की गई। जैसे ही प्रभु श्रीराम, अनुज लक्ष्मण,भरत, शत्रुघन के जन्म की किलकारी गूंजी, वैसे ही दर्शकों की भीड़ ने जय श्रीराम का उदघोष किया।

**नारद मोह बड़ा कारण**-व्यास पं. वासुदेव शास्त्री ने बताया कि राम जन्म के अनेक हेतुओं में से एक नारद मोह भी है। राम जन्म के साथ ही रावण-मेघनाद-कुंभकरण की तपस्या, कामदेव की लीला, इंद्र का घबराना और फिर विश्वमोहिनी संवाद की लीला से दर्शक रूबरू हुए।

**सभी ने भी मनाया राम जन्मोत्सव**-रामलीला मंच पर राम के जन्म का उत्सव सभी ने मनाया। अध्यक्ष अनिल तिवारी ने बताया कि ये अवसर सभी के लिए बेहद खास होता है। हर वर्ष इस अवसर पर प्रसाद, लड्डूओं के साथ हरीरा आदि वितरित किया जाता है। आज मंदिर में भगवान लक्ष्मी नारायण को महाभोग लगाया गया। सोमवार की लीला में अतुल पांडे, सीताराम शास्त्री, दीपक नामदेव, पवन पांडे, ओम दुबे सहित अनेक कलाकारों ने हिस्सा लिया।

**आज होगा ताड़का वध** -अनिल तवारी ने बताया कि रामलीला मंच पर आज ताड़का वध, मारीच सभा और अहिल्या उद्धार की लीला होगी। ताड़का के प्रकटीकरण के लिए महामंत्री मनीष पाठक के निर्देशन में समिति की एक्सपर्ट टीम मेहनत कर रही है। मायावी मारीच सभा का मायाबी चित्रण होगा, तो वहीं अहिल्या उद्धार की भक्तिपूर्ण लीला होगी।

## आज खाटू श्याम मंदिर गोरखपुर में भजनों का होगा आयोजन

**जबलपुर, देशबन्धु।** श्री महाकाल खाटू श्याम मंदिर गोरखपुर के बब्लू यादव ने बताया कि श्री महाकाल खाटू श्याम मंदिर गोरखपुर में आज शाम 6:00 बजे से विशाल भजन संध्या का आयोजन किया गया है। जिसमें सुप्रसिद्ध भजन गायिका अधिष्ठा एवं अनुष्का द्वारा सुमधुर धार्मिक गीतों की प्रस्तुती दी जायेगी। इस धार्मिक कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील बब्लू यादव, विक्की मनानी, हिमांशु साहु, सागर कोडवानी, आदि समिति सदस्यों ने आम धर्म प्रेमी नागरिकों से की है।



# त्रिपुरी चौक के चारों रास्ते 5 माह से बंद

## आम नागरिकों की परेशानी से पार्षद को भी कोई लेना-देना नहीं



**जबलपुर, देशबन्धु।** त्रिपुरी चौक स्थित तिराहे को पिछले 5 महीनों से रोड बनाने के नाम पर मिट्टी का ढेर लगाकर तिराहे से मिलने वाले चारों रास्तों से आवागमन बंद कर दिया गया है। ऐसा लगता है कि आम नागरिकों की परेशानी से पार्षद को भी कोई लेना-देना नहीं है। जिससे गढ़ा बाजार जाने वालों के साथ-साथ रानीताल, कछपुरा ओवर ब्रिज की ओर जाने वाले राहगीरों और वहां निवासरत लोगों को अच्छी-खासी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। दूसरी ओर गढ़ा बाजार के व्यापारियों का व्यापार प्रभावित हो रहा है और उन्हें आर्थिक हानि उठानी पड़ रही है। त्रिपुरी चौक के व्यापारियों ने नाराज होकर विगत दिनों नगर निगम कश्मिनर को ज्ञापन सौंपकर शीघ्र कार्य पूर्ण कराने का आग्रह किया था। त्रिपुरी चौक के व्यापारियों ने ज्ञापन के माध्यम से आयुक्त को बताया था कि तिराहे के चारों रास्तों के बंद होने से उनका व्यापार बुरी तरह चौपट हो गया है, और उनके परिवार पर आर्थिक संकट का खतरा मंडरा रहा है। बता दें कि त्रिपुरी चौक से गढ़ा और कछपुरा जाने के लिए यही एक मुख्य तिराहा है, लेकिन वह भी 5 माहों से नगर निगम पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा बंद कर दिया गया है।

**गुलौआ रेल फाटक पासपास भी 6 माह से बंद रास्ता**-कछपुरा जोन क्रमांक 2 के कार्यालय के पास गुलौआ रेल फाटक के पास हो रहा पुलिया निर्माण ने भी लोगों को परेशान कर रखा है। इस संबंध में जोन में पदस्थ संभाग यंत्री ने बताया कि पुलिया का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। पुलिया के आसपास पड़ा मटेरियल हटाने के बाद गुरूवार तक पुलिया से यातायात सुचारू हो जायेगा।



तिराहे पर मिलने वाले बंद पड़े चारों रास्तों के संबंध में कछपुरा जोन में पदस्थ संभागीय यंत्री राजेश गोस्वामी से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि 7 दिन पूर्व ही क्रांकीट डाला गया है। जिसे सही तरह पक्का होने के लिए 21 दिन जरूरी होते है। 21 दिन बाद सड़क का उपयोग किया जा सकता है। लेकिन लोगों को हो रही परेशानी को ध्यान में रखते हुए जल्द ही पंडा की मढ़िया जाने के लिए रास्ता दे दिया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि त्रिपुरी चौक से धनवंतरी नगर की ओर जाने वाले रास्ते को शुक्रवार तक खोल दिया जायेगा। यातायात को सुचारू करने के लिए नगर निगम द्वारा हर संभव कोशिश की जा रही है।

**- राजेश गोस्वामी,** संभागीय यंत्री
कछपुरा जोन नगर निगम

## दैनिक राशिफल

मंगलवार 10 अक्टूबर 2023 का पंचांग विक्रम संवत् 2080,शक संवत 1945 हिजरी 1444। आश्विन कृष्ण पक्ष की एकादशी, नक्षत्र-अश्लेषा।

**मेष**
आपको अपने उग्र स्वभाव और जिद पर काबू रखना होगा। आप परिश्रमी बने रहेंगे। हालांकि परिश्रम का फल नहीं मिलने से आप निराश हो सकते हैं।

**वृषभ**
आज आप बहुत आत्मविश्वासी बने रहेंगे। इससे हर काम बहुत आसानी से पूरे हो सकेंगे। विद्यार्थियों की रुचि पढ़ाई में लगी रहेगी।

**मिथुन**
दिन का आरंभ ही ताजगी से होगा। आपको किस्मत का साथ मिलेगा। विचारों में अस्थिरता की वजह से उलझन में आ सकते हैं।

**कर्क**
आज आप किसी बात से भयभीत रहेंगे। परिवार के सदस्यों के साथ मतभेद या मनमुटाव होने की ?आशंका है। आपका अभिमान किसी के दिल को ठेस पहुंचा सकता है,

**सिंह**
आपका आत्मविश्वास काफी प्रबल होने से आप किसी भी तरह का निर्णय जल्दी ले सकेंगे। इससे आपकी प्रगति का मार्ग आसान होगा।

**कन्या**
आज आप किसी चिंता में रह सकते हैं। किसी के साथ वाद-विवाद होने से आपका अपमान हो सकता है। अचानक खर्च आ सकता है।

क.

**तुला**
आज आपको कोई शुभ फल की प्राप्ति होगी। हर काम में भाग्य का साथ मिलेगा। मित्रों से मिलने का अवसर मिलेगा। कहीं बाहर घूमने-फिरने का मज़ा ले सकेंगे।

**वृश्चिक**
-अब आप पारिवारिक जीवन की वास्तविकता को समझ सकेंगे। घर में खुशी का वातावरण रहेगा। प्रत्येक काम में सफलता मिलेगी। व्यापार में अच्छे अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि हो सकेगी।

**धनु**
आज आप अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखें। काम में उत्साह कम रहेगा। मानसिक रूप से भयभीत रहेंगे। संतान संबंधी समस्या परेशान करेगी।

**मकर**
आज नकारात्मक विचारों से दूर रहें। कठिन परिस्थिति से बाहर निकलने के लिए शांत स्वभाव से काम लेना पड़ेगा। भागीदारों के साथ मतभेद हो सकता है। अचानक प्रवास का योग है।

**कुंभ**
आज आनंद- उत्साह से भरपूर रहेंगे। आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। काम में सफलता मिलेगी। उत्साह और उमंग होने से काफी ऊर्जावान महसूस करेंगे।

**मीन**
दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के कारण काम में सफलता मिलेगी। परिवार में सुख- शांति बनी रहेगी। आपका क्रोध आपकी वाणी और व्यवहार में दिख सकता है।

मा.

# आचार संहिता लगते ही सक्रिय हुए शासकीय कार्यालय



**जबलपुर देशबन्धु।** मध्य प्रदेश के साथ अन्य पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए सोमवार को दोपहर करीब 1 बजे चुनाव आयोग ने अधिसूचना जारी कर दी। अधिसूचना की जारी होते ही आचार संहिता के पालन के लिए नगर सहित ग्रामीण अंचलों में शासकीय विभाग ने तत्वर्तित कार्रवाई करते हुए नेताओं और राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं द्वारा दीवारों पर लिखे गए नारों को मिटाया वहीं राजनैतिक दलों से संबंधित फ्लेक्स, बैनर पोस्टरों को हटाने में जुट गए। नगर में लगे बैनर पोस्ट को नगर निगम के कर्मचारियों ने निकाल कर जप्त किया तो वहीं भेड़ाघाट नगर परिषद के कर्मचारियों ने आदर्श आचार संहिता के चलते नगर परिषद क्षेत्र में लगे बैनर उतारे। बता दें कि आदर्श आचार संहिता लगने के बाद कहीं कोई भी राजनैतिक दल सार्वजनिक स्थलों पर बैनर पोस्टर नहीं लगा सकता।

**नगर परिषद सीएमओ ने दिए निर्देश**-भेड़ाघाट नगर परिषद के स्वास्थ्य शाखा के प्रभारी सुनील बैरागी ने बताया कि नगर परिषद में आचार संहिता का पालन करने के लिए ग्रामीण अंचलों में लोगों की दीवारों पर लिखे राजनीतिक नारों को मिटा दिया गया है, तो वही नेताओं से संबंधित सभी बैनर और पोस्टरों को निकाल कर नगर परिषद ने जप्त कर लिया है। उन्होंने बताया उन्हें भेड़घाट नगर परिषद सीएमओ द्वारा सख्ती के साथ आदर्श आचार संहिता का पालन कराने के निर्देश दिए थे, इसी तारतम्य में यह कार्यवाही की गई है।



# डबलूसीआरईयू का प्रदर्शन आज

**जबलपुर, देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेलवे के सिग्नल एवं टेलीकम्युनिकेशन डिपार्टमेंट (एसएंडटी) एवं इंजीनियरिंग विभाग के नरसिंहपुर में व्याप्त अंधेरगर्दी, कर्मचारियों को छोटी-छोटी बातों पर प्रताड़ित करने सहित अनेक मांगों को लेकर वेस्ट सेंट्रल रेलवे एम्पलाइज यूनियन (डबलूसीआरईयू) द्वारा मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय प्रांगण में आज दोपहर 1 बजे विशाल प्रदर्शन व गेट मीटिंग का आयोजन किया गया है.

**कर्मचारियों को किया जा रहा प्रताड़ित**-इस संबंध में यूनियन के मंडल सचिव काम. रोमेश मिश्रा ने रेल प्रशासन को शिकायत करते हुए कहा है कि सीडीएसटीई (को), मंडल इंजी (दक्षिण) एवं सहा मंडल इजी. नरसिंहपुर द्वारा पिछले लम्बे समय से कर्मचारियों को निरन्तर प्रताड़ित किया जा रहा है। इंजी. कर्मचारियों द्वारा उनकी परिवारिक आवश्यकताओं या परिवार में कोई आपात स्थिति उत्पन्न होने पर अवकाश का आवेदन देने पर अवकाश स्वीकृत नहीं किया जाता है। जिस कारण पारिवारिक परिस्थितियों/ आवश्यकताओं की वजह से कर्मचारी को अनुपस्थित होना पडता है। एक-दो दिन की अनुपस्थिति से लौटने पर उसे ड्यूटी पर नहीं लिया जाता है। एडीईएन नरसिंहपुर के पास भेजकर भटकाया जाता है। जिससे अनुपस्थिति की अवधि और अधिक बढ जाती है. रेलवे को काम के लिये आदमी नहीं मिलते एवं कर्मचारी को वेतन की क्षति पहुंचती है। अतः एब्सेंट से लौटने पर कर्मचारी को ड्यूटी पर लिया जाये।

कर्मचारियों द्वारा स्वयं के अनुरोध पर लगाये गये अन्तर्गंडलीय / अन्तररेलवे स्थानान्तरण आवेदनों पर कार्यवाही नहीं की जा रही है। अनेको कर्मचारियों के आवेदन पेंडिंग है। सहा मंडल इंजी नरसिंहपुर द्वारा पूरी तरह से तानाशाही रवैया अपनाया जा रहा है। कर्मचारियों को इनके द्वारा छोटी-छोटी बातों पर चार्जशीट जारी करायी जा रही है। गंभीर दण्ड आधिरोपित कराये जा रहे हैं. इतना ही नहीं ये कर्मचारियों के प्रति अभद्र भाषा का उपयोग/ गाली गलौज करते हैं।

भिटोनी भेडाघाट बागरातवा, गुर्रा सोनतलाई एवं अन्य रेलवे आवासों की स्थिति खराब एवं दयनीय है। रेल आवासों में सुधार की कोई भी कार्यवाही आज तक नहीं की गयी है। जिससे कर्मचारी त्रस्त एवं आक्रोशित है।

**चहेतों को दी जा रही मनचाही पोस्टिंग**-सीनियर डीएसटीई (को) द्वारा फर्स्ट ऑन टर्न नेमनोटिंग इग्नोर कर अपने चहेतों को मनचाही पोस्टिंग दी जा रही है। जिसमें भ्रष्टाचार की बू आ रही है। साथ ही 04 वर्ष पूर्ण कर चुके

# पूंजीपतियों का कर्ज माफ किया जा सकता है, तो किसानों का क्यों नहीं: शिवकुमार

**जबलपुर, देशबन्धु।** राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव कुमार कक्का ने कहा कि देश किसानों का सम्पूर्ण कर्ज माफ किया जाना चाहिए। इसके साथ ही किसानों की सम्पूर्ण फसल समर्थन मूल्य पर खरीदी की जानी चाहिये। इस आशय के विचार आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान व्यक्त किए। आयोजित पत्रकार वार्ता में पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि जब देश भर के पूंजीपतियों का भारी-भरकम कर्ज माफ किया जा सकता है, तो फिर किसानों कर्ज क्यों माफ नहीं किया जा रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने पूर्व में कहा था कि किसानों की फसल समर्थन मूल्य पर खरीदी जायेगी। लेकिन उन्होंने भी प्रधानमंत्री बनने बाद किसानों के लिए उचित कदम नहीं उठाएं। उन्होंने आगे बताया कि किसानों को विद्युत, भूमि अधिग्रहण, फसल क्षतिपूर्ति, राजस्व पंजीयन, फसल बीमा, कृषि अनुदान, कृषि उपज मंडी, गन्ना निति, उद्यानिकी, पशुपालन, जैविक और प्राकृतिक खेती, जल संसाधन विभाग, परिवहन जैसी विभिन्न मांगों के विषय में जानकारी देते हुए प्रदेश सरकार और केन्द्र सरकार पर आरोप लगाए। उन्होंने आगे कहा कि किसान मोर्चा द्वारा किसान मजदूर बचाओ 40 दिवसीय यात्रा भी निकाली जा रही है। पत्रकार वार्ता के दौरान अन्य प्रदेश आए किसान मोर्चा के पदाधिकारी भी उपस्थित रहे।

# निधन

## ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान

**श्री दिनेश प्रसाद टंडन**- सुहागी अधारताल निवासी श्री दिनेश प्रसाद टंडन (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती आशा बाई सैनी**-महेशपुर आमनपुर मदनमहल निवासी श्री मोहन लाल सैनी की धर्मपत्नी श्रीमती आशा बाई सैनी (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती इंद्रा चतुर्वेदी**- सुहागी अधारताल निवासी श्री कृष्ण कुमार चतुर्वेदी की धर्मपत्नी श्रीमती इंद्रा चतुर्वेदी (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री शिव बर्मन**- एलआईसी कॉलोनी मदनमहल निवासी श्री शिव बर्मन (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री अशोक कुमार सिसोदिया**-संजीवनी नगर निवासी श्री अशोक कुमार सिसोदिया (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री गोथल अहिरवार**-सिद्धनगर राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री गोथल अहिरवार (91) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राज नारायण तिवारी**-अधारताल निवासी श्री राज नारायण तिवारी (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सुमित्रा बाई कोरी**-शीतलामाई निवासी श्री विजय कोरी की धर्मपत्नी श्रीमती सुमित्रा बाई कोरी (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**कु. रिया पनग्रहा**- नर्मदा क्लब के पास सदर निवासी श्री राजू पनग्रहा की पुत्री कु. रिया पनग्रहा (21) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कमला बाई अग्रवाल**-प्रोफेसर कॉलोनी करमेता निवासी श्री गनपत लाल अग्रवाल की धर्मपत्नी श्रीमती कमला बाई अग्रवाल (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर में किया गया।

**श्री राकेश झारिया**- बृजमोहन नगर छापर रामपुर निवासी श्री शिवनाथ झारिया के पुत्र श्री राकेश झारिया (43) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट में संपन्न हुआ।

**श्री मुकुंदी लाल वाल्मीक**-सीतापहाड़ निवासी श्री मुकुंदी लाल वाल्मीक (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मोक्षधाम में किया गया।

**श्री पीएस मणी**- गंगा मैया व्हीकल निवासी श्री पीएस मणी (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**कु. सरोज पटेल**- गोपाल होटल लालमाटी निवासी श्री शारदा प्रसाद पटेल की पुत्री कु. सरोज पटेल (30) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती सुनीता पटेल**- नेता कॉलोनी अधारताल निवासी श्री सत्येंद्र पटेल की धर्मपत्नी श्रीमती सुनीता पटेल (46) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

## कॉम्बिंग गस्त के दौरान कई वर्षो से फरार 463 वारंटी पकड़े गये



### 24 आरोपियों को 17 चाकू, 4 बका, 3 तलवार के साथ रंगे हाथ पकड़ा गया

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश भर में चुनाव की तारीख घोषित कर दी गई है। जिसके बाद पुलिस भी सक्रिय हो गई है। इसके चलते पुलिस अधीक्षक तुषार कांत विद्यार्थी के आदेशानुसार विधान सभा चुनाव को ध्यान मे रखते हुये एवं अपराधों की रोकथाम के लिये समस्त थाना प्रभारी शहर एवं देहात पुलिस ने कॉम्बिंग गस्त की गई।

जिसमें वारंटी एवं लंबित मामलों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये प्रत्येक थाने में 2 से 3 टीमें बनाई गई। टीमों के द्वारा दबिश देते हुए कॉम्बिंग गस्त के दौरान मारपीट, चोरी, अवैध हथियार, अवैध शराब, आदि प्रकरणों में फरार चल रहे 106 गैर म्यादी एवं 158 गिरफ्तारी वारंटियों को पकड़ा गया तथा 199 जमानती वारंट तामील किए गए। वहीं अवैध शराब के कारोबारियों के ठिकानों पर दबिश देते हुये 54 आरोपियों को गिरफ्तार कर 335 लीटर कच्ची एव 699 पाव देशी/विदेशी शराब जप्त की गई है। इसके साथ ही 24 आरोपियों को 17 चाकू, 4 बका, 3 तलवार सहित रंगे हाथ पकड़ा गया है।

**17 हजार रूपये के पकड़े गये 11 ईनामी बदमाश-** रांझी थाना में 2-2 हजार रूपये के ईनामी बदमाश गणेश सिंह पिता पंचम सिंह ठाकुर उम्र 21 वर्ष निवासी मढई थाना रांझी, दर्शन बाई पति चमन गोपाल प्रसाद उम्र 55 वर्ष निवासी गोकलपुर हनुमान मंदिर के पीछे थाना रांझी, सच्चू उर्फ सचिन ठाकुर पिता श्रीराम ठाकुर उम्र 23 निवासी मढई थाना रांझी, संजय यादव पिता जगदीश यादव उम्र 18 निवासी बडा पत्थर थाना रांझी जिला जबलपुर, अमन बिरहा पिता विनोद बिरहा उम्र 24 वर्ष निवासी कटनी दफाई रांझी को तथा थाना घमापुर में 1-1 हजार रूपये के ईनामी जितेन्द्र उर्फ जित्तू पिता महेश चौधरी निवासी सिंधी कैम्प मदार टेकरी थाना हनुमानातल, छोटू उर्फ योगेश गौड पिता नरेश गौड उम्र 17 वर्ष निवासी बल्दीकोरी की दफाई थाना घमापुर, भोला दाहिया पिता दशरथ दाहिया उम्र 25 वर्ष निवासी जीसीएफ स्टेट कन्या स्कूल के सामने थाना घमापुर तथा थाना गोरखपुर में 2 हजार रूपये के ईनामी आरोपी ईश्वर दास पिता जनसुख बैरागी उम्र 26 वर्ष निवासी खालसा कॉलेज के पीछे थाना गोरखपुर एवं 1 हजार रूप्ये के ईनामी आरोपी ईश्वर दास पिता जनसुख बैरागी उम्र 26 वर्ष निवासी खालसा कॉलेज के पीछे थाना गोरखपुर तथा गोसलपुर में 1 हजार रूपये के ईनामी टेकराम चडार पिता शिवचरण चडार उम्र 19 वर्ष निवासी सहसन थाना पाटन को पकड़ा गया है।

## दुकान पर चोरों का धावा, मोबाइल सहित नगदी 6 लाख की चोरी

### सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए चार नकाबपोश



**जबलपुर, देशबन्धु।** शहपुरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत पुरानी पुलिस चौकी के सामने स्थित मोबाइल शॉप में बीती रात अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर दुकान में रखे कीमती 30 मोबाइल एवं नगदी सहित 6 लाख 50 हजार में हाथ साफ कर मौके से फरार हो गए पुलिस ने अज्ञात चोरों के विरुद्ध मामला दर्ज कर उनकी पताशाजी शुरू कर दी है। पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि पुरानी पुलिस चौकी के सामने बस स्टैंड में रितेश जैन की मोबाइल शॉप है।

जहां पर वह रात को दुकान बंद कर अपने घर चले गए थे सोमवार सुबह जब दुकान के सामने सब्जी की दुकान लगाने वाले लोगों ने उनको सूचना दी, कि आपकी दुकान की शटर का ताला टूटा हुआ है तो वह मौके पर पहुंचे अंदर जाकर उन्होंने देखा कि सामान बिखरा पड़ा हुआ है और शोकेस में रखे कीमती 30 मोबाइल मौके पर नहीं मिले। साथ ही काउंटर के अंदर रखें 1 लाख 58 हजार रुपए अज्ञात चोर चुरा कर ले गए। बीती रात हुई चोरी को लेकर रात्रि गस्त को लेकर पुलिस की सुस्त कर प्रणाली को लेकर सवाल उठ रहे हैं। जानकारी के अनुसार पुलिस की रात्रि कालीन गस्त ठंडे बस्ते में पड़ी हुई है, जिससे चोरों के हौसले बुलंद हो रहे हैं।

रितेश जैन की मोबाइल शॉप में लगे सीसीटीवी कैमरे के आधार पर बीती रात चार अज्ञात बदमाश दुकान की शटर तोड़कर अंदर पहुंचे। जहां पर उन्होंने इस घटना को अंजाम दिया। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है किंतु सभी बदमाश चेहरे पर नकाब लगाए हुए थे इसलिए पुलिस को छानबीन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



## हाईकोर्ट के सिल्वर जुबली हॉल आदर्श सभागार में अखिल भारतीय संयुक्त अधिवक्ता मंच भारत की संगोष्ठी

**जबलपुर, देशबन्धु।** राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्र कुमार वालेजा वरिष्ठ अधिवक्ता जबलपुर प्रवास पर सोमवार को समस्त कार्यकारिणीयो से मुलाकात के लिए पधारे थे। उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन सिल्वर जुबली आदर्श सभागार में अधिवक्ता हित कल्याण, सम्मान, सुरक्षा हितों से संबंधित मंच द्वारा जानकारी दी गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्र कुमार वलेजा अधिवक्ता ने बताया कि जबलपुर और भोपाल का मंच पूरे देश में तेजी से विशालतम समूह एक जुट किया गया है।

मंच से बार एसोसिएशन, उच्च न्यायालय बार एसोसिएशन, कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन से विजयी प्रत्याशी अमन शर्मा, रेणुका शुक्ला, राजू बर्मन, प्रवेश खेड़ा अधिवक्ताओ का मंच के द्वारा सम्मान किया गया। एवं मातृ संस्था उच्च न्यायालय बार अध्यक्ष संजय वर्मा अधिवक्ता, सचिव परितोष त्रिवेदी अधिवक्ता, जिला बार एसोसिएशन अध्यक्ष आर. के सिंह सैनी अधिवक्ता, सचिव राजेश तिवारी, पूर्व सचिव मनीष मिश्रा अधिवक्ता , का मंच ने साधुवाद ज्ञापित किया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री वलेजा के जन्म दिन में केक काटकर अधिवक्ताओ ने शुभकामनाएं प्रेषित की।

इस अवसर पर चंद्र कुमार वलेजा, मनोज सनपाल, वेद प्रकाश नेमा, राजेश पंजवानी, जय सचदेवा, दीपक पंजवानी, शक्ति त्रिपाठी , हेमलता क्षत्रीय, विभा पाठक, अशोक बलानी, विशुद्ध जैन, अंजली श्रीवास्तव, वैभव जैन, प्रवेश खेड़ा, पवन सक्सेना, अमन शर्मा, रेणुका शुक्ला, राजू बर्मन, मुईन खान,अर्चना उपाध्याय, मंजू खत्री, आशा तिवारी, रितु बडगैया , कपिल रामानी, संदीप दुबे, प्रेम नारायण वर्मा,कंचन यादव, सुनीता डागौर, रश्मि तिवारी, पुष्प लता मिश्रा , प्रियंका इत्यादि अधिवक्ता मौजूद रहे।

## ऑनलाईन क्रिकेट सट्टा खिलवाने वाले 2 सटोरिये गिरफ्तार

### 1 लैपटाप,1 एलसीडी,1 आईफोन, 2 मोबाईल एवं नगद 4 हजार 155 रूपये जप्त

**जबलपुर, देशबन्धु।** क्रिकेट वर्ल्ड कप शुरू हो गया है। जिसमें कुछ मैच भी खेले जा चुके हैं। इस पर क्रिकेट सटोरिये भी सक्रिय हो गये हैं। जो हर मैच में सट्टा खिलवा रहे हैं। इसी कड़ी में कोतवाली थाना अंतर्गत तमरहाई स्कूल के पास क्रिकेट का सट्टा खिलवाते हुये पकड़ा है।

इस संबंध में कोतवाली थाना प्रभारी राजेश बंजारे ने बताया कि बीती शाम क्राइम ब्रांच को सूचना मिली कि तमराहाई स्कूल के पास अपने घर में शुभम सिद्धा भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चल रहे वनडे मैच पर रूपयों का दाव लगवाकर, तकनीकी संसाधनों का उपयोग करते हुये क्रिकेट का सट्टा संचालित कर रहा है। सूचना क्राइम ब्रांच एवं थाना कोतवाली की संयुक्त टीम ने तमरहाई स्कूल के पास दबिश देते हुये शुभम सिद्धा के घर का दरवाजा खुलवाया। जहां एक युवक पुलिस को देखकर लैपटॉप एवं मोबाइल छुपाकर भागने लगा। जिसे पकड़ा जिसने अपना नाम शुभम सिद्धा उम्र 32 वर्ष निवासी 4/4 छोटा फुहारा तमरहाई स्कूल के पास कोतवाली बताया। जिसके लैपटॉप एवं



मोबाइल को चेक किया गया। जिसमें भारत एवं ऑस्ट्रेलिया के बीच चल रहे वनडे क्रिकेट मैच पर सट्टा खिलाये जाने की साइट खुली हुई मिली एवं सट्टा की रकम 2 हजार रूपये मिले। टीवी पर मैच चल रहा था। आरोपी ने पूछताछ पर मास्टर आईडी के माध्यम से अन्य खिलाड़ियों को क्रिकेट सट्टा खेलने के लिये आईडी पासवर्ड बनाकर देना बताया एवं स्वयं लैपटॉप एवं मोबाइल के माध्यम से क्रिकेट का सट्टा खिलाना स्वीकार करते हुये उक्त क्रिकेट सट्टा खिलाने का कार्य कटनी निवासी विपिन जनकानी के कहने पर करना बताया। आरोपी शुभम सिद्धा के कब्जे से लैपटॉप, एंड्राइड मोबाइल, एलसीडी क्रिकेट सट्टा की रकम 2 हजार रुपए जप्त करते हुए आरोपियों के विरूद्ध अपराध दर्ज कर लिया है।

#### माढ़ोताल में सटोरिया पकड़ा गया

इसी प्रकार माढ़ोताल थाना प्रभारी विपिन ताम्रकार ने बताया कि बीती रात क्राईम ब्रांच को सूचना मिली कि एक युवक श्रीराम कॉलेज के मेन गेट के बाजू से अपने मोबाइल पर इंडिया वर्सिस ऑस्ट्रेलिया ओडीआई क्रिकेट मैच को देखकर दाव लगवाकर सट्टा खिला रहा है। सूचना पर क्राईम ब्रांच एवं थाना माढोताल की संयुक्त टीम ने श्रीराम कॉलेज के पास दबिश दी। जहां एक युवक मोबाइल पर इंडिया वर्सिस ऑस्ट्रेलिया का मैच देखते हुये एवं कागज में कुछ लिखते हुये मिला। जिसे पुलिस ने पकड़ लिया। पूछताछ में जिसने अपना नाम दीपांशु मांझी उम्र 26 वर्ष निवासी कृष्णा सिटी के सामने श्रीराम परिसर माढ़ोताल बताया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक मोबाइल, 2 सट्टा पट्टी, एक पेन तथा नगदी 2 हजार 155 रूपये जप्त करते किये हैं।



## प्रमोशन के लिये महिलाएं सड़क पर उतरी

**जबलपुर, देशबन्धु।** आयुध निर्माणी खमरिया में विगत दो वर्षों से बाधित प्रोमोशन के लिए जारी संघर्ष में अब महिला कर्मचारी भी सड़क पर उतर आई हैं, फील्ड ऑफिस व्हीएफजे में नारेबाजी के दौरान महिलाएं भी नारे लगाते और प्रमोशन की मांग करते नजर आई। यहां यूनियन के कुछ वरिष्ठ साथी इस मामले में पहले ही डीओओ ( सी एण्ड एस) से मुलाकात कर मामले को हल करवाने के प्रयास में लगे हुए है।

यूनियन का शुरू से ही यह आरोप रहा है कि फील्ड ऑफिस जबलपुर बे वजह ही इस मामले को उलझाए हुए है। उन्होंने अकारण ही मामले को डीओओ (सी एण्ड एस) को भेजा है, जबकि यह उनके अधिकार क्षेत्र में आता है, जब कानूनी सलाह में यह स्पष्ट हो चुका है कि जो न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है उससे शेष कर्मचारियों को रोके रखना न्याय उचित नहीं है। यूनियन ने कहा है कि अब भी अगर डीडीजी फील्ड ऑफिस कोई निर्णय नहीं लेते तो हम अपना आंदोलन जारी रखेंगे। इस मामले को लेकर यूनियन के पदाधिकारियों ने पहले भी वरिष्ठों को पत्राचार के माध्यम से अवगत कराया है। लेकिन आज तक कोई उचित कदम नहीं उठाये गये हैं। जिससे कर्मचारियों में खासा आक्रोश व्याप्त है।

## पमरे ने प्रथम छमाही में 26 मिलियन टन से अधिक माल लदान किया

**जबलपुर, देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर, भोपाल एवं कोटा तीनों मण्डल माल लदान में लगातार वृद्धि के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस चालू वित्तीय वर्ष के प्रथम छमाही में 26.12 मिलियन टन माल लदान किया, जबकि गत वित्तीय वर्ष की इसी अवधि में पमरे ने 25.83 मिलियन टन माल लदान किया था, जो कि 1.12 प्रतिशत अधिक रहा। जिसमें सितम्बर माह में 4.19 मिलियन टन माल लदान किया, जबकि गत वित्तीय वर्ष की इसी अवधि में 04.15 मिलियन टन माल लदान किया था, जो कि 1.14 प्रतिशत अधिक रहा।

उल्लेखनीय है कि माल यातायात बढ़ाने के लिए पमरे मुख्यालय और तीनों मंडलों द्वारा फ्रेट लोडिंग को बढ़ावा देने के लिए व्यापार विकास इकाइयां (बीडीयू) स्थापित की गई हैं। इसके तहत नये लोडिंग स्ट्रीम से माल यातायात को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके साथ मालगाड़ियों की औसत गति में वृद्धि करके अलग-अलग रेल खण्ड की क्षमता में वृद्धि और इन्फ्रास्ट्रक्चर को बढ़ाया गया और साथ ही साथ ऑपरेशनल सुधार भी किए जा रहे है। कई माल गोदामों में राउण्ड द क्लॉक यानि चौबीस घंटे लोडिंग एवं अनलोडिंग सेवाएं दी जा रही। गुड्स टर्मिनल की वर्किंग में सुधार एवं मालगाड़ियों के डिटेंशन को कम किया गया है। इससे मालगाड़ियों के संचालन में तेजी आई और माल ढुलाई में वृद्धि हुई।

पश्चिम मध्य रेल द्वारा माल यातायात की उत्तरोत्तर वृद्धि के लिए आगे भी निरंतर प्रयास जारी रखे जाएंगे।

## बिना अनुज्ञा 252 क्विंटल गेहूं ले जा रहे ट्रक को उड़न दस्ते ने पकड़ा



**जबलपुर, देशबन्धु।** बिना दस्तावेजों के 54 हजार 305 रुपए का करीब 252 क्वींटल गेंहू संभागीय उड़न दस्ता जबलपुर ने पकड़ लिया है। कृषि उपज मंडी इस मामले में लगातार कार्यवाही कर रही है। इसी कड़ी में बगैर अनुज्ञा पत्र के ले जाए जा रहे गेहूं को रविवार सुबह संचालक कृषि उपज मंडी के निर्देश पर चल रही जांच-पड़ताल के दौरान रविवार सुबह 5 बजे सिवनी से नागपुर रूट पर मेटेवानी खवासा बॉर्डर पर चालक व अन्य से पूछताछ में वाहन चैकिंग के दौरान यह वाहन पकड़ा गया है। इसमें वाहन क्रमांक टीएन- 52 से 8070 में बिना मंडी अनुज्ञा पत्र के 252.20 क्विंटल गेहूं का अवैध परिवहन करते हुए पकड़ा गया है। इस पर उप संचालक को दी गई जानकारी के मुताबिक मध्यप्रदेश कृषि उपज मंडी अधिनियम 1972 की धारा 19 (6) के उल्लंघन करने पर इस वाहन का प्रकरण तैयार कर कृषि उपज मंडी समिति जिला सिवनी को आगामी कार्यवाही के लिए सौंप दिया गया है। इसमें वाहन क्रमांक टीएन 52 जे 8070 को परिवहन मार्ग कटनी से बैगलुरु 252.20 क्विंटल गेहूं सहित पकड़ा है। फर्म का नाम जय शिव शक्ति माधव नगर कटनी बताया जा रहा है। इससे पांच गुना मंडी शुल्क 43505 रुपए और निराश्रित शुल्क 5800 रुपए व समझौता शुल्क 5000 रुपए सहित 54305 रुपए जुर्माना वसूल किया गया है।

## शहर में खुले आम बिक रही अवैध शराब



**जबलपुर, देशबन्धु।** शहर में खुले आम अवैध शराब का कारोबार तेजी से चल रहा है, अहाते बंद होने के बाद शहर के गली चौराहों में लोग शराब पीते नजर आ रहे हैं। जिसके चलते संभ्रांत घरों के लोगों को आने जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं संजीवनी नगर स्थित एक बार जो कि अवैध तरीके से संचालित हो रहा है। जिसमें एक लाइसेंस में दो काउंटर नियम विरूद्ध चलाया जा रहा है, उस पर भी कार्यवाही की मांग की गई है।

शराब की रोकथाम को लेकर मध्य भारत मोर्चा के महासचिव आशीष मिश्रा ने जिला सहायक आबकारी अधिकारी इंद्रेश तिवारी को ज्ञापन सौंपते हुए कार्यवाही की मांग की है इस दौरान भारत मोर्चा के आशीष मिश्रा, बृजकिशोर सिंह, रामपटेल, राजू चक्रवर्ती, अभिषेक शर्मा, राजा, फैज़ल अंसारी,शिवम अहिरवार, राजा बाबा, दीपांशु पटेल दीपक कनोजिया आदि उपस्थित थे।

## अजित वर्मा के 75 वें जन्म दिवस पर आज अमृत महोत्सव का आयोजन



**जबलपुर, देशबन्धु।** साहित्यिक सांस्कृतिक संस्था मित्र संघ के संस्थापक, जबलपुर पत्रकार संघ के पूर्व अध्यक्ष तथा दैनिक जयलोक के संस्थापक प्रधान संपादक स्व. अजित वर्मा के 75 वें जन्म दिवस अमृत महोत्सव का आयोजन मित्रसंघ द्वारा आज 10 अक्टूबर को सायंकाल 4.30 बजे, समदड़िया मॉल में किया जा रहा है। इस अवसर पर इस बार अजित वर्मा स्मृति पत्रकारिता पुरस्कार वरिष्ठ पत्रकार मनीष गुप्ता को प्रदान किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू रहेंगे तथा अध्यक्षता डॉ. जितेन्द्र जामदार करेंगे। विशिष्ट अतिथि विधायक अशोक रोहाणी, विनय सक्सेना विधायक, सौरभ बड़ेरिया रहेंगे।

## क्षतिपूर्ति न देने पर भुगतनी होगी सजा जिला उपभोक्ता आयोग का आदेश

**जबलपुर,देशबन्धु।** जिला उपभोक्ता आयोग ने अपने आदेश में कहा कि क्षतिपूर्ति न करने पर तीन साल की जेल या एक लाख रुपये जुर्माने की सजा हो सकती हैं। उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष नवीन




कुमार सक्सेना व सदस्यद्वय सुषमा पटेल व मनोज कुमार मिश्रा की पीठ ने सेवा में कमी व अनुचित व्यापार प्रथा के रवैये को आड़े हाथों लेते हुए उक्त आदेश पारित किया।

आयोग ने इसके तहत वर्धमान ट्रेडर्स प्रोपराइटर अमित जैन सन्मती नगर, अधारताल, हिंदुस्तान यूनीलीवर लिमिटेड, मुंबई व हिंदुस्तान यूनीलीवर लिमिटेड रतनगरी, महाराष्ट्र को संयुक्त रूप से या पृथक-पृथक दो माह के भीतर क्षतिपूर्ति के निर्देश दिये है। इसके साथ्ध ही सर्फ एक्सल इजी वाश के दौ पैकेट की कीमत 154 रुपये व इस राशि पर 28 दिसंबर, 2015 से तय अदायगी पांच प्रतिशत वार्षिक ब्याज देने के निर्देश दिये गये है। यही नहीं एक लाख 25 हजार मानसिक क्षतिपूर्ति राशि के भी निर्देश दिए गए, जिसमें से 25 हजार परिवादी को जबकि एक लाख मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण को देने होंगे।

मुकदमे का खर्च दो हजार भी देने कहा गया है। कम निकला था वजन-परिवादी विपुलवर्धन जैन पिता डीके जैन, जय प्रकाश नगर अधारताल की ओर से दायर किया गया था। परिवादी की ओर से दलील दी गई कि परिवादी ने 28 दिसंबर 2015 को सर्फ एक्सल इजी वाश के दो पैकेट खरीदे थे। जिनके लिए 154 रुपये का भुगतान किया गया था। पैकेट में जो वजन दर्शित था, वह वास्तव में नहीं निकला। जो कि सेवा में कमी व अनुचित व्यापार प्रथा के तहत आता है। परिवादी की ओर से अधिवक्ता अरुण कुमार जैन ने पक्ष रखा।

### आत्महत्या दुष्प्रेरण मामले में दो को दस-दस साल की सजा

**जबलपुर, देशबन्धु।** अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अरुण कुमार सिंह की अदालत ने आत्महत्या दुष्प्रेरण मामले में दो लोगों को दोषी करार दिया है। अदालत ने आरोपी राजेश माली व बृजेश माली को दस-दस साल की सजा सुनाई। इसके साथ ही दोनों पर दो-दो हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। अदालत को अभियोजन पक्ष की ओर से बताया गया कि 21 नवंबर 2015 को अवनीश साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें आरोप था कि राजेश व बृजेश माली, संजू के संबंध में पूछताछ करते हुए घर आए थे। संजू घर पर नहीं था, अत: उसकी बहन ज्योति को धमकाने लगे। उनका कहना था कि इतना बदनाम कर देंगे कि शादी नहीं होगी। जिससे आहत होकर ज्योति ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आत्महत्या दुष्प्रेरण सहित अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया था। सुनवाई पश्चात् अदालत ने दोनों आरोपियों को उक्त सजा से दंडित किया। मामले में शासन की ओर से अतिरिक्त लोक अभियोजक राजेश तिवारी ने पक्ष रखा।

## लिपिकों से लिपिकीय कार्य ही कराया जाये

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने बताया कि लोक निर्माण विभाग सड़क कटनी द्वारा स्थल सहायकों से मार्ग देखरेख न करवाते हुए कार्यालयों में लिपिक का कार्य कराया जा रहा है लोक निर्माण विभाग कटन संभाग के अंतर्गत बरही उपसंभाग में लिपिक से कार्य न कराते हुए स्थल सहायक से लिपिकीय कार्य कराया जा रहा है। उपसंभाग क्रमांक 01 में सहायक ग्रेड-3 से लिपिकीय कार्य न कराते हुए स्थल सहायक से लिपिक कार्य कराया जा रहा है। इसी प्रकार उपसंभाग क्रमांक 2 कटनी में स्थल सहायक से लिपिकीय कार्य कराया जा रहा है, जबकि शासन द्वारा स्थल सहायकों की नियुक्ति चल रहे निर्माण कार्यों की देखरेख के लिये की जाती है। संघ के ज्ञापन पर कार्यवाही करते हुए एससी वर्मा मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग द्वारा समस्त जिलों को आदेशित किया गया कि लिपिकों से लिपिक कार्य ही कराया जावे। संघ के योगेन्द्र दुबे, अटल उपाध्याय, मुकेश सिंह, मिर्जा मंसूर बेग, मनोज सेन, सीएन शुक्ला, वीरेन्द्र चंदेल, एसपी बाथरे, आलोक अग्निहोत्री, ब्रजेश मिश्रा, अंकित चौरसिया, शैलेन्द्र दुबे, दुर्गेश पाण्डेय, मनोज सिंह, सुशील गर्ग, चूरामन गूजर, हेमंत तुषरेन्द्र सिंह सेंगर, नीरज कौरव, निशांक तिवारी आदि ने मांग की है।



## इनर व्हीलडिट्रिक्ट संस्था जबलपुर द्वारा पुरूस्कार घोषित

**जबलपुर, देशबन्धु।** शिक्षक के रूप में जबलपुर के विभिन्न विद्यालयों के बच्चों द्वारा राष्ट्रीय सर्वे किया गया। जिसमें नगर के प्रतिष्ठित संस्था हितकारिणी के उत्कृष्ठ शिक्षक राजेन्द्र तिवारी का चयन किया गया। इन्हें इनर व्हील क्लब की अध्यक्षता एवं हितकारिणी महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. निलेश पाण्डे उत्कृष्ठ अध्यापन, राष्ट्रीय सर्वे के आधार पर 222222 के द्वारा पुरूस्कृत किया गया। इसी श्रृंखला में शहर के कुछ हिन्दी एवं अंग्रेजी माध्यम के शासकीय अशासकीय विद्यालयों के चुने हुए शिक्षकों को पुरूस्कृत किया गया। राजेन्द्र तिवारी विज्ञान एवं गणित के उत्कृष्ठ शिक्षक है जो 33 वर्षों से हितकारिणी विद्यालय गोविंदगंज जबलपुर मप्र में कार्यरत हैं।

# बाघ के आतंक से गांव में दहशत ग्रामीण को बनाया अपना शिकार

**भुआ बिछिया /मवई।** ग्राम पंचायत मढफा के मुरता के जंगल में आदम खोर बाघ का हमला बाघ ने अमर सिंह पिता बिसाहू को मौत के घाट उतार दिया मवई बिलाक मुख्यालय से लग भग 18 किलो मीटर दूर मुरता के जंगल में बाघ की आतंक फैला हुआ है आज दिनांक 9,10,2023 को सुबह 9 बजे लोगों ने देखा कि अमर सिंह ग्राम पंचायत सारस डोली ग्राम कनई टोला को बाघ खा रहा था फिर बाघ को गांव के लोगों के द्वारा भगाया गया जिस की जानकारी थाना प्रभारी मवई और रेंज आफीसर मवई को दिया गया जांच कर लास को पी एम के लिए भेजा गया एवम गांव बालों का कहना है कि आय दिन बाघ के द्वारा पालतू पशुओं को अपना शिकार बनाना।



# लिपिक से ही कराया जाएगा लिपिकीय कार्य

## जर्जर शासकीय आवासों में कराई जाएगी मरम्मत

**गोसलपुर, देशबन्धु।** लोक निर्माण विभाग कटनी संभाग के अंतर्गत बरही, कटनी के उपसंभाग क्रमांक 1, 2 कार्यालयों में लिपिक का कार्य टाइम कीपरों से कराया जा रहा है। आज मुख्य अभियंता श्री एस सी वर्मा को योगेंद्र दुबे के नेतृत्व में मांग पत्र दिया गया, उन्होंने नियमानुसार कार्यवाही का आश्वासन दिया है। उपसंभागीय कार्यालयों के कर्मचारियों को सेवापुस्तिका की द्वितीय प्रति नहीं दी गई है, कर्मचारियों के जर्जर आवासों की मरम्मत नहीं कराई जा रही है। कार्यालयों में कर्मचारियों के बैठने की व्यवस्था नहीं है, अनेक कार्यालयों में कर्मचारियों को परिचय पत्र नही दिए गए है।

म.प्र. तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के योगेन्द्र दुबे, अटल उपाध्याय, मुकेश सिंह, मिर्जा मंसूर बेग, मनोज सेन. सी. एन. शुक्ला, वीरेन्द्र चंदेल, एस.पी. बाथरे आलोक अग्निहोत्री, ब्रजेश मिश्रा, अंकित चौरसिया, शैलेन्द्र दुबे, दुर्गेश पाण्डेय, मनोज सिंह, सुशील गर्ग, चूरामन गूजर, हेमन्त गौतम, सतीश देशमुख, पंकज जायसवाल, योगेश कपूर, अभिषेक वर्मा, प्रीतोष तारे, टोनी एम्ब्रोस, बलराम बाल्मीक, कमलेश पटेल, हिमारत मार्को, तुषरेन्द्र सिंह सेंगर, नीरज कौरव, निशांक तिवारी ने लोक निर्माण विभाग के कर्मचारियों की समस्याओं का शीघ्र निराकरण किया जाने की मांग की है।



## सार-समाचार




### कुशनेर विद्यालय के लिए सरपंच अमरनाथ दुबे ने दिया ट्री गार्ड

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुशनेर के शिक्षकों के द्वारा अपने जन्मदिवस के अवसर पर विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया जाता है। इसी कड़ी में प्राचार्य जगत सिंह मार्को द्वारा कटहल ,अर्चना शुक्ला बादाम, जीनत रसूल अंसारी कदम ,सरोज चौधरी अमलताश, ज्योति बोरिया पारिजात ,सुनीता गुप्ता एकझोरा,निशा दहायत अंजीर, प्रतिभा वर्मा जामुन, संगीता श्रीवास्तव पुत्रजीवा ,अनीता शांडिल्य वॉटल ब्रश ,विभा चौबे शहतूत, मनोत्तमा पटेल केलेंडा, महिमा सोनी बेल,सीमा ठाकुर आंवला, सुरेखा पटेल गोल्डन इनडोरा, मीना पटेल जामुन ,राजेंद्र बर्मन मूर्छल, दिनेश यादव नीम, रितेश श्रीवास्तव आम, सतनारायण शर्मा चंपा ,तोवेंद्र बघेल गोल्डन इन डोरा, संजय कोल सहजन और उत्तम मिरी द्वारा टिकोमा पौधे रोपे गए ।पौधो को जीवित और सुरक्षित रखने के लिए सरपंच अमरनाथ दुबे द्वारा दस ट्री गार्ड प्रदान किया गया। विद्यालय परिवार के द्वारा धन्यवाद देकर हर्ष व्यक्त किया गया।

### क्षमावाणी के साथ कुंडलगिरि कोनीजी में वार्षिक मेले का समापन



**पाटन, देशबन्धु।** प्रति वर्ष की भाती इस वर्ष भी जैन धर्म के दशलक्षण पर्व के समापन के मौके पर श्री अतिशय क्षेत्र कुंडलगिरी कोनी जी मैं श्रीजी का महामस्तकभिषेक एवं वार्षिक मेले का आयोजन कई वर्षों से लगातार किया जा रहा है। रविवार को हजारों श्रद्धालुओं की उपस्थिति मैं श्री जी के मस्तकाभिषेक का आयोजन हुआ जहां पाटन, तेंदूखेड़ा, जबलपुर, कटंगी सहित अनेक गांवों के जैन समाज के लोगों का आगमन हुआ। जबलपुर से पधारे विधानाचार्य एवं संगीतकार शुभम भैया ने अपनी संगीत मंडली के द्वारा प्रस्तुत भजनों से सभी को मंत्रमुग्ध करके कार्यक्रम में समा बांध दिया। अभिषेक के उपरांत कुछ विशेष अतिथियों का सम्मान भी किया गया जिसमें विशिष्ट सहयोगी वार्ड न 10 से जिला पंचायत सदस्य ठा.मनोहर सिंह सहित कोनी जी क्षेत्र कमेटी के मैनेजर सुरेंद्र कुमार जैन टमाटू, पुजारी डालचंद सहित अन्य अतिथियों का भी सम्मान कमेटी के द्वारा किया गया है। सायं कालीन सामूहिक भोजन उपरांत श्री जी की भव्य आरती के उपरांत कार्यक्रम का समापन हुआ।

### बसपा संस्थापक कांशीराम का महापरिनिर्वाण दिवस मनाया

**सिहोरा, देशबन्धु।** सिहोरा बहुजन समाज पार्टी डी एस 4 एवं बामसेफ के संस्थापक साहब कांशीराम का 17वां महापरिनिर्वाण दिवस बसपा नेत्री बबीता गोटिया के निवास स्थान पहरेवा नाका सिहोरा में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बसपा जिला अध्यक्ष एडवोकेट लखन अहिरवार एवं बसपा नेता इंजीनियर सुभाष सिंह मरकाम ने अपने विचार व्यक्त करते हुए बताया कि किस तरह एक साइकिल और पेन के माध्यम से साहब कांशीराम ने बसपा के बैनर तले पूरे देश में दलित शोषित पिछड़े एवं सर्वसमाज के गरीब लोगों को अपने हक अधिकार एवं संघर्ष के लिए जगाने का काम किया। कार्यक्रम में पूर्व बसपा जॉन प्रभारी ओम समद मनोज पटेल सचिन वंशकार राजकुमार पाल बसपा नेत्री बबीता गोटिया बिटिया रानी कोल जितेंद्र दीवान सेक्टर अध्यक्ष दिलीप चौधरी एवं अध्यक्षता मुकेश सूर्यवंशी बसपा सिहोरा ने की।



# मध्यस्थता जागरूकता शिविर आयोजित

**सिहोरा, देशबन्धु।** सोमवार को मीडिएशन सेन्टर सिहोरा में सैफी दाऊदी जिला न्यायाधीश (द्वितीय) सिहोरा की अध्यक्षता में एवं सुधांशु सिन्हा, जिला न्यायाधीश (तृतीय) सिहोरा की उपस्थिति मे मध्यस्थता जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें सैफी दाऊदी, जिला न्यायाधीश (द्वितीय) सिहोरा द्वारा उपस्थित पक्षकारों को मध्यस्थता की विशेषता एवं उससे पक्षकारों को होने वाले लाभ के संबंध मे जानकारी प्रदान की गई। न्यायाधीश सैफी साउदी ने बताया कि मध्यस्थता प्रक्रिया के




माध्यम से विवादों का सरल तरीके से निराकरण किया जा सकता है। जिसमे समय एवं पैसे भी खर्च नहीं होता और आपसी भाईचारा बना रहता है। दोनो पक्षों में किसी की भी हार अथवा जीत नहीं होती और विवाद हमेशा के लिए समाप्त हो जाता है।सैफी दाऊदी अपर सत्र न्यायाधीश सिहोरा मध्यस्थता कार्यक्रम में उनके साथ न्याय कर्मचारी जगत से रवि वाल्मीकि एवं ओम समद मौजूद रहे।

# पाटन-मझौली विधानसभा से मौजूदा विधायक अजय विश्नोई प्रत्याशी घोषित

**पाटन, देशबन्धु।** आचार संहिता लागू होते ही शाम तक भाजपा ने अपनी तीसरी सूची जारी कर दी, जिसमें पाटन विधान से मौजूदा विधायक अजय विश्नोई पर पार्टी ने भरोसा जताते हुए सभी अटकलों पर विराम लगाते हुए पुनः अजय विश्नोई को पाटन मझौली विधान सभा से प्रत्याशी घोषित कर दिया,



वही पाटन मझौली विधान सभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी बनाए जाने की खबर जैसे ही उनके समर्थकों को लगीं वैसे ही उनके जबलपुर कार्यालय में समर्थक फूल मालाओं के साथ विधायक अजय विश्नोई को बधाई देने पहुंचने लगे। हालाकि देशबन्धु समाचार ने 14 मई 2023 को देशबन्धु विशेष शीर्षक में पहले ही प्रकाशित कर दिया था की पाटन मझौली विधान सभा से मौजूदा विधायक अजय विश्नोई ही प्रबल दावेदार है और पार्टी इस नाम पर अपनी मुहर लगा सकती है।

# स्कूटी सवार को ठोकर मारकर बस पलटी, एक की मौत, 7 घायल

**रीवा देशबन्धु।** जिले के सगरा थाना अंतर्गत भेडौरा नाला के पास अनियंत्रित बस पलट गई। बताया गया कि महालक्ष्मी ट्रेवल्स की बस बैकुंठपुर से चलकर रीवा आ रही थी। जैसे ही बस सगरा के मझिगवां टोला के पास पहुंची तो हाईवे के बीच में मवेशी आ गया। ऐसे में आगे-आगे चल रहे स्कूटी सवार ने मवेशी को बचाया। तभी पीछे से बस आ गई। जिसने स्कूटी सवार को बचाने के चक्कर में ठोकर मार दी। इसी बीच बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में बस की चपेट में आने से स्कूटी सवार युवक की मौके पर मौत हो गई है। जबकि सात लोग घायल है। सगरा पुलिस ने 108 एंबुलेंस की मदद से घायलों को संजय गांधी अस्पताल भेजवाया गया है। वहां मृतक के शव को मर्चुरी में रखवा दिया है। इधर घायलों को भर्ती कर इलाज दिया जा रहा है। ये दुर्घटना सगरा थाना अंतर्गत सोमवार की शाम 5.30 बजे हुई है। सगरा थाना प्रभारी उपनिरीक्षक मनीषा उपाध्याय ने बताया कि मृतक रायपुर कर्चुलियान थाने के महुली गांव निवासी निलेश दुबे के भाई है। जांच में पता चला है कि दुर्घटना हाईवे में मवेशी आ जाने के कारण हुई है।

# नगर में बढ़ रही है श्वानों की संख्या

**गोटेगांव, देशबन्धु।** शहर में और सटे हुए ग्रामों में वर्तमान समय में आवारा श्वानों की संख्या में भयंकर इजाफा हो रहा है। सुबह से लेकर अर्ध रात्रि तक ये आवारा श्वान गली,मोहल्ले,चौराहा,और रेलवे स्टेशन के समीप, फौहारा चौक,बस स्टैंड,ठाकुर बाबा मंदिर,नया बस स्टैंड परिसर, विवेकानंद चौक पथरहां कुआं,भगतराम चौराहा, पुरानी मंडी आदि स्थानों पर झुंड के साथ देखे जा सकते हैं। नगर वासी इन आवारा श्वानों की बढ़ती संख्या से अच्छा खासा परेशान होते दिख रहे हैं। सुबह।मंदिर जाते श्रद्धालुओं को ये श्वान परेशान कर उनके पीछे दौड़ने लगते हैं राह चलते राहगीर को भी यह मुसीबत का सबब बनते जा रहे हैं।

# बिछिया पुलिस ने फरार स्थाई वारंटी को किया गिरफ्तार

**भुआ बिछिया, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए एवं चुनाव आयोग के निर्देश पर पुलिस अधीक्षक मंडला रजत सकलेचा के द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियो को अवैध गतिविधियों पर कार्यवाही फरार एवं स्थाई वारंटियो की तामीली के विशेष निर्देश दिए गए थे । न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी बिछिया के न्यायालय से जारी स्थायी वारण्ट प्रकरण क्रमांक 375/17धारा 294,324 ताही में लालसिंह पुषाम पिता रिवाली पुषाम आयु 40 साल निवासी ग्राम सरही बिछिया के नाम से स्थाई वारंट माननीय न्यायालय के द्वारा जारी किए गया था । अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित वर्मा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस बिछिया आसिफ इकबाल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बिछिया निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह धुर्वे के द्वारा थाना स्तर पर टीम गठित कर अरसे से फरार स्थाई वारंटियों को उनकी सकुनत पर गठित टीम के द्वारा दबिश दी गई जिसमे आज दिनांक 09/10/2023 को स्थायी वारण्ट लालसिंह पुषाम गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया । जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। कार्यवाही में इनकी रही भूमिका थाना प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र सिंह धुर्वे ,प्रधान आरक्षक जय पांडे,आरक्षक हेमंत शिव, महेंद्र सिरसाम,महेंद्र राहनगडाले उल्लेखनीय योगदान रहा।

# पशु तस्करी कर ले जाते 16-18 मवेशियों के साथ वाहन किया जब्त, चालक फरार

**अनूपपुर, देशबन्धु।** कोतमा पुलिस ने रात के अंधेरे में पशु तस्करी करते 18 मवेशी सहित वाहन जप्त किया हैं। वाहन मालिक एवं चालक के खिलाफ 11 घ पशु क्रूरता अधिनियम एवं मोटर व्हीकल एक्ट का मामला दर्ज किया गया हैं। वहीं रात के अंधेरे का फायदा उठाते हुए वाहन चालक भागने में सफल रहा।

जानकारी अनुसार रविवार-सोमवार की रात्रि कोतमा पुलिस को पशु तस्करी की सूचना मिलने पर कोतमा से बिजुरी मार्ग में घेराबंदी करते हुए मवेशियों को भरकर जा रहें वाहन क्रमांक एमपी 53 जीए 2803 को रोक कर पूछतांछ की गई तलाशी के दौरान 18 मवेशी मिले जिसमें 11 पड़े एवं 7 भैंस,जिसकी कीमत 3 लाख 60 हजार एवं वाहन की कीमत 7 लाख रूपयें को जप्त किया गया। वहीं रात के अंधेरे का फायदा उठाते हुए वाहन चालक भागने में सफल हो गया। पुलिस ने मालिक एवं चालक के खिलाफ 11 घ पशु क्रूरता अधिनियम एवं मोटर व्हीकल एक्ट का मामला दर्ज कर आरोपितों की



तलाश में लग गई। सभी मवेशियों को कोतमा कांजी हाउस में रखवा दिया गया हैं। थाना प्रभारी कोतमा सुंद्रेश मरावी ने बताया कि अवैध रूप से पशु तस्करी की सूचना पर टीम भेज कर कार्यवाही कराई गई है। अवैध कार्यों के खिलाफ अभियान जारी रहेगा।

# ऑपरेटर ने साथियों के साथ चोरी कर लिया कटीला तार



## कोलगवां थाना में लिखी गई एफआईआर

**सतना, देशबन्धु।** कोलगवां थाना क्षेत्र के ट्रांसपोर्ट नगर में संचालित एक फर्म से कटले तार के बंडल चोरी हो गए। संचालक ने इसका आरोप अपने ही ऑपरेटर और उसके साथियों पर लगाया है। 8 अक्टूबर को हुई इस घटना के बाद कोलगवां थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। फरियादी राजा गुप्ता पिता बाल्मीक गुप्ता निवासी शारदा कॉलोनी उतैली ने पुलिस को बताया कि ट्रांसपोर्ट नगर में वह बीवी इंडस्ट्रीज कंपनी संचालित करता है। जहां उसने विनीत कुशवाहा को ऑपरेटर रखा है। 8 अक्टूबर की रात करीब 8 बजे राजा अपने घर चला गया था, इसके बाद उसे सूचना मिली कि उसकी कंपनी से तार के बंडल चोरी हो रहे हैं। खबर पाते ही राजा ने ऑपरेटर से पूछा तो वह संतुष्ट जबाव नहीं दे सका। ऐसे में सीसीटीवी कैमरे जांचे गए। जांच के बाद विनीत कुशवाहा, प्रदीप प्रजापति, सुजीत सिंह, जय सिंह के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

# पड़ोसी ने तीन वर्षीय मासूम के साथ किया दरिंदगी का प्रयास

**अनूपपुर,देशबन्धु।** बिजुरी थाना क्षेत्र में 3 वर्षीय मासूम के साथ पड़ोस में रहने वाले युवक द्वारा अपने घर ले जाकर छेड़छाड़ करने के साथ ही दरिंदगी करने का प्रयास किया गया। जिसकी शिकायत परिजनों ने सोमवार को बताया जिस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 363,342,354, एवं पाक्सो एक्ट की धारा 7,8,9,10,11,12 में अपराध पंजीबद्ध किया हैं। बिजुरी थाना अंतर्गत 3 वर्षीय मासूम को उसी के पड़ोस में रहने वाले युवक द्वारा जबरन अपहरण कर अपने घर ले जाकर मासूम बच्ची के साथ छेड़छाड़ एवं दरिंदगी भरी घटना को अंजाम दिया। घटना की जानकारी मासूम की मां को लगने पर वह अपने घर से कई बार आवाज लगाने के बाद भी आरोपित ने मासूम बच्ची को वापस घर नहीं लाया। जिस पर बाद मां द्वारा पड़ोस में जाकर देखा तो घर का दरवाजा बंद था, दरवाजा खुलवाने पर आरोपित ने मासूम बच्ची को वापस किया। मां घर लाकर बच्ची से पूछताछ करने पर अपने साथ हुई शर्मानाक कृत्य को अपनी बताया। इसके बाद महिला ने इसकी जानकारी फोन कर पति को बताई और पति के साथ थाने में पड़ोसी के खिलाफ मामला दर्ज करया। पुलिस ने आरोपित पर धारा 363,342,354, एवं पाक्सो एक्ट की धारा 7,8,9,10,11,12 में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया हैं।

## इजराइल के लड़ाकू विमानों ने हमास खुफिया प्रमुख को बनाया निशाना

**गाजा।** इजरायली वायु सेना का कहना है कि उसके लड़ाकू विमानों ने हमास आतंकवादी संगठन के खुफिया विभाग के प्रमुख के परिसर पर हमला किया है। शनिवार को हमास के फाइटरों के इजरायल में घुसने के बाद से इजरायली विमानों ने गाजा पट्टी के कई ठिकानों पर हमले किए हैं। फ़िलिस्तीनी अधिकारियों का कहना है कि 250 से अधिक लोग मारे गए हैं। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक, गाजा सिटी में लगातार धमाकों की आवाजें आ रही हैं। इज़राइल की सेना का कहना है कि उसके क्षेत्र के अंदर हमास के आतंकवादियों के साथ अभी भी आठ जगह लड़ाई चल रही है, हालांकि उसका दावा है कि उसने देश के दक्षिण में 22 स्थानों पर फिर से नियंत्रण हासिल कर लिया है। उधर हमास ने कहा, भीषण लड़ाई जारी है।

# इज़राइल में म्यूजिक फेस्टीवल स्थल पर 250 से अधिक शव मिले



**यरुशलेम, ( आईएएनएस )।** आतंकवादी हमलों के बाद मानव अवशेषों को संभालने वाले स्वयंसेवी समूह जाका के एक प्रवक्ता ने कथित तौर पर कहा कि उन्होंने अब तक इज़राइल में म्यूजिक फेस्टीवल स्थल से 250 से अधिक शव निकाले हैं। द टाइम्स ऑफ इज़राइल की रिपोर्ट के अनुसार, दक्षिणी इज़राइल में किबुत्ज़ रीम के पास फेस्टिवल में भाग लेने वाले युवाओं के कई माता-पिता शनिवार से अपने लापता बच्चों की खबर के लिए उत्सुकता से खोज रहे हैं। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, पहले की रिपोर्टों में कहा गया था कि इजरायली म्यूजिक फेस्टीवल पर हुआ भयानक हमला शनिवार सुबह इजरायल में हमास आतंकवादियों द्वारा किए गए सबसे बड़े हमले में से एक था।

बंदूकधारियों ने घटनास्थल पर मौज-मस्ती कर रहे कई लोगों को मार डाला और एक को बंधक बना लिया।

गाजा-इजरायल सीमा के पास एक ग्रामीण खेत क्षेत्र में आउटडोर नोवा फेस्टिवल कार्यक्रम में यहूदी छुट्टी का जश्न मनाते हुए पूरी रात की एक डांस पार्टी होनी थी। लेकिन जैसे ही सुबह हुई, उन्हें सायरन और रॉकेट की आवाज़ें सुनाई देने लगीं। एक ने सीएनएन को बताया, हमारे पास छिपने के लिए कोई जगह नहीं थी।

हम खुली जगह पर थे। सब घबरा गए और अपना सामान उठाने लगे। सोशल मीडिया पर प्रसारित वीडियो में सैकड़ों लोग अपनी कारों की ओर जाते हुए, या खाली मैदान में भागते हुए दिखाई दे रहे हैं और बैकग्राउंड में गोलियों की आवाजें गूंज रही हैं। इजराइल ने रविवार को औपचारिक रूप से युद्ध की घोषणा कर दी।

### अमेरिका खुफिया जानकारी साझा करने सहित इजराइल का समर्थन करना रखेगा जारी

**वाशिंगटन,।** अमेरिकी प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि गाजा में तनाव के बीच अमेरिका इजरायल को करीबी और गहरी खुफिया जानकारी साझा करना जारी रखेगा। अमेरिकी अधिकारी ने एक कॉन्फ्रेंस कॉल के दौरान शनिवार को कहा, हम इस महत्वपूर्ण समय के दौरान इज़राइल को करीबी, गहन खुफिया जानकारी साझा करने सहित सहायता प्रदान करना जारी रखेंगे। इजराइल पर शनिवार सुबह गाजा पट्टी से अभूतपूर्व रॉकेट हमला हुआ। इज़रायली सेना ने कहा कि हमास ने 3,000 से अधिक रॉकेट दागे, साथ ही कहा कि दर्जनों हमास सैनिकों ने दक्षिणी इज़राइल में सीमावर्ती क्षेत्रों में घुसपैठ की। तब से इज़रायली सेना ने फ़िलिस्तीनी बलों से दक्षिणी क्षेत्रों पर कब्ज़ा करने के लिए सेनाएँ भेज दी हैं। इज़रायली मीडिया ने पहले दिन में रिपोर्ट दी थी कि फ़िलिस्तीनी-इज़राइली संघर्ष के बढ़ने के परिणामस्वरूप इज़रायल में 300 से अधिक लोग मारे गए और 1,500 से अधिक अन्य घायल हो गए। वहीं, फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि गाजा पट्टी पर इजरायली हवाई हमलों में 195 से अधिक लोग मारे गए हैं।

### राजौरी में एलओसी के पास बारूदी सुरंग विस्फोट में दो घायल

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी जिले में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास एक बारूदी सुरंग विस्फोट में सेना के दो पोर्टर घायल हो गए। अधिकारियों ने बताया कि गत शनिवार को राजौरी के नौशेरा सेक्टर में नियंत्रण रेखा के पास कलाल इलाके में एक बारूदी सुरंग विस्फोट में सेना के दो पोर्टर घायल हो गए, जिनकी पहचान अश्वनी कुमार और राज कुमार के रूप में हुई है। एक अधिकारी ने कहा कि दोनों घायल पोर्टर मंगोटे गांव के हैं। उन्हें गहरे जख्म हो गए हैं और इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। आतंकियों की घुसपैठ को रोकने के लिए सेना द्वारा एलओसी के पास बारूदी सुरंगें लगाई जाती हैं।

### मजदूरों से भरी ट्रैक्टर ट्रॉली पलटी, तीन की मौत

**बड़वानी।** मप्र के बड़वानी जिले के ठीकरी थाना क्षेत्र में आज मजदूरों को ले जा रही ट्रैक्टर ट्राली एक जानवर को बचाने के प्रयास में अनियंत्रित होकर पलट गयी। घटना के चलते ट्रैक्टर चला रहे किसान और दो नाबालिग मजदूरों की मृत्यु हो गई और तीन नाबालिग समेत पांच अन्य घायल हो गए। खेत में मजदूरों को ले जा रही ट्रैक्टर ट्राली कुंआं-कपालिया खेड़ी रोड पर अनियंत्रित होकर पलट गई। घटना के चलते ट्रैक्टर चला रहे किसान अमित पाटीदार व दो मजदूर अनिल तथा सजन की मौके पर ही मृत्यु हो गई। दुर्घटना में ममता, बायली, रविता, कविता और खेल सिंह घायल हुए हैं। समस्त मजदूर जिले के निवाली थाना क्षेत्र के निवासी थे।

### नीतीश ने जयप्रकाश नारायण को दी श्रद्धांजलि

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लोकनायक जयप्रकाश नारायण की पुण्यतिथि के अवसर पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। लोकनायक स्व. जयप्रकाश नारायण की पुण्यतिथि के अवसर पर रविवार को यहां गांधी मैदान के दक्षिण-पश्चिम छोर पर स्थित उनकी प्रतिमा पर मुख्यमंत्री ने माल्यार्पण कर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

### तेलंगाना में 20 लाख रुपए की नकदी जब्त

**हैदराबाद।** तेलंगाना में हैदराबाद पुलिस ने दो हजार व पांच सौ रुपए नोट 20 लाख नकदी जब्त की है। एसआई एम महेश आईएस सदन पुलिस कर्मचारियों के साथ यहां शुक्रवार की शाम वाहनों की तलाशी ले रहे थे और इस दौरान उन्होंने एक स्विफ्ट डिजायर कार को रोका। कार की तलाशी के दौरान एक थैला मिला जो नोटों से भरा था। जब नकदी के बारे में पूछताछ की गई, तो कार में सवार व्यक्तियों में से एक (विट्ठल), संतोषजनक स्पष्टीकरण नहीं दे पाया लिस के एक बयान में शनिवार को कहा गया कि वह नकदी के स्रोत के संबंध में उचित दस्तावेज या सबूत पेश करने में भी विफल रहा। इसके बाद, एसआई ने दो गवाहों को बुलाया, और उनकी उपस्थिति में कार में मौजूद व्यक्तियों की पहचान विट्ठल, नागराजू, श्रीकांत रेड्डी और वेंकटेश के रूप में की गयी। पैसे के स्वामित्व का दावा करने वाले विट्ठल ने कहा कि नागराजू और श्रीकांत रेड्डी 101 एकड़ रियल एस्टेट के कर्मचारी थे और वेंकटेश एक उबर ड्राइवर था। विट्ठल ने बताया कि उनका इरादा उबर के माध्यम से कुकटपल्ली से एलबी नगर तक यात्रा करते हुए 101 एकड़ रियल एस्टेट कंपनी के माध्यम से एक प्लॉट खरीदने के लिए नकदी का उपयोग करने का था।

# इज़राइल हमलों में 4 अमेरिकियों की मौत

## मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंकाः रिपोर्ट

**वाशिंगटन, ( आईएएनएस )।** गाजा पट्टी में हमास आतंकवादी समूह द्वारा इजरायल पर किए गए हमलों में कम से कम चार अमेरिकी मारे गए हैं, एक मीडिया रिपोर्ट में जानकार सूत्रों का हवाला देते हुए कहा गया है कि मरने वालों की संख्या बढ़ने की उम्मीद है। सदन की प्रमुख समितियों की रविवार की ब्रीफिंग से परिचित सूत्रों ने सीएनएन को घटनाक्रम के बारे में बताया, जब विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने पुष्टि की कि अमेरिका 7 अक्टूबर के हमले के मद्देनजर लापता और मृत अमेरिकियों की रिपोर्ट को सत्यापित करने के लिए ओवरटाइम काम कर रहा है। ब्लिंकन ने रविवार को सीएनएन को बताया, हमारे पास रिपोर्ट है कि कई अमेरिकी मारे गए। हम इसे सत्यापित करने के लिए ओवरटाइम काम कर रहे हैं। साथ ही, अमेरिकियों के लापता होने की भी खबरें हैं और फिर से, हम उन रिपोर्टों को सत्यापित करने के लिए काम कर रहे हैं।

सीएनएन ने पहले रिपोर्ट दी थी कि अमेरिकी सरकार के एक आंतरिक ज्ञापन के अनुसार, कम से कम तीन अमेरिकी मारे गए । ज्ञापन में कहा गया है कि विदेश विभाग को अतिरिक्त अमेरिकियों के बारे में पता है, जिनका हिसाब नहीं दिया गया है। अमेरिका के अलावा, नेपाल ने पुष्टि की है कि उसके 10 नागरिक मारे गए हैं, जबकि यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर ज़ेलेंस्की ने भी कहा कि हिंसा के परिणामस्वरूप दो यूक्रेनियों की जान चली गई। इस बीच, गाजा पट्टी पर चल रहे इजरायली हमलों में 2,300 से अधिक लोग घायल हो गए, जिनमें 213 बच्चे और 140 महिलाएं शामिल हैं।



# अमेरिका : हथियारबंद संदिग्ध ने भारतीय मूल के व्यक्ति के स्टोर में की लूट, कैश लेकर हुआ फरार

**न्यूयॉर्क, ( आईएएनएस )।** पुलिस एक हथियारबंद संदिग्ध की तलाश कर रही है, जिसने अमेरिकी राज्य वर्जीनिया में एक भारतीय मूल के व्यक्ति के स्टोर को लूट लिया और कैश लेकर भाग गया। एक मीडिया रिपोर्ट में कहा गया है।

डब्ल्यूआरआईसी टीवी चैनल की रिपोर्ट के अनुसार, वुड्स एज रोड पर श्यामल पटेल की स्मोकीज लाउंज स्मोक शॉप में रविवार सुबह करीब 5 बजे लूट हुई। आरोपी ने कैश की मांग करते हुए क्लर्क पर बंदूक तान दी। चेस्टरफील्ड काउंटी पुलिस विभाग ने कहा कि नकाबपोश संदिग्ध ने ग्रे हुडी, डार्क कलर की पैंट, ब्लैक शूज पहना था। लूट की रकम अभी अज्ञात है। पुलिस ने कहा, आरोपी 5 फीट और 6 इंच लंबा और मध्यम कद काठी का है पटेल ने चैनल को बताया कि यह पहली बार नहीं है कि बंदूक की नोक पर उनके स्टोर को लूटा गया है। पटेल ने कहा, इस साल की शुरुआत में अप्रैल में, दो हथियारबंद लोगों ने दुकान को लूटा था और अज्ञात मात्रा में कैश लेकर भाग गए थे। स्थानीय पुलिस के प्रयासों से आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्हें संदेह है कि हालिया लूट के मामले में, वह व्यक्ति संभवतः उसका कोई पूर्व कर्मचारी है जिसने दो साल पहले उसके साथ काम किया था। पटेल ने डब्ल्यूआरआईसी टीवी को बताया,पिछले सप्ताह वह आया और उसका पैर लंगड़ा रहा था। हमने वीडियो की जांच की, जब वह दरवाजे से बाहर निकला तो उसका बायां पैर अभी भी लंगड़ा रहा था। उन्होंने कहा, उसकी आवाज भी वैसी ही थी, जैसे हमने उसे पहले देखा था, उन्होंने कहा, कि कर्मचारी को फरवरी में उसके स्टोर से निकाल दिया गया था। पटेल की अटकलों के बावजूद, पुलिस ने अभी तक संदिग्ध की पहचान जनता के सामने जारी नहीं की है। दुकान में 12 अतिरिक्त सिक्योरिटी कैमरे हैं। पटेल ने कहा है कि वह नए सिक्योरिटी सिस्टम के साथ सुरक्षा उपायों को बढ़ाना जारी रखेंगे। उन्होंने समाचार चैनल को बताया, 8 बजे के बाद, हमारे पास एडीटी सिस्टम है जहां कोई दरवाजे की घंटी दबाएगा और क्लर्क यहां से दरवाजा खोल देगा।

# इजराइल पर हमास के हमले में 10 नेपालियों की मौत : दूत

**जेरूसलम, ( आईएएनएस )।** हमास द्वारा 7 अक्टूबर को दक्षिणी इजरायल पर किए गए हमले में कम से कम 10 नेपाली नागरिक मारे गए हैं, यहूदी राज्य में हिमालयी राष्ट्र के दूत ने सोमवार को इसकी पुष्टि की।

सीएनएन को दिए एक बयान में, राजदूत कांता रिज़ल ने कहा कि पीड़ित कृषि छात्र थे और एक का पता नहीं चल पाया है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, अधिकारियों के अनुसार, 7 अक्टूबर को फिलिस्तीनी आतंकवादी समूह हमास द्वारा इज़राइल पर अपना हमला शुरू करने के बाद से, यहूदी राज्य में 700 से अधिक लोग मारे गए हैं, जबकि 400 से अधिक फिलिस्तीनी भी मारे गए हैं। पीड़ितों में कम से कम 260 लोग शामिल हैं, जिनके शव इज़राइल-गाजा सीमा के पास एक संगीत समारोह स्थल पर पाए गए थे।

अमेरिका ने दावा किया है कि इजरायली नागरिकों के अलावा कम से कम 7 अमेरिकी मारे गए हैं, जबकि यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर ज़ेलेंस्की ने कहा कि हमले में दो यूक्रेनियन की भी जान चली गई है। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, एक अलग घटना में, कोलंबिया में इज़राइल के राजदूत गैली डेगन ने दावा किया है कि बोगोटा में दूतावास को स्वस्तिक सहित भित्तिचित्रों के साथ तोड़ दिया गया था।

दूत ने एक्स पर तस्वीरें पोस्ट कीं, जिसमें दूतावास की इमारत का एक स्तंभ डेविड स्टार के बगल में स्वस्तिक और फिलिस्तीन समर्थक नारों के साथ दिखाई दे रहा है।

## आज का इतिहास

1756– ब्रिटिश गवर्नर जनरल रॉबर्ट क्लाइव ने कलकत्ता पर पुनः कब्जे के लिए मद्रास कूच किया।

1868– क्यूबा ने स्पेन से स्वतंत्रता पाने के लिए विद्रोह किया।

1906– भारतीय उपन्यासकार आर. के. नारायण का जन्म।

1910– वाराणसी में मदन मोहन मालवीय की अध्यक्षता मे प्रथम अखिल भारतीय हिन्दी सम्मेलन का आयोजन किया गया।

1942– सोवियत संघ ने आस्ट्रेलिया के साथ अपने राजनयिक संबंध की शुरुआत की।

1954– बॉलीवुड अभिनेत्री रेखा का जन्म।

1964– टोक्यो में हुए ग्रीष्मकालीन ओलंपिक का पहली बार दूरदर्शन पर सीधा प्रसारण किया गया।

1970– फिजी ने स्वतंत्रता प्राप्त की।

1971– अमेरिका के एरिजोना के लेक हवासु शहर में लंदन ब्रिज को पुनर्निर्मित किया गया। इसे ब्रिटेन से खरीदकर और तोड़कर अमेरिका लाया गया।

## सुडोकू 6342

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 3 | 5 | | |
| | | | | | | | 1 | |
| 2 | | | | 1 | 5 | | | 9 |
| 5 | | | | 2 | 8 | | | 1 |
| | | 8 | | | | 2 | | |
| 1 | | | 9 | 7 | | | | 3 |
| 7 | | | 1 | 5 | | | | 6 |
| | 2 | | | | | | | |
| | | 4 | 2 | | | | 8 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 6342

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | ■ | | ■ | ७ | | | |
| | ■ | ८ | ९ | | | | ■ | | ■ |
| ■ | १० | ■ | | ■ | ■ | ■ | ११ | ■ | १२ |
| १३ | | | | ■ | १४ | ■ | १५ | | |
| ■ | | ■ | १६ | | | | ■ | ■ | |
| १७ | | | ■ | ■ | | ■ | १८ | १९ | |
| | ■ | ■ | २० | | | २१ | ■ | | ■ |
| २२ | | | | ■ | ■ | २३ | | | |

**बायें से दायें:-**

१. बदचलन, दुश्चरित्र, कुकर्मी
३. खजाना, धनागार
५. न्यारा, सबसे अलग तरह का
६. किसी चीज का मजा मिलने पर उसे फिर खाने-करने की इच्छी
७. हरियाली युक्त
८. किसी व्यक्ति-वस्तु, इमारत की सुरक्षा में लगे लोगों का दल
१३. प्रशंसा, तारीफ़
१५. सूचना
१६. शिक्षा, उपदेश, लाभप्रद राय (उर्दू)
१७. एक राक्षसी जिसने कृष्ण को दूध पिलाकर मारना चाहा
१८. सरलता
२०. सूर्य
२२. नया ऊगा हुआ
२३. नयापन

**ऊपर से नीचे:-**

१. गाली, अपशब्द
२. चापलूस
३. शोरगुल
४. करीब-करीब
५. जो किसी से न डरे
९. जिसे नुकसान न हुआ हो
१०. प्रेम, प्यार (उर्दू)
११. होश, चेतना
१२. स्वेच्छाचारिता
१४. विभाग, हुक्म करने की जगह (उर्दू)
१७. इबादत, आराधन
१९. निवासी (उर्दू)
२०. आखिर, अवसान
२१. डूबा हुआ, मग्न

### वर्ग पहेली-6341

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सि | फा | रि | श | ■ | ■ | कि | स | ल | य |
| या | ■ | या | ■ | ह | म | ल | ■ | ल | ■ |
| स | र | स | ■ | ल | ■ | का | र्य | का | ल |
| त | ■ | त | र | फ | दा | री | ■ | र | ■ |
| ■ | वि | ■ | स | ■ | ■ | ■ | खु | ■ | वि |
| भ | ला | बु | रा | ■ | आ | ■ | द | रिं | दा |
| ■ | य | ■ | ज | ह | म | त | ■ | ■ | र |
| अं | त | र | ■ | ■ | द | ■ | से | व | क |
| धे | ■ | ■ | द | र्श | नी | य | ■ | च | ■ |
| रा | ह | गी | र | ■ | ■ | श | ब | न | म |

**यूसूफ कुरैशी,** मो. 8109948408

**जांच** महादेव गेमिंग ऐप मनी लॉन्ड्रिंग मामला में कसता शिकंजा

# ईडी की जांच के दायरे में 30 से ज्यादा सितारे

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** महादेव ऑनलाइन बुक (एमओबी) मनी लॉन्ड्रिंग मामले की जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कई मशहूर हस्तियों सहित 30 से ज्यादा बॉलीवुड स्टार्स की पहचान की है, जिन्होंने पिछले साल सितंबर में और इस साल फरवरी में संयुक्त अरब अमीरात में कंपनी प्रमोटरों के दो इवेंट्स में हिस्सा लिया था।

ईडी के सूत्रों के अनुसार, एजेंसी ने एमओबी के प्रमोटर सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल को नए समन जारी किए, जिनके बारे में कहा जाता है कि वे संयुक्त अरब अमीरात के दुबई में हैं, उसी दिन उन्होंने कॉमेडियन कपिल शर्मा, अभिनेत्री हुमा कुरेशी और हीना खान को पूछताछ के लिए समन जारी किया था। ईडी ने बॉलीवुड अभिनेता रणबीर कपूर को भी पूछताछ के लिए बुलाया है।

सूत्र ने कहा कि बॉलीवुड, टेलीविजन इंडस्ट्री और साउथ फिल्म इंडस्ट्री सहित 30 से ज्यादा मशहूर हस्तियों को गवाह के रूप में अपना बयान दर्ज करने के लिए तलब किए जाने की संभावना है। सूत्र ने कहा कि उनमें से कई लोग पिछले साल सितंबर में एमओबी की सक्सेस पार्टी में शामिल हुए थे, जबकि कई अन्य इस साल फरवरी में दुबई में चंद्राकर की शादी की पार्टी में शामिल हुए थे। सूत्र ने बताया कि इन हस्तियों से सितंबर 2022 में दुबई के एक होटल में आयोजित इवेंट में शामिल होने के बदले उन्हें दिए गए कथित भुगतान के बारे में पूछा जाएगा। सूत्र ने कहा कि यूएई में एमओबी के इवेंट्स में भाग लेने वाले मशहूर हस्तियों के बयान दर्ज करने के बाद, एजेंसी यह तय करने के लिए उनके दावों को वेरिफाई करेगी कि उन्हें उनके खिलाफ आगे बढ़ने की जरूरत है या नहीं।



■ संयुक्त अरब अमीरात में कंपनी प्रमोटरों के दो इवेंट्स में लिया था हिस्सा

सूत्र ने कहा कि एजेंसी ने जांच के दौरान तीन से चार मशहूर हस्तियों के समूह की पहचान की है जो इवेंट्स में भाग ले रहे थे, अपने मोबाइल गेमिंग एप्लिकेशन को प्रोमोट कर रहे थे और अपने प्रोडक्ट का प्रचार भी कर रहे थे। सूत्र ने कहा कि वित्तीय जांच एजेंसी को पिछले महीने की गई तलाशी के दौरान होटल्स की पेमेंट्स और ट्रांसपोर्ट डिटेल्स मिली थी। आरोप है कि एमओबी ने दुबई में मैरिज सेरेमनी प्रोग्राम पर लगभग 200 करोड़ रुपये खर्च किए, जिसमें परिवार के सदस्यों को नागपुर से संयुक्त अरब अमीरात तक ले जाने के लिए प्राइवेट जेट किराए पर लिए गए। ईडी की जांच में यह भी पाया गया कि शादी में परफॉर्म करने के लिए मशहूर हस्तियों को काम पर रखा गया था। वेडिंग प्लानर, डांसर, डेकोरेटर आदि को मुंबई से काम पर रखा गया था और कैश पेमेंट्स करने के लिए हवाला चैनलों का इस्तेमाल किया गया था। ईडी ने कहा कि उनके द्वारा एकत्र किए गए डिजिटल साक्ष्य के अनुसार, योगेश पोपट की इवेंट मैनेजमेंट कंपनी आर-1 इवेंट्स प्राइवेट लिमिटेड को हवाला के जरिए 112 करोड़ रुपये पहुंचाए गए और एईडी में कैश पेमेंट कर 42 करोड़ रुपये की होटल बुकिंग की गई। इसमें यह भी कहा गया कि पोपट, मिथिलेश और अन्य जुड़े आयोजकों के परिसरों की तलाशी के दौरान 112 करोड़ रुपये की हवाला राशि प्राप्त होने से संबंधित सबूत सामने आए।

# खेल जगत

## टर्न के साथ-साथ गति भी महत्वपूर्ण : कुलदीप यादव

**चेन्नई**। विश्व कप-2023 अभियान के शुरुआती मैच में ऑस्ट्रेलिया पर भारत की छह विकेट की जीत में रवींद्र जडेजा, कुलदीप यादव और रविचंद्रन अश्विन की स्पिन तिकड़ी ने मिलकर छह विकेट लिए और मेहमान टीम को 199 रन पर आउट किया। इस मैच में दो विकेट लेने वाले कुलदीप यादव ने कहा कि टर्न के अलावा, स्पिन के अनुकूल पिच पर एक स्पिनर किस गति से गेंदबाजी करता है, यह भी बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है। कुलदीप ने कहा, महत्वपूर्ण बात यह है कि विकेट किस गति से टर्न ले रहा है। कभी-कभी आपको टर्न मिलती है, लेकिन फिर यह धीमा होता है, जिससे बल्लेबाजों को मदद मिलती है। ऐसे में मेरे लिए गति में बदलाव करना बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है। रविवार के खेले गए मुकाबले में कुलदीप ने इस साल अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा, जिसमें उन्होंने 18 मैचों में 16.31 के औसत और 4.68 की इकॉनमी रेट से 35 विकेट लिए।



# स्टार्क, वार्नर और कोहली ने तोड़े कई रिकॉर्ड

**चेन्नई**। मिशेल स्टार्क ने गेंदबाजी में क्रिकेट विश्व कप का रिकॉर्ड तोड़ दिया है, जबकि डेविड वार्नर और विराट कोहली भी ऑस्ट्रेलिया और भारत के मुकाबले में महत्वपूर्ण उपलब्धि तक पहुंचे।

भारत के खिलाफ रविवार को खेले गये मैच में बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप में सबसे तेज 50 विकेट तक पहुंचने वाले गेंदबाज बन गए। स्टार्क ने भारत के सलामी बल्लेबाज इशान किशन को गोल्डन डक पर आउट करके छह पारियों में विकेट लेने का रिकॉर्ड अपने नाम किया। उन्होनेण, क्रिकेट विश्व कप में 19 पारियों में 50 विकेट हासिल किए और लसिथ मलिंगा के पिछले रिकॉर्ड को तोड़ दिया। आईसीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि श्रीलंका के तेज गेंदबाज ने क्रिकेट विश्व कप में 50 विकेट तक पहुंचने के लिए 25 पारियां लीं, जबकि ग्लेन मैकग्राथ और श्रीलंका के स्पिनर मुथैया मुरलीधरन 30 पारियों में यह आंकड़ा छूने वाले दूसरे सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज हैं। 2019 में 10 मैचों में 27 विकेट लेने के बाद स्टार्क ने क्रिकेट विश्व कप के एक संस्करण में सर्वाधिक विकेट लेने का रिकॉर्ड भी अपने नाम कर लिया है।

स्टार्क के रिकॉर्ड को खतरे में डालने वाले मौजूदा गेंदबाजों में मोहम्मद शमी सर्वश्रेष्ठ स्थान पर हैं, भारत के तेज गेंदबाज ने 11 क्रिकेट विश्व कप मैचों में 31 विकेट लिए हैं। 33 वर्षीय खिलाड़ी को क्रिकेट विश्व कप 2023 के पहले मैच में ऑस्ट्रेलिया का सामना करने के लिए भारत की टीम से बाहर रखा गया था, लेकिन टूर्नामेंट के आगे बढ़ने के साथ उन्हें आगे के अवसरों की उम्मीद होगी।

ऑस्ट्रेलिया ने एक और कीर्तिमान हासिल किया जब वार्नर केवल 19 पारियों में क्रिकेट विश्व कप में सबसे तेज़ एक हजार रन तक पहुंचने वाले खिलाड़ी बन गए। बाएं हाथ के बल्लेबाज ने क्रिकेट विश्व कप में एक हजार रन बनाए। उन्होने शुरुआती मैच में 41 रन बनाए, लेकिन भारत से अपनी हार को रोकने में असमर्थ रहे। वार्नर ने भारत के दिग्गज सचिन तेंदुलकर और दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान डिविलियर्स से ज्यादा तेजी से रन बनाने का रिकॉर्ड बनाया। दोनों ने क्रिकेट विश्व कप में एक हजार रन तक पहुँचने के लिए 20 पारियाँ ली थीं। 1992 से 2011 के बीच छह क्रिकेट विश्व कप में 45 मैचों में 2,278 रन के साथ तेंदुलकर के पास अभी भी शोपीस इवेंट में सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड है। 2015 के बाद से तीन क्रिकेट विश्व कप में भाग लेने के बाद वार्नर के पास अब कुल 1,033 रन हैं। भारत 11 अक्टूबर को अफगानिस्तान से खेलेगा तो रोहित शर्मा वार्नर के रिकॉर्ड की बराबरी कर सकते हैं, सलामी बल्लेबाज वर्तमान में क्रिकेट विश्व कप में 18 पारियों में एक हजार रन से 22 रन पीछे हैं। जोश हेज़लवुड की गेंद पर शून्य पर आउट होने के बाद भारत के कप्तान ऑस्ट्रेलिया पर जीत में अपने करियर की संख्या में इजाफा करने में असफल रहे। विराट कोहली (85) ने केएल राहुल (नाबाद 97) के साथ मिलकर भारत को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 200 रनों के मामूली लक्ष्य तक पहुंचाया, क्योंकि सुपरस्टार क्रिकेट विश्व कप में सर्वाधिक रन बनाने के मामले में शीर्ष -10 में पहुंच गए। 34 वर्षीय खिलाड़ी के अब 50 ओवर के टूर्नामेंट में 1,115 रन हैं और वह इस साल के आयोजन में चौथे स्थान पर पहुंच सकते हैं और वेस्टइंडीज के महान ब्रायन लारा से आगे निकलने के लिए 111 रन की जरूरत है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ कोहली की पारी में यह भी देखा गया कि चेस मास्टर ने एकदिवसीय मैचों में कुल 5,517 के साथ सफल लक्ष्य में सर्वाधिक रन बनाने के मामले में तेंदुलकर को पीछे छोड़ दिया। ऑस्ट्रेलिया ने शुरुआत में तीन बार शून्य पर आउट होने का दावा किया, जिससे मेजबान टीम 2/3 पर सिमट गई, यह पहली बार है कि भारत ने अपने सभी 1,042 एकदिवसीय मैचों में अपने शीर्ष चार बल्लेबाजों में से कई को बिना स्कोर किए खो दिया है। इसके बाद कोहली और राहुल ने 165 रन की साझेदारी करके भारत को बचाया जो अब क्रिकेट विश्व कप में चौथे या उससे कम विकेट के लिए भारत की दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी है।




## कोहली को ड्रेसिंग रूम में 'बेस्ट फील्डर ऑफ द मैच' से नवाजा गया

**नई दिल्ली**। भारत बनाम ऑस्ट्रेलिया मुकाबले में सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षण करने वाले विराट कोहली को भारत के ड्रेसिंग रूम में 'बेस्ट फील्डर ऑफ द मैच' के पुरस्कार से नवाजा गया। रविवार को खेले गये इस मुकाबले में कोहली ने ना केवल बल्लेबाजी बल्कि सर्वश्रेष्ठ क्षेत्ररक्षण करते हुए ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज मिचेल मार्श का शानदार कैच पकड़ा जो पूरे मैच में सबसे अधिक चर्चा में रहा। कोहली को इस शानदार कैच के लिए ड्रेसिंग रूम में सम्मानित किया गया। बीसीसीआई ने इससे संबंधित एक वीडियो रिलीज किया है, जिसमें विराट कोहली को ड्रेसिंग रूम में 'बेस्ट फील्डर ऑफ द मैच' के पुरस्कार से सम्मानित करते हुए दिखा गया है। भारतीय टीम के क्षेत्ररक्षक कोच टी दिलीप ने विराट कोहली को गोल्ड मेडल पहनाकर सम्मानित किया। उसके बाद विराट ने राफेल नडाल के अंदाज में इस समारोह को मनाया। इस दौरान ड्रेसिंग रूम में टीम के मौजूद सभी खिलाड़ियों ने विराट के लिए तालियां बजाईं। इससे पहले राहुल द्रविड़ ने कहा कि ड्रेसिंग रूम में आज से एक छोटा सा बदलाव हो रहा है। आज फील्डिंग मेडल दिया जाएगा। इसके बाद फील्डिंग कोच टी दिलीप ने कहा कि यह मेडल सिर्फ उस खिलाड़ी को नहीं मिलेगा जो अपना काम करेगा बल्कि उसे दिया जाएगा जो और खिलाड़ियों को प्रेरित करेगा। टी दिलीप ने इस दौरान कल खेले गये मुकाबले में अय्यर द्वारा पैट कमिंस और एडम जम्पा के दो बेहतरीन कैचों का भी जिक्र किया। उल्लेखनीय है कि विराट कोहली ने कल के मैच में बल्लेबाजी करते हुए 85 रन की बेहतरीन पारी खेली। कोहली ने केएल राहुल (97) के साथ मिलकर 165 रन की साझेदारी की थी जिसकी बदौलत भारत ने यह मुकाबला छह विकेट से जीत लिया था।

## शुभमन गिल अफगानिस्तान के खिलाफ वन डे क्रिकेट विश्व कप के दूसरे मैच में दिल्ली में भी नहीं खेलेंगे

**नई दिल्ली**। बल्लेबाजी से इस साल धमाल करने वाले डेंगू से उबरने में जुटे भारत के सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल अब यहां दिल्ली में अरुण जेटली स्टेडियम में अफगानिस्तान के खिलाफ आईसीसी वन डे क्रिकेट विश्व कप 2023 के दूसरे मैच मैच में नहीं खेलेंगे। डेंगू की चपेट में आने के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मौजूदा वनडे विश्व कप के पहले मैच में न खेल पाने शुभमन गिल भारतीय टीम के साथ सोमवार को दिल्ली आने की बजाय मेडिकल टीम की निगरानी में फिलहाल चेन्नै में ही रहेंगे। मेडिकल टीम चेन्नई में ही शुभमन गिल के स्वास्थ्य पर नजर रखेगी और इसलिए वह भारतीय टीम के साथ दिल्ली में नहीं आएंगे। यह जानकारी भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के मानद सचिव जय शाह ने सोमवार को दी। भारत की टीम विश्व कप में अफगानिस्तान के खिलाफ बुधवार 11 अक्टूबर को दूसरा मैच खेलने के बाद 14 अक्टूबर को अहमदाबाद जाएगी और वहां अपने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ सबसे अहम मैच खेलेगी।



शुभमन गिल ने इस साल वन डे अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में एक दोहरे शतक सहित कुल पांच शतकों सहित सबसे ज्यादा 1230 रन बनाए हैं। शुभमन गिल ने भारत के लिए पिछले चार वन डे अंतरराष्ट्रीय मैचों में दो शतक और दो अर्द्धशतक जड़े। शुभमन गिल की गैरमौजूदगी में भारत की बल्लेबाज मौजूदा वन डे क्रिकेट विश्व कप में चेन्नै में बुरी तरह लडखड़ा गई थी और उसने ऑस्ट्रेलिया द्वारा जीत के लिए रखे 200 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए शुरू के दो ओवर में सलामी बल्लेबाज इशान किशन(0), कप्तान रोहित शर्मा (0) और श्रेयस अय्यर (0) के रूप में मात्र दो रन पर तीन विकेट गंवा दिए थे। संकट की घड़ी में सदाबहार विराट कोहली (85) और मैन ऑफ द मैच केएल राहुल (अविजित 97) की चौथे विकेट की 165 रन की भागीदारी की बदौलत चार विकेट पर 201 रन बनाकर मैच जीत लिया था। बेशक को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शीर्ष क्रम में बतौर सलामी बल्लेबाज शुभमन की कमी बेहद अखरी। सच तो यह है कि शुभमन गिल अपने आदर्श विराट कोहली की तरह पारी को संवारना और सही वक्त पर गियर बदलना उन्हीं की तरह खूब जानते हैं।

# स्वर्ण पदक की हैट्रिक लगाने वाली ज्योति ने जीत का श्रेय दिया टीम को

**नई दिल्ली**। एशियाई खेलों में तीरंदाजी स्पर्धाओं में तीन स्वर्ण पदक जीतने वाली ज्योति सुरेखा वेन्नम ने इसका श्रेय कोच और टीम के अन्य साथियों को दिया है।

ड्रीम स्पोर्ट्स फाउंडेशन की एथलीट ज्योति सुरेखा वेन्नम (तीरंदाजी) ने 19वें एशियाई खेलों में कंपाउंड तीरंदाजी स्पर्धाओं में तीन स्वर्ण पदक जीते। यह संस्करण भारतीय तीरंदाजी दल के लिए खास बन गया क्योंकि उन्होंने रिकर्व और कंपाउंड समेत 10 में से 7 स्पर्धाओं में पोडियम फिनिश हासिल की। ज्योति ने अपने असाधारण प्रदर्शन से देश को गौरवान्वित करते हुए महिला व्यक्तिगत, महिला टीम और मिश्रित टीम स्पर्धाओं में स्वर्ण पदक जीते। अपनी विजयी उपलब्धि के बारे में बात करते हुए उन्होने कहा ये जीतें न केवल मेरी, बल्कि मेरे कोचों, मेरी टीम के साथियों और उन सभी की कड़ी मेहनत और समर्पण का प्रमाण हैं जिन्होंने मुझ पर विश्वास किया और मेरा समर्थन किया। उन्होने कहा मुझे इन तीन स्वर्ण पदकों को घर वापस लाने पर गर्व है और मुझे आशा है कि मैं उन युवा बच्चों को प्रेरित कर सकूंगी जो तीरंदाजी को करियर खेल के रूप में अपनाना चाहते हैं।



एशियाई खेल 2022 के लिए 16 सदस्यीय भारतीय तीरंदाजी दल ने भारत के लिए पांच स्वर्ण पदक और दो-दो रजत और कांस्य पदक समेत नौ पदक जीते। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय तीरंदाजों की उपलब्धि की सराहना करते हुये एक्स पर पोस्ट किया था। भारत के लिए एक और गर्व का क्षण। कंपाउंड तीरंदाजी में एशियाई खेलों में अपना तीसरा स्वर्ण पदक जीतने के लिए वीजेसुरेखा को बधाई। उनका समर्पण और कौशल देश को गौरवान्वित करता रहेगा।

# भारत विश्व कप जीतने के लिये मजबूत स्थिति में : जडेजा

चेन्नई। भारत के हरफनमौला खिलाड़ी रवींद्र जडेजा का मानना है कि उनकी टीम तीसरा आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप जीतने की मजबूत स्थिति में है। रविवार को चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया पर भारत की पहली जीत में जडेजा ने अहम भूमिका निभाई और अपने दस ओवर के स्पेल में स्टीव स्मिथ के अहम विकेट समेत तीन विकेट लिए। दिनेश कार्तिक और मेजबान ब्रायन मुर्गट्रोयड के साथ आईसीसी रिव्यू पॉडकास्ट के नवीनतम एपिसोड में जडेजा ने कहा, यह बहुत खास है क्योंकि यह भारत में मेरा पहला विश्व कप है। प्रशंसक बहुत उत्साहित हैं क्योंकि हमारी टीम सभी क्षेत्रों में संतुलित है। ऐसा कुछ भी नहीं है कि हम किसी विशेष क्षेत्र में कमज़ोर हैं। भारत के विश्व कप के उद्घाटन मैच में एमए चिदम्बरम स्टेडियम में 30 हजार से अधिक प्रशंसक उपस्थित थे और उम्मीद है कि जब मेजबान टीम टूर्नामेंट के शेष भाग के लिए देश भर में अपना अभियान जारी रखेगी तो भीड़ और भी बढ़ेगी। जडेजा ने प्रशंसकों की विशेष तारीफ करते हुये कहा कि भारत यदि विश्व कप जीतता है तो इसमें प्रशंसकों की भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकेगा।



उन्होने कहा भारतीय समर्थकों की ऊर्जा, उनका आत्मविश्वास और हम पर उनका अटूट विश्वास अविश्वसनीय रूप से ऊंचा है। जब भी हम भारत में खेलते हैं, किसी भी श्रृंखला के लिए, वे इतनी बड़ी संख्या में आते हैं कि पूरा स्टेडियम खचाखच भरा रहता है। मुझे विश्व कप में भारतीय दर्शकों के सामने खेलना बहुत रोमांचक लगता है। उम्मीद है, हम अच्छा प्रदर्शन करेंगे, फ़ाइनल में पहुंचेंगे और विश्व कप जीतेंगे।

## सार संक्षेप

### टॉमी पॉल, ग्रिगोर दिमित्रोव शंघाई मास्टर्स के चौथे दौर में पहुंचे

**शंघाई**। टॉमी पॉल सोमवार को फ्रांसीसी आर्थर फिल्स को 6-4, 6-7(7), 6-4 से हराकर शंघाई मास्टर्स के चौथे दौर में पहुंच गए, जिससे उनकी एटीपी फाइनल्स क्वालीफिकेशन की उम्मीदें मजबूत हो गई। एटीपी टूर की रिपोर्ट के अनुसार कठिन संघर्ष में अमेरिकी ने दूसरे सेट के टाई-ब्रेक में दो मैच प्वाइंट गंवाने से उबरते हुए, निर्णायक सेट में लगातार बेसलाइन खेल के साथ जवाब दिया और दो घंटे और 40 मिनट के बाद आगे बढ़ गए। पॉल वर्तमान में एटीपी लाइव रेस टू ट्यूरिन में 2,525 अंकों के साथ 11वें स्थान पर हैं और आठवें स्थान पर मौजूद होल्गर रूण से 585 अंकों से पीछे हैं। उनका लक्ष्य साल के अंत में होने वाले इस प्रतिष्ठित आयोजन में पदार्पण करना है। 26 वर्षीय खिलाड़ी इस सीज़न (इंडियन वेल्स, मियामी, टोरंटो एसएफ, सिनसिनाटी, शंघाई) के सभी हार्ड-कोर्ट एटीपी मास्टर्स 1000 इवेंट में कम से कम चौथे दौर में पहुंच गया है। पॉल का लक्ष्य वर्ष के अपने दूसरे मास्टर्स 1000 क्वार्टरफाइनल में पहुंचना होगा, जब वह एंड्री रुबलेव से भिड़ेंगे, जो 16वें राउंड में भी आगे बढ़े। उन्होंने एड्रियन मन्नारिनो को 6-3, 6-0 से हराकर फ्रेंचमैन की आठ मैचों की जीत का सिलसिला समाप्त कर दिया।

### विराट के साथ मैच विनिंग पार्टनरशिप पर बोले राहुल-मैं नहाकर ड्रेसिंग रूम में बैठा ही था...

**चेन्नई**। जब केएल राहुल क्रीज पर विराट कोहली के साथ शामिल होने के लिए आए, तो एमए चिदंबरम स्टेडियम में मौजूद फैंस खामोश थे क्योंकि भारत का स्कोर-बोर्ड देखकर हर कोई हैरान था। 200 रन का टारगेट चेज करने उतरी भारतीय पारी की शुरुआत खराब रही। मात्र 2 रन पर टीम के 3 मुख्य बल्लेबाज बिना खाता खेले पवेलियन लौट चुके थे।

# वर्ल्ड कप क्वालीफायर्स के लिए अर्जेंटीना की टीम से बाहर हुए डायबाला



**ब्यूनस आयर्स**। अर्जेंटीना फुटबॉल एसोसिएशन ने बताया कि स्ट्राइकर पाउलो डायबाला घुटने की चोट के कारण पैराग्वे और पेरू के खिलाफ अर्जेंटीना के फीफा विश्व कप क्वालीफायर में नहीं खेल पाएंगे। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, कॅग्लियारी में रोमा की 4-1 सीरी ए जीत के पहले हाफ में 29 वर्षीय खिलाड़ी अपने बाएं घुटने में चोट लगने के कारण लंगड़ाते हुए नजर आए।

एएफए ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, पाउलो डायबाला को चोट के कारण टीम से बाहर कर दिया गया है। हालांकि, अभी उनके रिप्लेसमेंट का नाम नहीं बताया गया है। रोमा के मैनेजर जोस मोरिन्हो ने मैच के बाद कहा कि चोट की गंभीरता का पता लगाने के लिए डायबाला का सोमवार को स्कैन किया जाएगा।

अर्जेंटीना 12 अक्टूबर को ब्यूनस आयर्स में पराग्वे से और पांच दिन बाद लीमा में पेरू से भिड़ेगा।

# अफ्रीका-आस्ट्रेलिया की टीमें लखनऊ में, 12 को मुकाबला

**लखनऊ**। उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ का इकाना स्टेडियम विश्वकप के पांच मैचों की मेजबानी की लिये सज धज कर तैयार है। यहां दक्षिण अफ्रीका और आस्ट्रेलिया के बीच पहला मुकाबला 12 अक्टूबर को खेला जायेगा जिसके लिये दोनो टीमो का आगमन नवाब नगरी में हो चुका है।

दक्षिण अफ्रीका की टीम रविवार को यहां पहुंच गयी थी और आज शाम से उसका अभ्यास सत्र शुरू हो जायेगा जबकि आस्ट्रेलिया की टीम आज शाम यहां पहुंची जो मंगलवार से अभ्यास सत्र में हिस्सा लेगी। दोनो टीमो को अलग अलग होटल में ठहराया गया है।

पहली बार एक दिवसीय विश्व कप की मेजबानी कर रहे लखनऊ में क्रिकेट के महाकुंभ को लेकर गजब का उत्साह है। दक्षिण अफ्रीका शाम छह बजे से नौ बजे तक अभ्यास करेगी जबकि आस्ट्रेलिया के लिये यह समय दोपहर दो से पांच बजे के बीच निर्धारित किया गया है। लखनऊ के इकाना स्टेडियम पर 29 अक्टूबर को भारत और इंग्लैंड के बीच होने वाले मैच की अधिकांश टिकटें आन लाइन बिक चुकी हैं। हालांकि टिकटों की कुल बिक्री के बारे में उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ के पदाधिकारियों को सही जानकारी नहीं है। दक्षिण अफ्रीका आस्ट्रेलिया मैच के बाद इसी मैदान पर 16 अक्टूबर को आस्ट्रेलिया और श्रीलंका के बीच मुकाबला होगा जिसके बाद श्रीलंका नीदरलैंड से 21 अक्टूबर को दिन में भिड़ेगी। अगले पांच मुकाबलों के दौरान अदब की नगरी में क्रिकेट का बुखार चरम पर रहने की उम्मीद है। दरअसल, इकाना स्टेडियम को 2019 में अफगानिस्तान और वेस्टइंडीज के बीच टेस्ट मैच के दौरान अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद से टेस्ट का दर्जा मिला था मगर लखनऊ में इससे पहले भी कुछ अंतर्राष्ट्रीय मैच खेले गये थे। 1952 में लखनऊ विश्वविद्यालय के मैदान पर भारत और पाकिस्तान के बीच एक टेस्ट मैच खेला गया था जबकि नजाकत और नफासत के इस शहर ने 1989 में श्रीलंका और पाकिस्तान के बीच नेहरू कप, 1993 में बोर्ड प्रेसिडेंट इलेवन और इंग्लैंड के बीच तीन दिवसीय मैच और 1994 में भारत और श्रीलंका के बीच टेस्ट मैच की मेजबानी की। हालांकि ये सभी मैच केडी सिंह बाबू स्टेडियम पर खेले गये थे।




# फिट स्ट्राइकर उत्तम सिह सुल्तान ऑफ जोहोर कप में भारत की जू. हॉकी टीम का नेतृत्व करेंगे

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली। तेज तर्रार स्ट्राइकर उत्तम सिंह अब पूरी तरह फिट होने के बाद 27 अक्टूबर से 4 नवंबर तक मलयेशिया में होने वाले आठ टीमों के 11 वें सुल्तान ऑफ जोहोर कप 2023 में भारत की 20 सदस्यीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम के कप्तान होंगे जबकि मिडफील्डर राजिंदर सिंह उपकप्तान होंगे। बॉबी सिंह धामी ने इससे पहले उपकप्तान की जिम्मेदारी संभाली थी। पिछली बार इस टूर्नामेंट में छह टीमों ने शिरकत की थी। भारत की जूनियर हॉकी टीम को आठ टीमों के इस टूर्नामेंट में पूल बी में मेजबान मलयेशिया, पाकिस्तान और न्यूजीलैंड की टीमों के साथ रखा गया है जबकि ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी, दक्षिण अफ्रीका और ब्रिटेन की टीम पूल ए में है। दोनों पूल में शीर्ष रहने वाली दो-दो टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। भारत की जूनियर टीम के सामने खिताब बरकरार बरकरार रखने की चुनौती है। भारत को सुलतान ऑफ जोहोर कप में खिताब बरकार रखना है खुद कप्तान उत्तम सिंह, के साथ लिंकेन विष्णुकांत को उम्मीदों के मुताबिक खेल दिखाना होगा। भारत अपने अभियान का आगाज 27 अक्टूबर को चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ मैच से करेगा। भारत अपने दूसरे पूल मैच में मलयेशिया से 28 अक्टूबर को और तीसरे आखिरी मैच में न्यूजीलैंड से भिड़ेगा।



### सुल्तान ऑफ जोहोर कप के लिए चुनी गई भारतीय जूनियर हॉकी टीम इस प्रकार है

**गोलरक्षक** : मोहित एचएस, रणविजय सिंह यादव।
**रक्षापंक्ति** : अमनदीप लाकरा, रोहित, सुनील जोजो, सुखविंदर, आमिर अली, योगेम्बर रावत,
**मध्यपंक्ति** : विष्णुकांत सिंह, पुवन्ना सीबी, राजिंदर सिंह, अमनदीप , सुनील लाकरा, अब्दुल अहद।
**अग्रिम पंक्ति** : उत्तम सिंह, अरुण साहनी, आदित्य ललागे, अंगदबीर सिंह, गुरजोत सिंह, सतीश बी।

### जोहोर कप हमारे लिए अहम : उत्तम

भारत की जूनियर टीम के कप्तान उत्तम सिंह ने सुल्तान ऑफ जोहोर कप की बाबत कहा, हमारी पूरी टीम ने शिद्दत से ट्रेनिंग कर रही है और जो खिलाड़ी पिछली बार टीम में नहीं थे उन्होंने भी अपना प्रदर्शन बेहतर कर कुल मिलाकर टीम का स्तर बेहतर किया है। हमारे लिए यह टूर्नामेंट इसलिए बेहद अहम है क्योंकि हमें इसी साल के आखिर में दिसंबर में मलयेशिया के आखिरी में एफआईएच जूनियर पुरुष हॉकी विश्व कप में शिरकत करनी है।

हमारे सामने सुलतान ऑफ जोहोर कप में खिताब बरकरार रखने की चुनौती है।

### जू. विश्व कप के मद्देनजर सुल्तान ऑफ

■ भारत की जू. टीम के सामने खिताब बरकरार रखने की चुनौती

### हमारे लिए जू. विश्व कप के लिए छह टीमों को आंकने का मौका : सीआर कुमार

भारतीय जूनियर हॉकी टीम के कोच सीआर कुमार ने कहा, चयन समिति ने पिछले टूर्नामेंटों को जेहन में रख कर जोहोर कप के लिए भारतीय जूनियर हॉकी टीम चुनी है। हमारी निगाह ऐसे खिलाडियों पर है जिनमें रक्षापंक्ति को छकाने वाले पास देकर प्रतिद्वंद्वियों को छकाने का दम है। हमारे लिए यह टूर्नामेंट इस साल के आखिर में मलयेशिया में होने वाले एफआईएच जूनियर विश्व कप में शिरकत करने वाली छह टीमों को आकलन करने का मौका है। जोहोर कप भी उन्हीं स्थितियों में खेला जाएगा जिसमें हमें इस साल आखिर में क्वालालंपुर में एफआईएच जूनियर विश्व कप 2023 में शिरकत करनी है।

## सुडोकू 6342 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 1 | 4 | 9 | 3 | 5 | 6 | 2 |
| 4 | 5 | 9 | 7 | 6 | 2 | 3 | 1 | 8 |
| 2 | 3 | 6 | 8 | 1 | 5 | 4 | 7 | 9 |
| 5 | 9 | 7 | 3 | 2 | 8 | 6 | 4 | 1 |
| 3 | 6 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 | 9 | 7 |
| 1 | 4 | 2 | 9 | 7 | 6 | 8 | 5 | 3 |
| 7 | 8 | 3 | 1 | 5 | 4 | 9 | 2 | 6 |
| 9 | 2 | 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 3 | 4 |
| 6 | 1 | 4 | 2 | 3 | 9 | 7 | 8 | 5 |

| SENSEX | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| BSE | 65512.39 ▼ 483.24 | 19512. 35 ▼ 141.15 | MCX | Gold 57361 ▲ 490 | silver 68737 ▲ 567 | देशबन्धु |

# [ अर्थ जगत ]

## डॉलर के मुकाबले रुपया 83.27 के भाव पर स्थिर

**मुंबई।** स्थानीय शेयर बाजारों के कमजोरी के रुख और अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के बीच अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में अमेरिकी डॉलर के मुकाबले रुपया शुक्रवार को 83.27 के भाव पर लगभग स्थिर रहा।विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि पश्चिम एशिया को लेकर बढ़ती चिंताओं के बीच डॉलर में तेजी आई है।



## एसबीआई से हरित पहल के लिए कर्ज लेने पर मिलेगी विशेष छूट : चेयरमैन

**मुंबई।** भारतीय स्टेट बैंक कर्ज लेने वालों के लिए जोखिम स्तर के आकलन पर काम कर रहा है, जहां वह हरित पहल के लिए विशेष छूट देता है। बैंक के चेयरमैन दिनेश खारा ने सोमवार को यहां यह बात कही। उन्होंने कहा कि बैंक जलवायु जोखिमों को कम करने और टिकाऊ वित्तपोषण के लिए अपने 33 लाख करोड़ रुपये के पोर्टफोलियो के कार्बन पदचिह्न को माप रहा है। चेयरमैन ने यहां उद्योग मंडल फिक्की के एक कार्यक्रम में कहा, बैंक स्तर पर हमने अपने कर्जदारों के जोखिम के उस स्तर पर काम करना शुरू कर दिया है, जहां हम हरित पहल के लिए कुछ विशेष छूट देते हैं। उन्होंने हालांकि इस बारे में विस्तार से नहीं बताया। गौरतलब है कि खारा कंपनियों द्वारा पर्यावरण को बचाने के झूठे वादों (ग्रीन-वॉशिंग) के खिलाफ चेतावनी देते रहे हैं। उन्होंने हरित वित्त के लिए बेहतर परियोजना रिपोर्ट का आह्वान किया ताकि हरित वित्त क्षेत्र को प्रभावित करने वाली सूचना विषमता को कम किया जा सके। उन्होंने हरित वित्त पारिस्थितिकी तंत्र पर जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए एक नीति ढांचे की आवश्यकता पर भी जोर दिया। खारा ने इस संबंध में चार्टर्ड अकाउंटेंट समुदाय से कुछ लेखा मानक तैयार करने को कहा, जो कॉरपोरेट को हरित पहल और उनके नतीजों से संबंधित वार्षिक आंकड़े रखने में मदद कर सकते हैं।

# शेयर बाजार पर फूटा इजरायल-हमास युद्ध का बम, सेंसेक्स 483 अंक फिसला

## निवेशकों के करीब 4 लाख करोड़ डूबे

*__मुंबई।__ शेयर बाजार पर इजरायल-हमास युद्ध का असर दिख रहा है. सप्ताह के पहले कारोबारी दिन सोमवार (9 अक्टूबर) को बाजार में मुनाफावसूली देखने को मिली और कारोबार के अंत में सेंसेक्स और निफ्टी गिरावट के साथ बंद हुए.*

आज के कारोबार में मिडकैप, स्मॉलकैप शेयरों में बिकवाली रही जबकि बीएसई के सभी सेक्टर इंडेक्स में गिरावट देखने को मिली. कारोबार के अंत में तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 483.24 अंक यानी 0.73 फीसदी की गिरावट के साथ 65,512.39 के स्तर पर बंद हुआ. वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 141.15 अंक यानी 0.72 फीसदी की गिरावट के साथ 19512.35 के स्तर पर बंद हुआ. सोमवार के कारोबार में अडानी पोर्ट्स, हीरो मोटरकार्प, बीपीसीएल, एचडीएफसी लाईफ और माहिन्द्रा एण्ड माहिन्द्रा निफ्टी का टॉप लूजर रहे. वहीं एचसीएल टेक्नालाजीस, डाक्टर रेड्डीज,



लेबोरेटरीस, टीसीएस, टाटा कन्यूमर और एचयूएल निफ्टी के टॉप गेनर रहे. बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का कुल मार्केट कैप 9 अक्टूबर को घटकर 315.94 लाख करोड़ रुपये पर पहुंच गया, जो इसके पिछले कारोबारी दिन यानी 6 अक्टूबर को 319.86 लाख करोड़ रुपये था.

इस तरह बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप आज करीब 3.92 लाख करोड़ रुपये घटा है. आसान भाषा में कहें तो निवेशकों की संपत्ति में करीब 3.92 लाख करोड़ रुपये घट गई.

**6 अक्टूबर को हरे निशान पर बंद हुआ बाजार**- बीते कारोबारी दिन यानी 6 अक्टूबर को कारोबार के अंत में बीएसई सेंसेक्स 364.06 अंक यानी 0.55 फीसदी की बढ़त के साथ 65,995.63 के स्तर पर बंद हुआ था. वहीं एनएसई का निफ्टी 107.75 अंक यानी 0.55 फीसदी की बढ़त के साथ 19653.50 के स्तर पर बंद हुआ था.

**टाटा ग्रुप, ओवाईओ समेत 28 कंपनियों का आ रहा है आईपीओ**- गौरतलब है कि चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में रिकॉर्ड 31 आईपीओ आने के बाद दूसरी छमाही में 28 कंपनियां 38,000 करोड़ रुपये जुटाने के लिए आईपीओ लाने के लिए तैयार हैं. दूसरी ओर आईपीओ से 44,000 करोड़ रुपये जुटाने के लिए 41 कंपनियों को मार्केट रेगुलेटर सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया यानी सेबी से मंजूरी मिलने का इंतजार है.

# हीरो मोटोकॉर्प के एमडी-सीईओ पवन मुंजाल के खिलाफ एफआईआर दर्ज, स्टॉक 3 फीसदी से ज्यादा फिसला

*__नई दिल्ली।__ देश की दिग्गज टूव्हीलर कंपनी हीरो मोटोकॉर्प के चेयरमैन, एमडी और सीईओ पवन मुंजाल के खिलाफ दिल्ली पुलिस ने एफआईआर दर्ज किया है. इस खबर के चलते शेयर में सोमवार 9 अक्टूबर 2023 के ट्रेडिंग सेशन में बड़ी गिरावट देखी जा रही है.*

कंपनी का स्टॉक 3.50 फीसदी से ज्यादा की गिरावट के साथ 2924 रुपये तक नीचे जा फिसला. फिलहाल शेयर 2950 रुपये पर फिलहाल कारोबार कर रहा है. ये मामला 2010 के पहले का है जिसमें हीरो मोटोकॉर्प और पवन मुंजाल के खिलाफ दिल्ली के वसंत कुंज पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज की गई है. पवन मुंजाल के अलावा विक्रम कासबेकर और हरी गुप्ता के खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज की है जो कंपनी में अधिकारी हैं. इसके अलावा मंजुला बनर्जी के खिलाफ भी एफआईआर दर्ज की गई है जो 2009-2010 में कंपनी की ऑडिटर रही थीं. मामले में शिकायतकर्ता ब्रेंस लॉजिस्टिक्स है. शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि आरोपियों ने मिलीभगत करके बुक्स में हेराफेरी की है और शिकायतकर्ता के खिलाफ 2009 और 2010 में 5.95 करोड़ रुपये के फर्जी महीने वार बिल बनाए हैं.इसी वर्ष अगस्त महीने में प्रवर्तन निदेशालय ने पवन मुंजाल समेत कुछ लोगों के परिसरों पर हाल ही में छापेमारी की थी. प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले में चल रही जांच को लेकर की थी जिसमें ईडी ने मुंजाल के दिल्ली व गुरुग्राम में स्थित घरों व दफ्तरों की तलाशी ली. इसे लेकर पहले ही मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम कानून के तहत प्राथमिकी दर्ज की जा चुकी है. हीरो मोटोकॉर्प ने तब बयान जारी कर कहा था ईडी के अधिकारी हमारे दिल्ली व गुरुग्राम स्थित कार्यालयों और हमारे एमडी डॉ पवन मुंजाल के घर पर आए थे. हम एजेंसी के साथ लगातार सहयोग कर रहे हैं. बाद में ईडी ने भी कार्रवाई के बारे में आधिकारिक तौर पर बताया और साथ ही जब्ती की भी जानकारी दी. पिछले साल इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने भी कर चोरी के मामले में मुंजाल व उनसे जुड़े भवनों की तलाशी ली थी. तब आयकर विभाग के अधिकारियों ने बताया था कि उन्हें गलत तरीके से किए गए 800 करोड़ रुपये के कारोबारी खर्च का पता चला है. उसके अलावा इनकम टैक्स डिपार्टमेंट ने कहा था कि उसे दस्तावेजों से दिल्ली में जमीन खरीदने के लिए 60 करोड़ रुपये की अघोषित आय का इस्तेमाल करने की जानकारी मिली है.



# सोना 300 रुपये मजबूत हुआ, चांदी में 500 रुपये की उछाल



*__नई दिल्ली।__ अंतराष्ट्रीय बाजारों में मजबूत संकेतों के बीच दिल्ली सर्राफा बाजार में सोमवार को सोना 300 रुपये की तेजी के साथ 58,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 58,050 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी भी 500 रुपये की तेजी के साथ 72,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई।*

**वैश्विक बाजार में भी सोने और चांदी की कीमतों में तेजी**- एचडीएफसी सिक्योरिटीज में जिंसों के वरिष्ठ विश्लेषक सौमिल गांधी ने कहा, वैश्विक चिंताओं के बीच सोने की कीमत में शुक्रवार की तेजी को जारी रखने के लिए नई गति मिली। वैश्विक बाजार में सोना और चांदी तेजी के साथ क्रमशः 1,848 डॉलर प्रति औंस और 21.70 डॉलर प्रति औंस पर के भाव पर कारोबार करते दिखे। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज में कमोडिटी रिसर्च के वरिष्ठ उपाध्यक्ष नवनीत दमानी ने कहा कि इजरायल और हमास के बीच झड़पों से मध्य पूर्व में व्यापक संघर्ष का खतरा बढ़ गया है और सोने जैसी सुरक्षित संपत्तियों की मांग बढ़ गई है। **वायदा में भी जोरदार उछाल**- एमसीएक्स के बाद सर्राफा बाजारों में सोने-चांदी के दाम में बंपर उछाल नजर आ रहा है। इजरायल-हमास युद्ध की आग में तपकर सोने की चमक और बढ़ गई है। आज सोना शुक्रवार के बंद भाव की तुलना में 876 रुपये प्रति 10 ग्राम महंगा होकर 57415 रुपये पर खुला, जबकि, चांदी 1889 रुपये की छलांग लगाकर 68984 रुपये पर पहुंच गई है।

# एयर इंडिया का बड़ा फैसला, 14 अक्टूबर तक कैंसिल की इजराइल के लिए फ्लाइट



*__नई दिल्ली।__ इजरायल और फिलिस्तीन के बीच भीषण संघर्ष जारी है. हमास आतंकवादी समूह के हमले के बाद इजराइल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने हमास के खिलाफ युद्ध का ऐलान कर दिया है. भीषण जंग के बीच भारतीय एयरलाइन कंपनी एयर इंडिया ने एक बड़ा फैसला किया है. कंपनी ने 14 अक्टूबर तक इजराइली शहर तेल अवीव से आने-जाने वाली फ्लाइट्स को रद्द कर दिया है.*

इससे पहले शनिवार को नई दिल्ली से तेल अवीव के लिए फ्लाइट संख्या एआई 139 और वापसी की फ्लाइट एआई 140 को रद्द कर दिया गया था.कंपनी के प्रवक्ता ने कहा कि यात्रियों और चालक दल के सदस्यों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए तेल अवीव जाने वाली और वहां से आने वाली सभी फ्लाइट्स 14 अक्टूबर तक रद्द कर दी गई हैं. एयर इंडिया के प्रवक्ता के अनुसार, टिकट बुक कर चुके यात्रियों को उनकी जरूरत के अनुसार पूरा सहयोग दिया जाएगा।

# आरबीआई ने किया आगाह- रिस्क वाले लोन की संख्या बढ़ी, कॉरपोरेट से ज्यादा रिटेल ले रहे कर्ज




**नई दिल्ली।** हाल ही में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने एक प्रकार के लोन को लेकर अपनी चिंता व्यक्त की। इस बारे में हाल ही में हुए मौद्रिक नीतियों के ऐलान के समय आरबीआई गवर्नर शक्तिकांत दास ने अनसिक्योर्ड रिटेल लोन का जिक्र किया और इससे जुड़े संभावित खतरों के बारे में भी बताया। हालांकि उन्होंने यह आश्वासन दिया कि मौजूदा समय में फिलहाल चिंता का कोई कारण नहीं है लेकिन ऐसे क्रेडिट में खतरे की बात को नका रा नहीं जो सकता। दरअसल आरबीआइ ने इस बात को लेकर चिंता जाहिर की है कि देश में कर्जों में तेजी आ रही है पारंपरिक तौर पर रिस्की माना जाता है।

**पिछले दो सालों सिस्टम क्रेडिट ग्रोथ 12-14 फीसदी**- आरबीआई के डिप्टी गवर्नर जे स्वामीनाथन ने बताया कि बीते दो सालों में सिस्टम में क्रेडिट ग्रोथ 12-14 फीसदी देखी गई है, वहीं इसी दौरान रिटेल क्रेडिट 23 फीसदी की दर से बढ़ा। इस वित्त वर्ष में अप्रैल-अगस्त 2023 तक रिटेल क्रेडिट 30.8 फीसदी की दर से बढ़ा जबकि पिछले साल समान अवधि में यह आंकड़ा 19.4 फीसदी पर था। सबसे अधिक तेजी क्रेडिट कार्ड लोन में आई और अप्रैल-अगस्त 2023 में इसकी ग्रोथ सालाना आधार पर 26.8 फीसदी से बढ़कर 30 फीसदी से ऊपर पहुंच गई। इसी के साथ एजुकेशन लोन में भी बढ़त देखी गई है।

# इजरायल पर हमास के हमले से कच्चे तेल में उबाल, 5 फीसदी चढ़ गए भाव

*__नई दिल्ली।__ पिछले सप्ताहांत दुनिया को एक और युद्ध का सामना करना पड़ा। पूर्वी यूरोप में डेढ़ साल से ज्यादा समय तक चले युद्ध के बाद अब पश्चिमी एशिया में एक नया युद्ध शुरू हो गया है. पश्चिम एशिया में उभरे इस तनाव से कच्चे तेल की कीमतों में आग लग गई, जो एक साथ 5 प्रतिशत बढ़ गई।*

पश्चिम एशिया क्षेत्र पूरी दुनिया के लिए बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि दुनिया की कच्चे तेल की जरूरत की एक तिहाई आपूर्ति इसी क्षेत्र से होती है। शनिवार सुबह हमास के इजराइल पर हमले के बाद पश्चिम एशिया में हालात एक बार फिर अस्थिर हो गए. हमास ने इजराइल के खिलाफ इतना भयानक हमला किया कि किसी ने सपने में भी इसकी उम्मीद नहीं की होगी. विश्लेषक इसे इसराइल के इतिहास में पिछले 50 साल का सबसे भीषण हमला मान रहे हैं.

**फिलहाल रुकने के कोई संकेत नहीं हैं**-हमास के हमले में बड़ी संख्या में महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों सहित हजारों लोग मारे गए, जबकि कई लोगों को बंधक बना लिया गया। इसके बाद इजराइल ने आधिकारिक तौर पर युद्ध की घोषणा कर दी. इस युद्ध को लेकर दुनिया भी दो खेमों में बंटी नजर आ रही है. फिलहाल इस बात के कोई संकेत नहीं हैं कि युद्ध जल्द खत्म होगा.

**फिलहाल कच्चे तेल की कीमत इतनी है**-ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, पश्चिम एशिया में युद्ध छिड़ने के बाद कच्चे तेल की कीमत 5 फीसदी तक बढ़ गई. बाजार में युद्ध संबंधी प्रीमियम का दौर लौट आया और इसके चलते वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट 87 डॉलर प्रति बैरल के करीब पहुंच गया. रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, ब्रेंट क्रूड ऑयल में 4.18 डॉलर यानी 4.99 फीसदी की बढ़ोतरी देखी गई और यह 88.76 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया. जबकि डब्ल्यूटीआई 5.11 प्रतिशत बढ़कर 87.02 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल हो गया।

**एक सप्ताह पहले बड़ी गिरावट**-कच्चे तेल की कीमत में यह बढ़ोतरी ऐसे समय में हुई जब कीमतें फिर से धीमी होने लगीं। पिछले हफ्ते ब्रेंट क्रूड फ्यूचर्स में करीब 11 प्रतिशत और फ्यूचर्स में करीब 8 प्रतिशत की गिरावट आई है। मार्च के बाद किसी एक हफ्ते में कच्चे तेल की कीमतों में यह सबसे बड़ी गिरावट है। हालांकि, अब कच्चे तेल में तेजी का रुख लौट आया है।

**बाजार इससे डरा हुआ है**-दरअसल, हमास द्वारा इजराइल के खिलाफ किए गए हमले के तार ईरान से जुड़े हुए हैं. आरोप हैं कि इस हमले में ईरानी खुफिया विभाग का सीधा हाथ है. इसराइल ने हमले का आरोप ईरान पर लगाया है. इजराइल पर हमले के बाद ईरान में जबरदस्त जश्न मनाया गया. ईरान ने हमले के लिए हमास की तारीफ भी की. अब ऐसे में बाजार को डर है कि ईरान से सप्लाई फिर से बाधित हो सकती है, जिससे कच्चे तेल की कीमत में और बढ़ोतरी हो सकती है.



# चीनी की मिठास पर मौसम की मार, भाव 13 साल की ऊंचाई पर



*__नई दिल्ली।__ त्यौहारों का सीजन दस्तक दे चुका है. आने वाले दिनों में लगातार त्योहार पड़ने वाले हैं. हालांकि महंगाई लोगों का त्योहारी मूड बिगाड़ रही है. खासकर खाने-पीने की चीजों की महंगाई से लोग ज्यादा परेशान हैं. इस बीच अब चीनी से भी लोगों का स्वाद बिगड़ने लगा है. ग्लोबल मार्केट में चीनी की कीमतें कई सालों के उच्च स्तर पर पहुंच गई हैं, जिससे घरेलू बाजार में भी दबाव पड़ रहा है.*

**भारत का भी इसमें योगदान**- फूड एंड एग्रीकल्चर ऑर्गेनाइजेशन की एक ताजी रिपोर्ट के अनुसार, चीनी की वैश्विक कीमतें सितंबर महीने में ऐसे उच्च स्तर पर पहुंच गईं, जो करीब 13 सालों में सबसे ज्यादा है. एफएंडओ की मानें तो वैश्विक स्तर पर चीनी की कीमतें बढ़ाने में भारत का भी योगदान है. संगठन का कहना है कि अल नीनो के चलते भारत और थाईलैंड में गन्ने की फसल प्रभावित हुई है. इसका असर चीनी की कीमतों पर दिख रहा है. **नवंबर 2010 के बाद सबसे ज्यादा**- संयुक्त राष्ट्र की कृषि एजेंसी ने बताया कि सितंबर महीने के दौरान ओवरऑल खाने-पीने की चीजों की कीमतें तेजी से बढ़ी हैं. हालांकि चीनी की कीमतें बाकियों की तुलना में ज्यादा बढ़ी हैं. एफएंडओ की चीनी की कीमतों का सूचकांक अगस्त की तुलना में सितंबर महीने के दौरान 9.8 फीसदी बढ़ा. अब सूचकांक नवंबर 2010 के बाद सबसे उच्च स्तर पर पहुंच गया है. **सता रही है इस बात की आशंका**- एफएंडओ का शुगर प्राइस इंडेक्स लगातार दूसरी महीने बढ़ा है. सितंबर महीने की रिकॉर्ड तेजी से पहले अगस्त महीने में भी इस सूचकांक में तेजी देखी गई थी।

# त्यौहारी सीजन के साथ वाहनों की मांग में उछाल, सितंबर में बिक्री 20 प्रतिशत बढ़ी

*__नयी दिल्ली।__ त्योहारी सीजन की शुरुआत के साथ देश में वाहनों की बिक्री में जोरदार उछाल आया है। सितंबर माह में देशभर में वाहन बिक्री में 20 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज हुई है। वाहन डीलर संघों के महासंघ (फाडा) ने सोमवार को बताया कि कुल मिलाकर सितंबर में वाहनों के पंजीकरण का आंकड़ा 18,82,071 इकाई पर पहुंच गया।*

सितंबर, 2022 में यह 15,63,735 इकाई रहा था। फाडा के अध्यक्ष मनीष राज सिंघानिया ने कहा कि आंकड़ों के विश्लेषण से पता चलता है कि सितंबर में वाहन बिक्री में बढ़ोतरी व्यापक रही है। दोपहिया वाहनों की बिक्री में जहां 22 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, वहीं तिपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री में 49 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। यात्री वाहनों की बिक्री में 19 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री में पांच प्रतिशत बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा कि पिछले महीने ट्रैक्टर बिक्री में जरूर 10 प्रतिशत की गिरावट आई है। आंकड़ों के अनुसार, उपलब्धता में सुधार के साथ पिछले महीने वाहनों का पंजीकरण सालाना आधार पर 19 प्रतिशत से अधिक बढ़कर 3,32,248 इकाई हो गया, जबकि सितंबर, 2022 में यह 2,79,137 इकाई था। सिंघानिया ने कहा कि नए उत्पादों की पेशकश की वजह से भी पिछले महीने वाहनों का उठाव बढ़ा है। समीक्षाधीन महीने में



दोपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री 22 प्रतिशत बढ़कर 13,12,101 इकाई हो गई, जो सितंबर, 2022 में 10,78,286 इकाई थी। वहीं वाणिज्यिक वाहनों का पंजीकरण पांच प्रतिशत बढ़कर 80,804 इकाई हो गया। तिपहिया वाहनों की बिक्री 49 प्रतिशत बढ़कर 1,02,426 इकाई हो गई, जबकि सितंबर 2022 में यह 68,937 इकाई थी। ट्रैक्टर की बिक्री घटकर 54,492 इकाई रह गई, जो सितंबर, 2022 में 60,321 इकाईरही थी। सिंघानिया ने कहा कि श्राद्ध 14 अक्टूबर को समाप्त हो रहे हैं। उसके बाद नवरात्र शुरू होंगे। कुल 42 दिन के त्योहारी अवधि में हम बिक्री को लेकर आशान्वित हैं। हमें उम्मीद है कि यह त्योहारी सीजन वाहन खुदरा क्षेत्र के लिए शानदार रहेगा। फाडा ने पिछले महीने देशभर के 1,440 क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) में से 1,352 से वाहनों के पंजीकरण के आंकड़े जुटाए हैं।


**महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज**

फोन- 4067270, 9826035338

प्रति क्विंटल- राहर दाल एवरेज 13000-14000, मीडियम बोल्ड 15000-16000, फाइन 16000-17000, एक्स्ट्रा बोल्ड 17500-18000, चना दाल एवरेज 7500-7800 चना दाल मार्का 7800-8000, मसूर दाल एवरेज 7600-7800, मसूर दाल फाइन 8000-8200, उड़द छिलका 8000-9000, फाइन 9000-10000, उड़द धुली 11000-11500, फाइन 11500-12000, मूंग दाल छिलका 9000-9500, मूंग दाल फाइन 9500-10000, मूंगदाल धुली 10500-11000,फाइन 11000-11500।

चावल - पुराना चावल सरना चालू 3000-3100, बेस्ट 3200-3300, बीपीटी चालू 3400-3500, फाइन 4000-4200,एचएमटी-5000-5200 फाइन-5200-5500 दुबराज भाटापारा 5000-5100, जेजेएल चालू 5200-5300, फाइन 5800-6000, बासमती कनकी चालू 2800-3000, बासमती कनकी मीडियम 3500-3700, बेस्ट 4000-4500, मोगरा-5000-5200, दुबार- 5500-6000, तिबार- 7000-8000, बासमती 9000-10000, बेस्ट 11000-11500 पोहा-4100-4300, फाइन 4300-4400, मुरमुरा-5500-6000, फाइन- 7000-7500, रु.।

**सोहन लाल एण्ड संस**

रसल चौक फोन- 9425156095

सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव-59600 चांदी टंच-70000 चांदी रिफाइन -71400

**दुल्हन श्री आभूषण**

कमानिया गेट, सराफा बाजार-

मो. 9425860998,9826307100

सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव-59600 चांदी टंच-70000

चांदी रिफाइन -71400


**रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं**

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 83. 26 |
| एक यूरो | 87. 79 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 101. 53 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 53· 02 |
| एक जापानी येन | 00· 55 |


**परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.**

864 मारुति शोरूम के सामने

फोन- 2412223,9329428085

जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 112 प्रति कि.

जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 122 प्रति कि.

जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-132 प्रति कि.

जिंदा मुर्गी लेयर कल्स- 77 नेट प्रति किलो

जिंदा काकरेल-मुर्गा- 160 रु. कि लो

(जिंदा थोक फार्म रेट)

**अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स**

शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070

भाव प्रति क्विं.- 5.5 एम एम 6400, 6 एम एम 6400, 8 एम एम 6000, 10 एम एम 5800,12 एम एम, 5 ]00 एवं 16 एम 5800 रु.। तार- 75 रु. किलो।

**देशबन्धु**

ग्राहक सेवा



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट

**टेलर्स वारिस**

शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596

मो.-9424392281, 9425152707

देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज

क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें

**बिना ऑपरेशन**

**डॉ. विश्वास**

राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे

मो: 9827042596

देग्रासे-सी-31/7/22

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें। देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अत: विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।



प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# बिजली की आंख-मिचौनी से आधा शहर हलाकान

## हाई वोल्टेज के कारण इलेक्ट्रिक उपकरण उड़ रहे हैं, कब मिलेगी उपभोक्ताओं को समस्या से निजात

**जबलपुर, देशबन्धु।** शहर में इन दिनों लोग बिजली की आंख मिचौली से परेशान हैं। आधे से ज्यादा नगर इस तरह की समस्या से दो चार हो रहा है। इसमें क्या पॉश इलाके और क्या अन्य रिहायशी इलाके, सभी जगह कमोवेश एक समान स्थिति है। समस्या की गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि अब तो लोगों के घर एवं आफिस और दूसरे स्थानों पर लगे इलेक्ट्रिक उपकरण उड़ने लगे हैं। जहां पर फ्लाई ओव्हर बनाने का काम चल रहा है, उन इलाकों मे भी कभी भी बिजली चली जाती है और कब आयेगी इसका अता-पता किसी को नहीं रहता है।

गौरतलब है कि भले ही जबलपुर स्मार्ट सिटी की श्रेणी में गिना जाने लगा है। परंतु अभी भी पहले की तरह गुणवत्ता विहीन बिजली की आपूर्ति की जा रही है। अनेक स्थानों पर अंडर ग्राउंड बिजली की केबिल के माध्यम से सप्लाई की जा रही है। यह काम स्मार्ट सिटी के अंतर्गत



किया गया। इसके बाद उम्मीद की जा रही थी कि शहर वासियों को उच्च कोटि की बिजली प्रदाय की सेवा मिलने लगेगी, लेकिन धरातल पर ऐसा बिल्कुल भी नही है।

**समस्या से प्रभावित क्षेत्र-** जानकारी के अनुसार नेपियर टाउन, राईट टाउन, सिविल लाइन, दमोहनाका,आधारताल, रांझी, सदर, गढ़ा, बिलहरी, करमेता, माढ़ोताल, विजय नगर इत्यादि ऐसे क्षेत्र हैं जहां बीते कई दिनों से दिन हो रात बिजली की हाई और लो वोल्टेज की समस्या व्याप्त है। सोमवार को भी कई बार इस तरह की परेशानी बनी रही। साथ ही लाइट की आंख मिचौली चल रही थी।

**क्षमता से ज्यादा बिजली का उपयोग-** इधर बिजली वितरण कंपनी से जुड़े सूत्रों का कहना है कि असल में इस तरह की समस्या इसलिये हो रही है, क्योंकि तय खपत के अनुरूप बिजली का उपयोग नहीं किया जा रहा है। इससे ट्रांसफार्मर लोड नहीं ले पाते हैं।

जब-जब क्षमता से अधिक बिजली का उपयोग किया जाता है, उसके बाद उक्त तरह की समस्याएं शुरू हो जाती हैं। नाम न छापने की शर्त पर बिजली वितरण कंपनी के अधिकारियों के मुताबिक सबसे ज्यादा सार्वजनिक जीवन में रहने वाले व्यक्ति या संस्थाओं द्वारा अपने कार्यक्रमों के दौरान संबंधित कनेक्शन या मीटर से अधिक बिजली का उपयोग करती हैं। नियमानुसार ऐसी स्थिति में पहले बिजली की क्षमता को उपयोग के अनुरूप बढ़ाना चाहिये उसके बाद बिजली का उपयोग किया जाना चाहिये जो नहीं हो रहा है।

### फ्रिज, गीजर, टीवी, आदि बिगड़े

इस समस्या के कारण घरों और कार्यालय आदि जगह इस्तेमाल किये जाने वाले इलेक्ट्रिक आईटम उड़ रहे हैं। इसमें फ्रिज, गीजर, टीवी, प्रेस और दूसरे इलेक्ट्रिक सामान शामिल हैं, जो जैसे ही वोल्टेज की समस्या उत्पन्न होती है उसी के साथ इनके बिगड़ने का सिलसिला शुरू हो जाता है। बेवजह लोगों को इससे आर्थिक हानि का सामना करना पड़ रहा है।

# पिकअप की टक्कर से रोड पर गिरे बाइक सवार, ट्रक रौंदते हुये निकल गया



**जबलपुर, देशबन्धु।** जिले में सड़क हादसों का दौर जारी है। बीते दिनों भी पूरे जिलेभर में सड़क हादसे सामने आये हैं। जिसमें करीब आधा दर्जन लोग घायल हुये। इसी कड़ी गौर चौकी क्षेत्र में नागपुर हाईवे में दिल दहला देने वाला घटनाक्रम घटित हो गया। जिसमें एक लोडिंग वाहन ने मोटर सायकिल सवार युवकों को टक्कर मार दी। जिससे दोनों उछलकर सड़क के बीच जा गिरे। अचानक दूसरी ओर से आ रहा ट्रक उन्हें रौंदते हुये निकल गया। हाईवे पर ट्रक की रफ्तार तेज होती है। इसलिये ट्रक चालक रफ्तार काबू नहीं कर सका और युवकों को रौंदते हुये निकल गया। जिससे दोनों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि सोमवार 9 अक्टूबर की शाम गौर चौकी अंतर्गत नागपुर हाईवे पर आंनद ढाबा के समीप पल्सर मोटर सायकिल सवार दो युवकों की दर्दनाक मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल रवाना करते हुए जांच शुरू कर दी है। मौके पर पहुंची पुलिस को प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि पल्सर बाइक सवार युवकों को पहले पिकअप वाहन ने युवकों को टक्कर मारी, जिससे वे उछल कर सड़क पर जा गिरे। युवक गिरकर संभल पाते इसके पहले ही दूसरी ओर से आ रहे ट्रक ने कुचल दिया। युवक दुर्गा नगर भटौली निवासी बताए जा रहे हैं।

# ग्वालियर में दिनदहाड़े सरपंच की गोली मारकर हत्या



**ग्वालियर, देशबन्धु।** ग्वालियर जिले में बाइक सवार बदमाशों ने दिनदहाड़े फायरिंग कर एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक ग्वालियर के ही बनेरी पंचायत का सरपंच बताया गया है और इस हत्याकांड के पीछे पुरानी रंजिश को माना जा रहा है। वारदात को अंजाम देने के बाद बदमाश हथियार लहराते हुये भाग निकले।

जानकारी के मुताबिक घटना पड़ाव थाना क्षेत्र के गांधीनगर इलाके की है। युवक अपनी कार के पास खड़ा था, तभी हमलावर आए और फायरिंग कर दी। युवक को सिर में गोली लगी, जिससे उसकी मौत हो गई। मामले की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। मौके पर 8 से 10 चले हुए कारतूस भी बरामद हुए हैं। स्थानीय निवासी राजू सेंगर ने बताया कि वे अपने निवास पर थे तभी अचानक से उन्हें गोलियां चलने की आवाज सुनाई दी। जब तक वे निकलकर बाहर आए तब तक गोली चलने की आवाज बंद हो चुकी थी और हमलावर भी भाग चुके थे। जब उन्होंने पास जाकर देखा तो एक कार के पास युवक लहूलुहान

### मौके से मिले 8-10 गोली के खोल

हालत में पड़ा था। युवक की पहचान विक्रम रावत के रूप में हुई, जो कि बनेरी पंचायत का सरपंच है और यहां अपने किसी केस के सिलसिले में यहां निवास करने वाले एडवोकेट प्रशांत शर्मा के यहां आया हुआ था।

ग्वालियर एसपी राजेश चंदेल ने बताया कि यहां विक्रम रावत जो कि थाना आरोन के बनेरी पंचायत के सरपंच हैं और यहां किसी वकील से मिलने आए थे। उनकी एक बाइक पर सवार होकर आए दो लोगों और तीन अन्य लोगों ने गोली मार कर हत्या की है।

मृतक का अपने ही गांव के लोगों से कोई पुराना विवाद चल रहा है और उसमें उनकी पेशी भी होनी थी, पुलिस ने फिलहाल हत्या का मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है।

## आठों विधानसभा क्षेत्र के लिए रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन ने विधानसभा निर्वाचन के सुचारू संचालन तथा नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने से लेकर प्राप्त नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा एवं निर्वाचन लड़ने वाले प्रत्याशियों की सूची तैयार करने संबंधी कार्यों के लिये जिले की आठों विधानसभा क्षेत्र के रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की नियुक्ति की है। जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा नियुक्त किये रिटर्निंग अधिकारियों में विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-95 पाटन का रिटर्निंग अधिकारी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व पाटन मानवेन्द्र सिंह को बनाया गया है। तहसीलदार पाटन दिलीप हनवत, तहसीलदार मझौली आदित्य जंघेला एवं नायब तहसीलदार कटंगी निधि शर्मा पाटन विधानसभा क्षेत्र के सहायक रिटर्निंग अधिकारी नियुक्त किये गये हैं।

# रानी कमलापति-जबलपुर-रानी कमलापति वंदे भारत एक्सप्रेस को रीवा स्टेशन तक किया गया विस्तार, 15 अक्टूबर से चलेगी

**जबलपुर, देशबन्धु।** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर रानी कमलापति एवं जबलपुर से रीवा की तेज कनेक्टिविटी के लिए रानी कमलापति-जबलपुर-रानी कमलापति वंदे भारत ट्रेन को रीवा तक बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। 15 अक्टूबर से यह गाड़ी अब रानी कमलापति-रीवा-रानी कमलापति के मध्य चलेगी। इस





ट्रेन को रीवा तक विस्तारित करने से मध्य प्रदेश की राजधानी से महाकौशल परिक्षेत्र के कटनी, मैहर, सतना एवं रीवा शहर के बीच यात्रा करने वाले यात्रियों के बहुमूल्य समय की बचत होगी। 15 अक्टूबर को रानी कमलापति से रीवा के लिए ट्रेन सायं 19.00 बजे के बजाय दोपहर 15.30 बजे रवाना होगी।

### रानी कमलापति-रीवा का समय तय

गाड़ी संख्या 20173 रानी कमलापति से रीवा वंदे भारत ट्रेन (मंगलवार को छोड़कर) 15.10.2023 से अपने संशोधित समय सारिणी के अनुसार रानी कमलापति से 15.30 बजे प्रस्थान कर नर्मदापुरम 16.18 बजे, इटारसी 16.45 बजे, पिपरिया 17.28 बजे, नरसिंहपुर 18.28 बजे, जबलपुर 19.50 बजे पहुंचकर 20.00 बजे प्रस्थान करेगी, कटनी 21.10 बजे, मैहर 22.00 बजे, सतना 22.30 बजे और रात्रि 23.30 बजे रीवा स्टेशन पहुंचेगी।

### रीवा-रानी कमलापति की यह है समय सारिणी

इसी प्रकार वापसी में गाड़ी संख्या 20174 रीवा से रानी कमलापति वंदे भारत ट्रेन (मंगलवार को छोड़कर) 16.10.2023 से नए समय सारणी के अनुसार रीवा स्टेशन से प्रात: 5.30 बजे प्रस्थान कर सतना 6.10 बजे, मैहर 6.40 बजे, कटनी 7.28 बजे, जबलपुर 8.35 बजे पहुंचकर 8.45 बजे प्रस्थान करेगी। उसके बाद नरसिंहपुर 9.40 बजे, पिपरिया 10.40 बजे, इटारसी 11.40 बजे, नर्मदापुरम 12.08 बजे और 13.30 बजे रानी कमलापति स्टेशन पहुंचेगी।

# नाले में घूमता मिला 8 फीट का मगरमच्छ, किसानों में मचा हड़कंप

### वन विभाग ने बान सुजारा बांध में छोड़ा

**छतरपुर, देशबन्धु।** छतरपुर जिले के बड़ामलहरा वन परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम भेलदा में विशालकाय मगरमच्छ निकालकर सामने आया है। जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। जिसे बड़ी मशक्कत के बाद पकड़ा गया है। जहां वन विभाग द्वारा करीब 4 घंटे किए गए रेस्क्यू के बाद उसे बान सुजारा बांध में छोड़ दिया गया है।

जानकारी के अनुसार ग्राम भेलदा में बीती रात को करीब 10 बजे भेलदा के किसान अपने खेतों में ट्रैक्टर से जुताई कर रहे थे, उसी दौरान कुछ किसान राजाघाट नाले के पास बैठे हुये थे। उसी समय नाले से जानवर जैसे चलने की आवाज आई तो किसान उस आहट को सुनकर नाले में देखने गये, जहां विशाल मगरमच्छ घूम रहा था। ग्रामीणों ने रात में वन विभाग को सूचना दी। सूचना मिलते



ही वन विभाग का स्थानीय अमला रात में पहुंचा और 2 घंटे तक सर्चिंग की परंतु जब मगरमच्छ नहीं मिला तो अमला वापस लौट गया। सुबह पुन: भगवां, घुवारा एवं बड़ामलहरा का स्टाफ पहुंचा और समिति एवं सुरक्षाकर्मियों के सदस्यों की मदद से नाले के आसपास सर्चिंग की गयी।

करीब साढ़े चार घंटे तक चले रेस्क्यू के बाद वन विभाग ने करीब आठ फीट दो इंच का विशालकाय मगरमच्छ पकड़ लिया। जिसे बान सुजारा बांध में सुरक्षित छोड़ दिया गया।

# अनियंत्रित होकर पलट गई बस, 15 घायल, महिला की हालत नाजुक

**शहडोल, देशबन्धु।** रीवा से शहडोल आ रही नफीस कंपनी की बस सोमवार सुबह खनोधी के पास अनियंत्रित होकर पलट गई। बस में सवार 15 यात्री घायल हुए हैं। एक महिला की हालत नाजुक बताई जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोग और पुलिस मौके पर पहुंचे। उन्होंने यात्रियों को बस से बाहर निकाला और घायलों को अस्पताल भिजवाया।

बस रीवा से शहडोल की ओर आ रही थी, तभी गोहपारू से 13 किलोमीटर पहले ही अनियंत्रित हो गई। शहडोल-रीवा के मुख्य मार्ग पर यह बस पलट गई। बस पलटने के बाद शहडोल-रीवा मार्ग पूरी तरीके से बाधित हो गया। बस सड़क के बीचो-बीच पलटी थी। घटना की जानकारी स्थानीय लोगों ने पुलिस को दी। सूचना लगते ही गोहपारू पुलिस घटनास्थल पहुंची। स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को बस के बाहर निकाला है। बस को क्रेन एवं



जेसीबी के माध्यम से बस को सड़क के किनारे पुलिस द्वारा कराया जा रहा है।

थाना प्रभारी का कहना है कि बस में सवार 15 लोगों को चोट पहुंची है। उसमें एक महिला गंभीर घायल है। सभी घायलों को अस्पताल में भिजवाया गया है। घायलों का उपचार शुरू हो गया है। फिलहाल किसी की मौत की खबर नहीं है।

# पति के जीवित रहते दूसरा विवाह करने वाली महिला पर होगा प्रकरण दर्ज

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी आनंद बागरी की अदालत ने पति के जीवित रहते दूसरा विवाह करने के मामले को सख्ती से लिया। अदालत ने सपना उर्फ मोनू पासी निवासी सेठी नगरए गोरखपुर के विरुद्ध प्रकरण दर्ज करने का आदेश पारित किया। इसके साि ही महिला को 4 नवंबर 2023 को उपस्थित होने के निर्देश दिये है। यह परिवाद बिलहरी निवासी लोकेश कुमार राव की ओर से दायर किया गया है। जिसकी ओर से अधिवक्त संदेश दीक्षित ने पक्ष रखा। आवेदक की ओर से कहा गया कि उनका विवाह 10 मई 2017 को सपना उर्फ मोनू पासी के साथ हिंदू रीति-रिवाज से हुआ था। विवाह समारोह में संतोष पासी, राधा पासी, सहित अन्य लोग शामिल हुए थे। विवाह के पूर्व सपना उर्फ मोनू ने जानकारी दी थी कि उसका पहला विवाह दुर्गा प्रसाद के साथ हुआ था, जिसकी मृत्यु हो चुकी है। जबकि हकीकत यह है कि वह जिंदा है। जिससे स्पष्ट है कि पहले पति के जिंदी रहते, उससे तलाक लिए बिना सपना उर्फ मोनू ने धोखाधड़ी से दूसरा विवाह किया है।

स्वयं दुर्गा प्रसाद ने अदालत में आवेदन पेश किया है। जिससे साफ है कि पहले पति के जीवित रहने का तथ्य छिपाकर परिवादी को धोखा दिया गया है। इसलिये महिला के खिलाफ प्रकरण दर्ज होना चाहिये। पुलिस में मामले की शिकायत की गई थी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की गई।

# महिला बंदियों का फैशन डिजाइनिंग का कोर्स संपन्न

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा केन्द्रीय जेल में बंदियों के लिए आयोजित चार माह का फैशन डिजाइनिंग का कोर्स प्रायोगिक परीक्षा के साथ संपन्न हुआ। इसमें 20 महिला बंदियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। यह प्रशिक्षण मई माह में शुरू हुआ था, जिसकी प्रेक्टिकल परीक्षा सोमवार को हुई।

कोर्स कराने का उद्देश्य बंदियों को कौशल प्रदान कर अपनी आजीविका कमाने के लिए समर्थ बनाना है। फैशन डिजाइनिंग के साथ-साथ बंदियों को अन्य कई कोर्स कराए जा रहे हैं। महिला पॉलिटेक्निक कॉलेज की प्राचार्य बीपी गुप्ता ने उक्त कोर्स का मॉड्यूल तैयार किया था। जिसमें विभागाध्यक्ष नीलम अग्रवाल ने भी सहयोग किया।









# अफसर के करीबी ने अटकायी मूंग घोटाले की जांच



### समय सीमा में होनी थी जांच, भोपाल में बैठे अधिकारी के दबाव में मामला अटका

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिले के करीब 10 वेयरहाउस में मिली घटिया मूंग की जांच लगभग पूरी हो चुकी है, लेकिन भोपाल में बैठे एक प्रशासनिक अफसर के करीबी वेयरहाउस मालिक ने पूरी जांच को अटका रखा है। अफसर के डर से जांच दल लगातार हीले-बहाने कर रहा है, लेकिन अब बात बाहर आ चुकी है। जांच दल का कहना है कि 10 में से 9 वेयरहाउस की जांच रिपोर्ट में एसडीएम के हस्ताक्षर हो चुके हैं, सिर्फ एक में नहीं हुये हैं। जांच दल के सदस्य ये नहीं बता पा रहे हैं कि आखिर ये एक ही रिपोर्ट हस्ताक्षर से क्यों बची हुई है।

खबर है कि रिपोर्ट में कुछ ऐसा है, जो वेयरहाउस मालिकों को संकट में डाल सकता है।

### घोटाले पर एक नजर

इन वेयरहाउस में रखी मूंग को ई-टेंडरिंग के माध्यम से बेचा जाना था,लेकिन क्वालिटी खराब होने के कारण खरीददारों ने मूंग को खरीदने से इंकार कर दिया। जांच हुई तो पता चला कि मूंग में बड़ी मात्रा में मिट्टी मिली हुई है। शिकायत वेयर हाउसिंग एंड लॉजिस्टिक्स कार्पोरेशन तक पहुंच गयी। ये घोटाला करोड़ों रूपये तक पहुंच गया तब जांच दल गठित कर इन्वेस्टीगेशन का फरमान जारी किया गया तब से अब तक जांच ही चल रही है। ये सब कुछ सितंबर महीने से जारी है।

अन्य वेयरहाउस मालिक तो शांत बैठे हुये हैं, लेकिन एक वेयरहाउस मालिक की तरफ से भोपाल से खासा दबाव डाला जा रहा है। सूत्रों का दावा है कि इस दबाव के आगे स्थानीय प्रशासनिक अधिकारी भी ज्यादा कुछ कर नहीं पा रहे हैं। आशंका है कि अधिकारी के दबाव के कारण इतना बड़ा घोटाला कहीं दबा न दिया जाए।

जांच के दायरे में एकता वेयर हाउस, जय गोविंद वेयर हाउस, राजपूत वेयर हाउस, सुब्रत वेयर हाउस, सिद्वार्थ वेयर हाउस, आयुष एग्रो वेयर हाउस, महादेव वेयर हाउस, राज वेयर हाउस, बड़खेड़ा की एमपीडब्ल्यूएलसी गोदाम, भेड़ाघाट का भगवती वेयर हाउस और चरगवां का मयंक वेयर हाउस हैं। पहले एक वेयरहाउस में घटिया मूंग मिली थी,लेकिन धीरे-धीरे घटिया मूंग के ढेर हर वेयरहाउस से निकलने लगे तब पता चला कि ये गड़बड़ी संगठित तरीके से की गयी है।

